RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 63
नई दिल्ली, शुक्रवार, 6 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण



नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




संजू सैमसन टी-20 श्रृंखला से बाहर

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# हल्द्वानी में 4000 घरों पर अभी नहीं चलेगा बुलडोजर

## सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के आदेश पर लगाई रोक, उत्तराखंड सरकार और रेलवे को नोटिस जारी

- सात दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने के आदेश पर भी उठाया सवाल
- कहा-मानवीय पहलू का भी रखना होगा ध्यान, अगली सुनवाई सात फरवरी को

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में रेलवे के दावे वाली 29 एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाने के उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी और सर्दी के मौसम में अपना आशियाना ढहाए जाने की आशंका में परेशान हो रहे लोगों को बड़ी राहत प्रदान की। न्यायालय ने इसे मानवीय मुद्दा बताते हुए कहा कि 50,000 लोगों को रातोंरात नहीं हटाया जा सकता।

विवादित भूमि पर बसे लोग अतिक्रमण हटाने के आदेश के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका दावा है कि उनके पास भूमि का मालिकाना हक है। इस बीच, न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति ए. एस. ओका की पीठ ने कहा कि (इस विवाद का) एक व्यावहारिक समाधान खोजने की जरूरत है। रेलवे के मुताबिक, उसकी भूमि पर 4,365 परिवारों ने अतिक्रमण किया है। चार हजार से अधिक परिवारों से संबंधित लगभग 50,000 व्यक्ति विवादित भूमि पर निवास करते हैं, जिनमें से अधिकांश मुस्लिम हैं। शीर्ष अदालत ने साथ ही रेलवे तथा उत्तराखंड सरकार से हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब भी मांगा। पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाता है।

इस बीच, उस आदेश पर रोक रहेगी जिसे चुनौती दी गई है। पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि उन लोगों को अलग करने के लिए एक व्यावहारिक व्यवस्था आवश्यक है, जिनके पास भूमि पर कोई अधिकार न हो... साथ ही रेलवे की जरूरत को स्वीकार करते हुए पुनर्वास की योजना भी जरूरी है, जो पहले से ही मौजूद हो सकती है। न्यायालय ने इसके साथ ही मामले की अगली सुनवाई के लिए सात फरवरी की तारीख मुकर्रर की। शीर्ष अदालत ने कहा कि लोगों को बेदखल करने के लिए अर्द्धसैनिक बलों को लगाए जाने का आदेश देना उचित नहीं कहा जा सकता। उच्च न्यायालय ने गत साल 20 दिसंबर को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में कथित रूप से अतिक्रमित रेलवे भूमि पर निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश दिया था।

उसने निर्देश दिया था कि अतिक्रमण करने वालों को एक सप्ताह का नोटिस दिया जाए, जिसके बाद उन्हें वहां से बेदखल किया जाए। अदालत ने अपने आदेश में कहा था, रेलवे अधिकारी अतिक्रमण खाली करने के लिए एक सप्ताह का नोटिस देने के (शेष पेज 8)

## बनभूलपुरा के निवासियों ने आदेश का किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** हल्द्वानी/देहरादून

**रेलवे** की 29 एकड़ भूमि से अतिक्रमण हटाने के उत्तराखंड उच्च न्यायालय के फैसले पर उच्चतम न्यायालय की रोक के आदेश से हल्द्वानी जिले के बनभूलपुरा के उन लोगों को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें अपना घर ढहाए जाने का डर सता रहा था। शहर में रेलवे स्टेशन के निकट इस क्षेत्र के रहने वाले एक अन्य निवासी ने कहा, हम उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं। हमारे पास दस्तावेज हैं।

बनभूलपुरा, शेष हल्द्वानी की तरह नजूल भूमि पर स्थित है। अगर आप हमें हटाते हैं, तो आपको पूरे हल्द्वानी को हटाना होगा। हमारे साथ यह भेदभाव क्यों? इससे पहले स्थानीय लोगों ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली अपनी याचिकाओं पर सुनवाई से पहले यहां एक मस्जिद के सामने धरना दिया और नमाज अदा की। स्थानीय वरिष्ठ निवासी अहमद अली ने कहा, पूरी दुनिया के मुसलमान शीर्ष अदालत की तरफ उम्मीद से देख रहे हैं। लोग यहां 100 से अधिक सालों से रहते आ रहे हैं। उनके पास साक्ष्य एवं दस्तावेज हैं। हमें उम्मीद है कि शीर्ष अदालत न्याय करेगी और ऐसा आदेश देगी जो हमारे अनुकूल होगा। एक अन्य निवासी नईम ने दावा किया कि उनके पूर्वज पिछले 200 सालों से यहां रहते आ रहे हैं। जिले के मंगलौर से कांग्रेस के पूर्व विधायक और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव काजी निजामुद्दीन ने कहा, इलाके में दो इंटर कॉलेज, विद्यालय, अस्पताल, पानी टंकी और 1970 में बिछाई गई सीवर लाइन भी है। यहां एक मंदिर और एक मस्जिद भी है।



नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद हल्द्वानी के बनभूलपुरा से आए लोगों की आंखों से छलक पड़े राहत के आंसू।

# एक जनवरी 2024 को खुल जाएगा राम मंदिर : शाह

- चुनावी वर्ष में मजबूत शुरुआत के गृह मंत्री दिए संकेत, मंदिर का खुलना भाजपा के लिए मील का पत्थर होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** सबरूम

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी राज्य त्रिपुरा में एक रैली को संबोधित करते हुए बृहस्पतिवार को घोषणा की कि अगले साल देश में होने वाले आम चुनावों से पहले एक जनवरी तक अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। शाह की घोषणा को अगले आम चुनाव में भाजपा के अभियान में राम मंदिर को फिर से शामिल करने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

भगवा पार्टी राम मंदिर का मुद्दा 1990 से उठा रही है, जब भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने इस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने के लिए रथयात्रा निकाली थी। कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3,500 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा, राहुल बाबा, सबरूम से सुनिए, एक जनवरी 2024 तक भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट के सचिव चंपत राय और राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्एंद्र दास ने इस हफ्ते के शुरू में अलग-अलग बयान जारी कर भारत जोड़ो यात्रा के लिए राहुल गांधी की प्रसंशा की थी। त्रिपुरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथियों ने लंबे समय तक राम मंदिर के (शेष पेज 8)



दक्षिण त्रिपुरा में एक रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## भाजपा ने आतंकवाद खत्म किया: गृहमंत्री

**धर्मनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि त्रिपुरा में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश से आतंकवाद का सफाया कर इस पूर्वोत्तर राज्य में चहुंमुखी विकास किया है। शाह ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों का अपार प्यार और विश्वास स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा, हमने एनएलएफटी (नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा) के साथ शांति वार्ता के माध्यम से आतंकवाद को खत्म किया और राज्य में आंतरिक रूप से विस्थापित ब्रू समुदाय को फिर से बसाया है। गृह मंत्री आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राज्य (शेष पेज 8)

# सम्मेद शिखरजी पर नहीं होंगी पर्यटन गतिविधियां

- केंद्र ने लगाई रोक, झारखंड सरकार को पारसनाथ पहाड़ी की शुचिता अक्षुण्ण रखने के दिए निर्देश
- केंद्र सरकार गजट अधिसूचना रद्द करे: कांग्रेस
- सोरेन ने उचित निर्णय लेने का किया आग्रह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/रांची

**यद्यपि** केंद्र सरकार ने झारखंड में जैनियों के धार्मिक स्थल सम्मेद शिखरजी से संबंधित पारसनाथ पहाड़ी पर सभी प्रकार की पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगा दी और झारखंड सरकार को इसकी शुचिता अक्षुण्ण रखने के लिए तत्काल सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए, लेकिन अब आदिवासी भी मैदान में कूद पड़े हैं और उन्होंने इस इलाके पर अपना दावा जताया है तथा इसे मुक्त करने की मांग की है। कांग्रेस ने केंद्र से गजट अधिसूचना रद्द करने की मांग की है तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उचित निर्णय लेने का आग्रह किया है।

संथाल जनजाति के नेतृत्व वाले राज्य के आदिवासी समुदाय ने पारसनाथ पहाड़ी को मरांग बुरु (पहाड़ी देवता या शक्ति का सर्वोच्च स्रोत) करार दिया है और उनकी मांगों पर ध्यान न देने पर विद्रोह की चेतावनी दी है। देश भर के जैन धर्मावलम्बी पारसनाथ पहाड़ी को पर्यटन स्थल के रूप में नामित करने वाली झारखंड सरकार की 2019 की अधिसूचना को रद्द करने की मांग कर रहे हैं, उन्हें डर है कि उनके पवित्र स्थल पर मांसाहारी भोजन और शराब का सेवन करने वाले पर्यटकों का तांता लग जाएगा। अंतरराष्ट्रीय संथाल परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष नरेश कुमार मुर्मू ने दावा किया, अगर सरकार मरांग बुरु को जैनियों के चंगुल से मुक्त करने में विफल रही तो पांच राज्यों में विद्रोह होगा। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि सरकार दस्तावेजीकरण के आधार पर कदम उठाए। (वर्ष) 1956 के राजपत्र में इसे मरांग बुरु के रूप में उल्लेख किया गया है।.. जैन समुदाय अतीत में पारसनाथ के लिए कानूनी लड़ाई हार गया था। संथाल जनजाति देश के सबसे बड़े अनुसूचित जनजाति समुदाय में से एक है, जिसकी झारखंड, बिहार, ओडिशा, असम और पश्चिम बंगाल में अच्छी खासी आबादी है और ये प्रकृति पूजक हैं। मुर्मू ने दावा किया कि परिषद की संरक्षक स्वयं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और इसके अध्यक्ष असम के पूर्व सांसद पी मांझी हैं। एक अन्य आदिवासी संगठन आदिवासी सेंगल अभियान (एएसए) ने भी यह आरोप लगाया कि जैनियों ने संथालों के सर्वोच्च पूजा स्थल पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है।

इसके अध्यक्ष पूर्व सांसद सलखन मुर्मू ने चेतावनी दी कि अगर केंद्र और राज्य सरकार इस मुद्दे को हल करने तथा आदिवासियों के पक्ष में निर्णय देने में विफल रहे तो उनका समुदाय पूरे भारत में सड़कों पर उतरेगा। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने इस संबंध में राज्य सरकार को एक कार्यालय ज्ञापन भेजा है। यह घटनाक्रम इस मुद्दे पर दिन के पूर्वार्द्ध में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की जैन समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात के बाद सामने आया (शेष पेज 8)

## कुणाल कामरा के खिलाफ केस की सुनवाई से अलग हुए सीजेआई

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका के खिलाफ कथित निंदनीय ट्वीट को लेकर हास्य कलाकार कुणाल कामरा के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग वाली याचिकाओं की सुनवाई से बृहस्पतिवार को खुद को अलग कर लिया। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाओं पर विचार किया और कहा, हम इस मामले को एक पीठ के समक्ष रखेंगे, जिसका मैं (सीजेआई) हिस्सा नहीं रहूंगा, क्योंकि टिप्पणी (ट्वीट) उस आदेश पर की गई थी, जिसे मैंने पारित किया है। पीठ में न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा भी शामिल थे। पीठ ने मामले को दो सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और सीजेआई अपनी प्रशासनिक क्षमता में अब इस मामले को किसी अन्य पीठ को सौंपेंगे। कामरा ने 11 नवंबर, 2020 को उस वक्त ट्वीट करना शुरू किया था जब शीर्ष अदालत 2018 में आत्महत्या के (शेष पेज 8)

# कंझावला मामले में दो और आरोपियों की तलाश

- पकड़े गए आरोपियों को बचाने का संदेह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कंझावला** घटना में दिल्ली पुलिस की फजीहत हो रही है। पुलिस एक गलती को छुपाने चक्कर में अब कई गलतियां करती जा रही है। इस केस में बृहस्पतिवार को दो नए आरोपियों के नाम का खुलासा किया है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि वह उन दो लोगों की तलाश में जुटी है जिन पर कंझावला हादसे के आरोपियों को बचाने की कोशिश करने का शक है।

घटना में आरोपियों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाने की मांगों के बीच पुलिस ने कहा कि उन्हें ऐसा कुछ नहीं मिला है जिससे यह सामने आए कि आरोपियों और अंजलि सिंह का पहले से कोई संपर्क था। हत्या का आरोप लगाने के लिए कत्ल की मंशा को साबित करने की जरूरत होती है। इस बीच आरोपियों की पुलिस हिरासत बृहस्पतिवार को खत्म होने पर पुलिस ने पांचों आरोपियों को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट सान्या दलाल की अदालत में पेश किया। उसने पूछताछ के लिए आरोपियों की पांच दिन की और हिरासत की मांग की लेकिन अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद उन्हें चार दिनों तक हिरासत में रखने की अनुमति दे दी।

विशेष पुलिस आयुक्त सागर प्रीत हुड्डा ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 18 टीमें मामले की जांच कर रही हैं और हर पहलू पर गौर किया जा रहा है। उन्होंने अंजलि के परिवार के इन दावों को भी नकार दिया कि पुलिस ने उसकी दोस्त निधि के बारे में कभी नहीं सुना था या उससे कभी मुलाकात नहीं की थी। 29 से 31 दिसंबर के बीच अंजलि और निधि के बीच करीब 25 से 30 बार बातचीत हुई थी। निधि ने दावा किया था कि वह तब अंजलि के साथ थी जब बलेनो कार ने उनके दो पहिया वाहन को टक्कर मारी थी और अजंलि कार के पहिए में फंस गई थी और फिर उसकी मौत हो गई।

अंजलि के परिवार ने बुधवार को निधि के दावे पर सवाल किया था। निधि डर की वजह से मौके से भाग गई थी और किसी को भी कुछ नहीं बताया था। हुड्डा ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और कॉल डिटेल के रिकॉर्ड के आधार पर दो और लोगों की संलिप्तता सामने आई है और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। इन दोनों लोगों की पहचान आशुतोष और अंकुश के रूप में हुई है जो कथित तौर पर आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रहे थे। मामले में दीपक खन्ना और अमित खन्ना, कृष्ण, मिथुन और मनोज मित्तल को गिरफ्तार किया जा चुका है। अंकुश, अमित का भाई है। अमित के पास ड्राइविंग लाइसेंस (शेष पेज 8)



संवाददाता सम्मेलन में विशेष पुलिस आयुक्त सागर प्रीत हुड्डा। फोटोः रंजन डिमरी

## नववर्ष की पूर्व संध्या से लापता युवकों के शव बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**गाजियाबाद** में नववर्ष की पूर्व संध्या से लापता दो युवकों के शव एक खेत से बरामद किए गए हैं, जिनके चेहरे जले हुए थे। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उन अवैध फैक्ट्री संचालकों को पकड़ने के लिए पुलिस की पांच टीम का गठन किया गया है, जिन पर इलाके में प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के खिलाफ लगातार आवाज उठाने वाले युवकों की हत्या के आरोप में मुकदमा का मामला दर्ज किया गया है। टीला मोड़ थाना क्षेत्र के रिस्ताल गांव के दुर्गेश कसाना (25) और गौरव कसाना (24) गत 31 दिसंबर की शाम को नया साल मनाने निकले थे, लेकिन वे नहीं लौटे, जिसके बाद अगले दिन प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पुलिस ने बताया कि बुधवार शाम कुछ राहगीरों ने एक खेत में दुर्गेश और गौरव के शव देखे। उन्होंने बताया कि पहचान छिपाने के लिए युवकों (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,353 | ⬇ | 304 | |
| निफ्टी | 17,992 | ⬇ | 50 | |
| सोना | 55,994 | ⬇ | 201 | /10g |
| चांदी | 69,286 | ⬇ | 1475 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### अफगानिस्तान में भूकंप, दिल्ली में महसूस किए गए झटके

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में बृहस्पतिवार को 5.9 तीव्रता का भूकंप आया और दिल्ली तथा आसपास के क्षेत्रों में भी इसके झटके महसूस किए गए। अभी तक किसी के घायल होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नही है। अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में रात्रि करीब 7:55 बजे भूकंप आया। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के फायजाबाद के 79 किलोमीटर दक्षिण में 200 किलोमीटर की गहराई में था। दिल्ली में एक सप्ताह में दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। गत एक जनवरी को हरियाणा के झज्जर में 3.8 तीव्रता का भूकंप आया था और इसके झटके दिल्ली तथा आसपास के क्षेत्रों में महसूस किए गए थे।

# उड़ान के दौरान सहयात्री पर पेशाब करने की घटना पर डीजीसीए सख्त

- अधिकारियों व चालक दल के सदस्यों को कारण बताओ नोटिस
- दस दिन बाद एयर इंडिया की पेरिस से नई दिल्ली उड़ान में फिर हुई ऐसी ही घटना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नागर** विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पिछले साल 26 नवंबर को न्यूयॉर्क-दिल्ली उड़ान के दौरान यात्री पर पेशाब करने के अप्रत्याशित मामले में एयर इंडिया की निष्क्रियता पर सख्त रवैया अपनाते हुए खिंचाई की है।

वहीं, 10 दिन बाद इसी तरह का एक दूसरा मामला एयर इंडिया के 142 विमान में पेरिस-नई दिल्ली हवाई यात्रा के दौरान आया है, जिसमें शराब के नशे में यात्री ने बुजुर्ग महिला यात्री के कंबल पर पेशाब कर दिया। डीजीसीए ने न्यूयॉर्क-दिल्ली उड़ान के दौरान हुई इस घटना पर एयर इंडिया के अधिकारियों और क्रू (चालक दल) सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए गैर पेशेवर और प्रणालीगत विफलता बताया है।

नोटिस में कहा गया है कि क्यों न एयर इंडिया के अधिकारियों और क्रू सदस्यों के खिलाफ ड्यूटी में लापरवाही के लिए कार्रवाई की जाए। नशे में महिला यात्री पर पेशाब करने वाले यात्री की पहचान शेखर मिश्रा के रूप में हुई है जिसकी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। दिल्ली पुलिस के अनुसार मिश्रा एक कारोबारी है जो मुंबई के मीरा रोड क्षेत्र में रहता है, फिलहाल वह अपने मुंबई आवास पर मौजूद नहीं है। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने कहा कि अगर मिश्रा सहयोग नहीं करता है तो उसके (शेष पेज 8)

# सर्दी का सितम जारी, दिल्ली दो साल में सबसे ठंडी

## तीन डिग्री तक लुढ़का पारा, उत्तर भारत में शीत लहर का प्रकोप, कोहरे से रेल यातायात प्रभावित

- राष्ट्रीय राजधानी ने न्यूनतम तापमान में कई पहाड़ी इलाकों को भी पीछे छोड़ा, आरेंज अलर्ट जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तर** भारत के कई हिस्सों को बृहस्पतिवार सुबह शीत लहर का सामना करना पड़ा, जबकि घने कोहरे के चलते रेल परिचालन प्रभावित हुआ। राष्ट्रीय राजधानी में जबरदस्त शीत लहर के चलते बृहस्पतिवार को मौसम की सबसे सर्द सुबह दर्ज की गई, जब पारा तीन डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया।

यह बीते दो वर्षों में जनवरी में दिल्ली में दर्ज सबसे न्यूनतम तापमान भी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, बृहस्पतिवार को दिल्ली में कई पहाड़ी इलाकों से ज्यादा ठंड दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान डलहौजी (4.9 डिग्री सेल्सियस), धर्मशाला (5.2 डिग्री सेल्सियस), कांगड़ा (3.2 डिग्री सेल्सियस), शिमला (3.7 डिग्री सेल्सियस), देहरादून (4.6 डिग्री सेल्सियस), मसूरी (4.4 डिग्री सेल्सियस) और नैनीताल (6.2 डिग्री सेल्सियस)से भी कम रहा।

जम्मू-कश्मीर में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जहां राजधानी श्रीनगर में बुधवार की रात मौसम की सबसे सर्द रात बनकर उभरी। इस दौरान पारा शून्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया, जो बीते पांच वर्षों में श्रीनगर में जनवरी के महीने में दर्ज दूसरा सबसे न्यूनतम तापमान है। मंगलवार को श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा था। आईएमडी ने कहा कि बृहस्पतिवार सुबह उत्तर भारत के कई हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता घटकर 50 मीटर तक रह गई। विभाग के मुताबिक, आने वाले कुछ हफ्तों तक यही स्थिति बरकरार रहेगी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि कोहरे के कारण कम से कम 12 ट्रेन डेढ़ से छह घंटे की देरी से चल रही हैं, जबकि दो रेलगाड़ियों के समय में बदलाव करना पड़ा है। आईएमडी के अनुसार, शून्य से 50 मीटर तक दृश्यता बहुत घने, 51 मीटर से 200 मीटर तक घने, 201 मीटर से 500 मीटर तक मध्यम और 501 मीटर से 1000 मीटर तक दृश्यता हल्के कोहरे की श्रेणी में आती है।

राजस्थान में अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनू और करौली सहित कई जिलों में भीषण शीत लहर का प्रकोप जारी रहने के पूर्वानुमान के मद्देनजर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के लिए भी बृहस्पतिवार और शुक्रवार के वास्ते ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग के (शेष पेज 8)



नई दिल्ली में सर्द मौसम में कर्तव्य पथ पर चहलकदमी करते युवा। फोटोः रंजन डिमरी

## सार्वजनिक सूचना

**ICICI Bank** | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दिनेश कुमार, दर्शना, ई–198, डा. अम्बेडकर नगर, सेक्टर–5, दक्षिण पुरी, नई दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00001898530 | प्लॉट नंबर 31, भू तल, ब्लॉक–5, इरोस गार्डन, चार्मवुड ग्राम, सूरजकुंड रोड, फरीदाबाद | 09–12–2022 रू. 35,57,303/– | 30/07/2022 |
| 2. | घनश्याम दास गुप्ता, शोभा काड्र्स प्रा. लि., राजेश्वर कुमार गुप्ता, 35, सिविल लाइन्स, राजपुर रोड, दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00001919526 | टी–18–402, चतुर्थ तल, टावर– टी 18, ला ट्रॉपिकाना सिविल लाइन्स, खैबर पास, दिल्ली | 09–12–2022 रू. 43,61,817/– | 09/09/2021 |
| 3. | नित्यानंद सिंह, कृष्ण कुमार सुमन, 244/90, मंडावली ऊंचेपर, पटपड़गंज, दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00005610013 | फ्लैट नंबर ए–306, तृतीय तल, नगर निगम स्काई टावर, अलीगढ़, आवास विकास कालोनी, सासनी गेट, परगना और तहसील कोइल, अलीगढ़ | 09–12–2022 रू. 41,11,357/– | 12/09/2022 |
| 4. | सचिन गर्ग, ममता गर्ग, बृज मोहन, 3ई/116, एनई राज नगर, गाजियाबाद/ खाता नंबर :– LBNOD00005193966 | फ्लैट नंबर सी3/804, 8वां तल, टावर–सी–3, प्लॉट नंबर 4/बीएस–01 एवं 4/बीएस–05, ग्रैंड कार्नेसिया, सिद्धार्थ विहार, एनएच–24, गाजियाबाद | 09–12–2022 रू. 29,56,700/– | 30/12/2021 |
| 5. | संतोष कुमार सिंह, दीपिका सिंह, फ्लैट नंबर एससी जैन सोसायटी, गोविंदपुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201013/ खाता नंबर :– LBGHZ00005309512 | फ्लैट नंबर 5903, द्वितीय तल, ब्लॉक डी, आरएलएफ "दि पार्क", सेक्टर–54, भिवाडी, राजस्थान | 09–12–2022 रू. 26,72,236/– | 03/09/2022 |
| 6. | सतीश कुमार सिंह, पूजा सिंह, 1403, ईएम–2, गार्डेनिया ग्लैमर, सेक्टर–3, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश,/ खाता नंबर :– LBGHZ00005973843 | प्लॉट नंबर ई–14, ब्लॉक ई, चतुर्थ तल, (छत अधिकार के साथ) राज गार्डन सिटी, राज नगर एक्सटेंशन, खसरा नंबर 1085, 1086, 1088, 1089 एवं 1135एम, ग्राम नूर नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 09–12–2022 रू. 29,62,472/– | 05/09/2022 |
| 7. | शारदा देवी, संदीप कुमार, ए–79, हिमालय अपार्टमेंट्स, सेक्टर–2, रोहिणी, दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00004899286 | फ्लैट नंबर 207, तृतीय तल, पाकेट–07, सेक्टर–21, रोहिणी आवासीय स्कीम, रोहिणी, दिल्ली | 09–12–2022 रू. 48,98,655/– | 03/09/2022 |
| 8. | वीणा शेट्टी, हरि शेट्टी, फ्लैट नंबर 402, टावर जैली पाम डी, ओमैक्स पाम ग्रीन, सेक्टर एमयू ग्रेटर नोएडा/ खाता नंबर :– LBNOD00002436126 | फ्लैट नंबर 7185, 18वां तल, टावर–07, एटीएस एल्योर, प्लॉट नंबर पी7/टीएस 02ए, सेक्टर–22डी, यमुना एक्सप्रेसवे, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा | 09–12–2022 रू. 40,37,134/– | 06/01/2021 |
| 9. | विनय कुमार, मोना, फ्लैट नंबर 28, पाकेट–2, ग्रीन न्यू अपार्टमेंट, सेक्टर–19, दिल्ली/ खाता नंबर :– LBGUR00002001797 | फ्लैट नंबर 304, तृतीय तल, टावर–1, कालोनी स्पायर वुड्स, सेक्टर–103, गुरूग्राम | 09–12–2022 रू. 41,84,734/– | 09/09/2021 |
| 10. | अजीत कुमार सिंह, रीता सिंह, बी 4, गली नंबर प्रथम तल, वेस्ट बिनोद नगर, निकट मंगलम हॉस्पिटल, दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00002453642 | फ्लैट नंबर ओ–2503, 25वां तल, टावर–ओ, अजनारा ली गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच–02, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा, वेस्ट नोएडा | 09–12–2022 रू. 26,11,957/– | 31/10/2021 |
| 11. | अमरेन्द्र कुमार, चन्द्र मुखी, 471, पश्चिमाबाद, जे.एन.यू. दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00001104826 | फ्लैट नंबर डी01/044/4, प्रथम तल, दिलशाद कालोनी एक्सटेंशन–2, गाजियाबाद | 09–12–2022 रू. 5,42,449/– | 31/01/2021 |
| 12. | अनु मेहता, चेतना मेहरा, बी 8, सेक्टर–40, नोएडा/ खाता नंबर :– LBNOD00002386242 | फ्लैट नंबर 1201ए, 12ए तल, (एलई 13वां तल) टावर–ए, प्लॉट नंबर 1, ईको सिटी मैक्सब्लिस ग्रैंड वेलिंगटन, ईको सिटी, सेक्टर–75, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर | 09–12–2022 रू. 23,85,944/– | 03/09/2022 |
| 13. | अरूण शर्मा, मोनिका शर्मा, फ्लैट नंबर एफ–311, चतुर्थ एवेन्यू गौड़ सिटी–01, ग्रेटर नोएडा, वेस्ट गौतमबुद्ध नगर, नोएडा/ खाता नंबर :– LBNOD00004905002 | फ्लैट नंबर 230180, 21वां तल, ब्लॉक–यू, गौड़ सिटी–2, 14वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच–03, सेक्टर–16सी, नोएडा, | 09–12–2022 रू. 9,56,310/– | 29/09/2022 |
| 14. | आशीष श्रीवास्तव, वंदना आर्य, एच नंबर 164 ए, 12 कृष्णा कालोनी, गुरूग्राम/ खाता नंबर :– LBDEL00004564337 | फ्लैट नंबर 404, चतुर्थ तल, टावर–ए, सोलेरा, सेक्टर–107, गुरूग्राम | 09–12–2022 रू. 1,32,909/– | 04/07/2022 |
| 15. | चिंग नेई किम सिम्टे, सन्नी नेसान, फ्लेट नंबर 202, ब्लॉक–13, नर्सेज आवासीय संकुल, रिंग रोड, श्रीनिवासपुरी, नई दिल्ली, पीजीडीएएन कालेज के सामने, दिल्ली/ खाता नंबर :– LBNOD00001397510 | फ्लैट नंबर एन–26, द्वितीय तल, साउथ एक्सटेंशन–1, निकट कुर्ता पैलेस, नई दिल्ली | 09–12–2022 रू. 1,25,856/– | 11/07/2022 |
| 16. | दया नंद राय, मधुबाला राय, फ्लैट नंबर 204, अलकनंदा अपा. ब्लॉक सी, रामपुरी, गाजियाबाद/ खाता नंबर :– LBDEL00002843351 | फ्लैट नंबर सी–204, द्वितीय तल, अलकनंदा अपा. रामपुरी कालोनी, गाजियाबाद | 09–12–2022 रू. 2,91,756/– | 03/09/2022 |
| 17. | देशांत ठाकुर, माधुरी, मकान नंबर सी–74/10, फेज–2, विजय विहार, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली/ खाता नंबर :– LBNOD00005244781 | फ्लैट नंबर एन/सीए 1204, 12वां तल, प्लॉट नंबर जीएच–06, सिटी अपार्टमेंट फेज–2, आदित्य वर्ल्ड सिटी, गाजियाबाद | 09–12–2022 रू. 24,42,234/– | 03/09/2022 |
| 18. | अमर नाथ ठाकुर, गिरिजा देवी, 12/31, साकेत ब्लॉक, मंडावली, नई दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00000940149 | फ्लैट नंबर 407, वार्तालोक कोसिटी, वसुंधरा सेक्टर–4सी, गाजियाबाद | 09–12–2022 रू. 3,48,140/– | 07/03/2022 |
| 19. | अमित कुमरा, नेहा अरोड़ा, सी 96, प्रथम तल, सनसिटी, सेक्टर–54, गुरूग्राम, हरियाणा/ खाता नंबर :– LBGUR00003112948 | फ्लैट नंबर 1004, 10वां तल, बानी सिटी सेंटर, सेक्टर–63, गुरूग्राम, हरियाणा | 09–12–2022 रू. 54,66,401/– | 03/09/2022 |
| 20. | अंजना भारद्वाज, एए बीपीओ सर्विसेज प्रा. लि. अरूणा, अभिषेक भारद्वाज, डब्ल्यूजैड–23 ओम विहार फेज 2ए, उत्तम नगर, दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00004963192 | प्लॉट नंबर एच–423 बी, ब्लॉक–एच, चतुर्थ तल, अंसल पालम विहार, गुरूग्राम, हरियाणा | 09–12–2022 रू. 81,81,631/– | 28/09/2022 |
| 21. | अंकुर सैनी, रिचा राय, 01/37, प्रफेसर कालोनी, हनुमान गढ़ टाउन, हनुमान गढ़/ खाता नंबर :– LBDEL00002072999 | फ्लैट नंबर 3241, 24वां तल, सेक्टर–109 बी, टावर–3, टाइप–डी, एटीएस टूर्मालाइन, गुरूग्राम, हरियाणा | 09–12–2022 रू. 1,20,99,204/– | 08/09/2022 |
| 22. | रजत मल्हान, श्रेया मल्हान, बी 51, तृतीय तल, स्वामी नगर, नई दिल्ली/ खाता नंबर :– LBGUR00002117650 | 1161 एटीएस ट्रायम्फ, 16वां तल, टाइप बी, सेक्टर–104, गुरूग्राम, हरियाणा | 09–12–2022 रू. 1,65,33,691/– | 08/09/2022 |
| 23. | राम कृपाल यादव, बृज पाल यादव, 1504, मॉल बेरी अपार्टमेंट रूनवाल गार्डन सिटी बालुक्म, थाने वेस्ट, महाराष्ट्र, थाने/ खाता नंबर :– LBFDB00004305993 | प्लॉट नंबर जीएच–14, फ्लैट नंबर 801, 8वां तल, दि सुरक्षा विहार, कोआपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, सेक्टर–45, फरीदाबाद, हरियाणा | 09–12–2022 रू. 58,93,357/– | 08/09/2022 |
| 24. | विवेक कुमार जैन, हेमलता जैन, के–जे–165, जीएफ कवि नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/ खाता नंबर :– LBDEL00002515827 | फ्लैट नंबर 801, 8वां तल, टावर–सी, मोती रेजीडेंसी, खसरा नंबर 238, एनएच–58, ग्राम मोरटा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 09–12–2022 रू. 28,91,143/– | 04/10/2021 |
| 25. | रीमा सिंह, प्रभात कुमार, 1318/1, गुरूद्वारा रोड, जवाहर कालोनी, फरीदाबाद, हरियाणा खाता नंबर :– LBDEL00005652948 | प्लॉट नंबर डी6–10, ब्लॉक डी, तृतीय तल, सेक्टर–85, पार्कलैंड्स, बीपीटीपी तहसील और जिला फरीदाबाद, हरियाणा | 09–12–2022 रू. 51,83,075/– | 26/09/2022 |
| 26. | रीतेश कुमार पोरवाल, मीना तोषनीवाल, 102/115, सिल्वर ओक्स अपा. डीएलएफ–1, गुरूग्राम, हरियाणा/ खाता नंबर :– LBNOD00002083569 | फ्लैट नंबर 5251, 25वां तल, टाइप–डी, सेक्टर–109, टावर–5, एटीएस टूर्मालाइन, ग्राम बाबूपुर, गुरूग्राम, हरियाणा | 09–12–2022 रू. 1,25,06,101/– | 08/09/2022 |
| 27. | रूपेश कुमार नंदकुमार रंगदाले, विद्या आर रंगदाले, 1268, सेक्टर–15 पार्ट–2, गुरूग्राम, हरियाणा/ खाता नंबर :– LBGUR00002086832 | फ्लैट नंबर 3सी–518, 18वां तल, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट, सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 09–12–2022 रू. 1,50,41,893/– | 08/09/2022 |
| 28. | संजय ग्रेवाल, रचना ग्रेवाल, 15, सेंट्रल ड्राइवे, डीएलएफ फार्म्स, छतरपुर, दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00001845654 | अपार्टमेंट नंबर 1701, लेवल–17, टावर –01, दि बरगंडी, यूनिटेक गोल्फ ऐंड कंट्री क्लब, सेक्टर–96, 97 और 98, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 09–12–2022 रू. 2,53,42,726/– | 08/09/2022 |
| 29. | सतिन्दर सिंह निझावन, जसवंत कौर निझावन, तरनप्रीत सिंह निझावन, एम/61, भू तल, कीर्ति नगर, नई दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00004764053 | प्लॉट नंबर 61, भू तल, ब्लॉक एम, ग्राम बसई दारापुर, कीर्ति नगर, नई दिल्ली | 09–12–2022 रू. 1,13,47,198/– | 07/03/2022 |
| 30. | विशाल केशरी, रूबी गुप्ता, यूनिट नंबर सी–100, भू तल, अनसिटी, सेक्टर–54, ऑडी शो रूम के सामने, गुरूग्राम, हरियाणा/ खाता नंबर :– LBGUR00002001915 | अपार्टमेंट नंबर 419ए, 19वां तल, गोल्फ व्यू अपार्टमेंट्स, सुशांत गोल्फ सिटी सुकतान पुर रोड, सेक्टर–1, पाकेट डी, लग्जूरिया टावर नंबर 4, बिजनौर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 09–12–2022 रू. 56,17,581/– | 30/08/2022 |
| 31. | पंकुल राठौर, खैरून राठौर, स्पाक सुपर इन्फ्रा इंडिया प्रा. लि., खैरून राठौर, जीएफ 50, इरोस गार्डन, ब्लॉक वी, चार्मवुड विलाज, फरीदाबाद, हरियाणा/ खाता नंबर :– LBFDB00002022054 | फ्लैट नंबर 01 और 02, द्वितीय तल, रॉयल रिट्रीट, थर्ड चार्मवुड, फरीदाबाद–122009 | 09–12–2022 रू. 2,27,59,048/– | 31/01/2021 |
| 32. | पंकुल राठौर, खैरून राठौर, स्पाक सुपर इन्फ्रा इंडिया प्रा. लि., खैरून राठौर, जीएफ 50, इरोस गार्डन, ब्लॉक वी, चार्मवुड विलाज, फरीदाबाद, हरियाणा/ खाता नंबर :– LBFDB00002022053 | फ्लैट नंबर 01 और 02, द्वितीय तल, रॉयल रिट्रीट, थर्ड चार्मवुड, फरीदाबाद–122009 | 09–12–2022 रू. 1,44,91,044/– | 31/01/2021 |
| 33. | प्रवीण राव, शालिनी राव, फ्लैट नंबर 64/2, इमेलिया–4, वाटिका सिटी, सोहना रोड, गुरूग्राम, हरियाणा/ खाता नंबर :– LBGUR00001924200, LBGUR00001963746 | फ्लैट नंबर 0904, 9वां तल, ब्लॉक बी2, यूनिटेक साउथ पार्क, सेक्टर–70, गुरूग्राम, हरियाणा | 27–12–2022 रू. 49,97,247/– रू. 24,322/– | 08-09-2022 |
| 34. | विवेक कुमार जैन, हेमलता जैन, के–जे–165, जीएफ कवि नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/ खाता नंबर :– LBDEL00002473328, LBDEL00002473337 | फ्लैट नंबर सी/जी006, खसरा नंर 238, मोती रेजीडेंसी, खसरा नंबर 238, ग्राम मारटम, निकट एनएच–58, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 27–12–2023 रू. 29,27,673/– रू. 29,61,942/– | 04-10-2021 |
| 35. | हरि कृष्ण, 222 ए, न्याया खंड–2, इंदिरापुरम–222, यानी साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश,/ खाता नंबर :– LBGHZ00005671331, LBGHZ00005822693 | मकान नंबर एई 012, अवंतिका कालोनी, ग्राम मेहरौली, रजापुर और हरसांव, तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 27–12–2024 रू. 75,82,942/– रू. 1,21,663/– | 03-09-2022 |
| 36. | ज्योति लूथरा, राजीव लूथरा, एच नंबर 31, द्वितीय तल, ब्लॉक–बीएच, शालीमार बाग, ईस्ट दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00004581605, LBDEL00004493010 | प्लॉट नंबर 31, द्वितीय तल, ब्लॉक–बीएच, शालीमार बाग, ईस्ट दिल्ली | 27–12–2025 रू. 59,88,816/– रू. 1,72,99,425/– | 03-09-2022 |
| 37. | मोहम्मद शकीर, रेशमा शकीर, 1001 हिट्फ 2 अलनाहदा 2 डीएम नंबर 241–458, दुबई यूएई दुबई/ खाता नंबर :– LBDEL00002558495, LBDEL00002547980 | फ्लैट नंबर 8016, प्रथम तल, प्लॉट नंबर पी7/टीएस 02ए, एटीएस एल्योर, बिल्डिंग नंबर 08, सेक्टर–22डी, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 27–12–2026 रू. 1,32,472/– रू. 63,04,235/– | 29-09-2022 |
| 38. | विनय कुमार गोयल, स्मिता गोयल, मार्स पेट बॉटल्स प्रा. लि., 232, संगम अपार्टमेंट वेस्ट एन्क्लेव पीतमपुरा, दिल्ली/ खाता नंबर :– LBDEL00002558461, LBDEL00002558462, LBDEL00005357261, LBDEL00005134907, LBDEL00002558614 | फ्लैट नंबर 232, कैटेगिरी–बी, (एचआईजी), तृतीय तल, संगम सीजीएचएस लिमिटेड जो संगम अपार्टमेंट के नाम से जानी जाती है, जोन एच 4 और 5, पीतमपुरा, दिल्ली | 27–12–2027 रू. 29,31,438/– रू. 37,80,260/– रू. 24,77,108/– रू. 39,75,073/– रू. 41,61,729/– | 03-09-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 06 जनवरी, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# थाना प्रभारी सहित 6 पुलिसकर्मी निलंबित

● पुलिस कस्टडी से मुजरिम के फरार होने के मामले में सीपी ने की बड़ी कार्रवाई, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा की ईकोटेक–3 कोतवाली से पुलिस हिरासत से मुजरिम की फरारी के मामले में पुलिस के पुलिस कमिश्नर ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कोतवाली प्रभारी सहित 6 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। अन्य पुलिसकर्मियों में दो उपनिरीक्षक, तीन आरक्षी शामिल हैं। आरक्षियों में एक महिला आरक्षी भी शामिल है। 5 पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है। वहीं फरार कैदी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किय गया है।

एडीसीपी साद मिया खां के अनुसार ईकोटेक 3 कोतवाली क्षेत्र के खेड़ी ग्राम के रहने वाले राजीव उर्फ राका को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ न्यायालय ने एनबीडब्ल्यू जारी किए थे। कोर्ट में चल रहे वाद में वह तारीख पर नहीं पहुंच रहा था।

कोर्ट द्वारा जारी वारंट के आधार पर ही पुलिस ने उसको गिरफ्तार किया था। बुधवार रात को पुलिस राका को गिरफ्तार करने के बाद ईकोटेक 3 कोतवाली ले आई, लेकिन रात में वह अचानक से पुलिसकर्मियों को चकमा देने के बाद थाने से फरार हो गया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के आदेश पर मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में कोतवाली प्रभारी पवन कुमार को निलंबित कर दिया है।

वहीं उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार, उपनिरीक्षक मनोज राठी, आरक्षी सतेन्द्र कुमार, आरक्षी गौरव और महिला आरक्षी ऋतिका के विरूद्ध मामला दर्ज कर निलंबन की कार्रवाई की गई है। वहीं पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर मुकदमा भी दर्ज किया गया है। वहीं आरोपी राका उर्फ राजीव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। पुलिस की टीमें लगातार राका के लिए कई जगह पर दबिश दे रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सीईओ ने की निवेशकों संग बैठक, नोएडा-ग्रेनो में और निवेश पर जोर

**नोएडा।** नोएडा–ग्रेटर नोएडा में और अधिक निवेश की राह खोलने के लिए प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने निवेशकों व आवंटियों के साथ बैठक की। नोएडा–ग्रेटर नोएडा समेत समूचे प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर पर उनसे बात की। निवेशकों के लिए सरकार की नीतियों पर जानकारी साझा की और निवेशकों से नोएडा.ग्रेटर नोएडा समेत प्रदेश भर में बड़े पैमाने पर निवेश का आह्वान भी किया। औद्योगिक निवेश का प्रमुख केंद्र होने के नाते नोएडा–ग्रेटर नोएडा से सरकार को काफी उम्मीदें हैं। हाल ही में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अगुवाई में अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल ऑस्ट्रेलिया व सिंगापुर के दौरे पर गया। नोएडा प्राधिकरण सीईओ ऋतु माहेश्वरी भी इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहीं।

# सड़क हादसे की शिकार छात्रा स्वीटी कोमा में, हालत नाजुक

● पांच दिन बाद भी आरोपी गिरफ्त से बाहर



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में 31 दिसंबर की रात को सड़क हादसे की शिकार हुई बीटेक छात्रा की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों ने उसे वेंटिलेटर से हटा दिया है, लेकिन वह अभी भी कोमा में है। उन्होंने बताया कि घटना को पांच दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, यह घटना जिस जगह पर हुई, उसके तीन से चार किलोमीटर तक के दायरे में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। इसके चलते पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में खासी दिक्कत हो रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (ग्रेटर नोएडा) दिनेश कुमार ने बताया कि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर ग्रेटर नोएडा में अल्फा–2 बस स्टैंड से डेल्टा–2 सेक्टर की तरफ जा रही तीन कॉलेज छात्राओं को तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी थी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में बिहार की रहने वाली बीटेक की अंतिम वर्ष की छात्रा स्वीटी कुमारी (22) गंभीर रूप से घायल हो गई थी। स्थानीय लोगों ने स्वीटी को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां डॉक्टरों ने उसके मस्तिष्क की सर्जरी के बाद उसे वेंटिलेटर पर रखा था। सिंह के अनुसार, हादसे में स्वीटी की दो दोस्त–अरुणाचल प्रदेश निवासी करसोनी डोंग और मणिपुर की रहने वाली आंगनबा मामूली रूप से घायल हुई थीं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी।

## नोएडा हिट एंड रन मामले में डिलवरी ब्वॉय की मौत

**नोएडा।** नोएडा में हिट एंड रन के मामले में घायल 24 वर्षीय फूड डिलवरी ब्वाय कौशल यादव की बृहस्पतिवार को मौत हो गई। ज्ञात रहे कि मोटरसाइकिल सवार डिलवरी ब्वाय को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और उसे लगभग 500 मीटर तक घसीटा था। उक्त व्यक्ति भोजन की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी का प्रतिनिधि था। पुलिस ने बताया कि मामले में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस दावे की अभी तक पुष्टि नहीं की जा सकी है कि उक्त कर्मी को कार से घसीटा गया। इससे पहले लगभग 10 दिन पहले, एक कंपनी के एक अन्य प्रतिनिधि (27) की नोएडा के पास आधी रात के करीब एक कार की टक्कर के बाद मृत्यु हो गई।

# तेंदुए को लुभाने के लिए मेरठ से मंगाई 3 बकरी

● खोज अभियान तीसरे दिन भी जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) स्थित एक ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में उस तेंदुए के लिए खोज अभियान लगातार तीसरे दिन जारी रहा, जहां इसे इस सप्ताह के शुरू में देखा गया था।

सोसाइटी के निवासियों ने क्षेत्र में तेंदुए की गतिविधि के बारे में सतर्क किए जाने के बाद से घर के बाहर की गतिविधियों को कम कर दिया है। उक्त तेंदुए के सोसाइटी के परिसर स्थित एक निर्माणाधीन आवासीय टावर के तहखाने में होने का संदेह है। गौतम बुद्ध नगर से वन विभाग के दल ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) के सेक्टर 16 में अजनारा ली गार्डन सोसाइटी में तैनात हैं। ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) को नोएडा एक्सटेंशन भी कहा जाता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आगरा, गाजियाबाद और मेरठ


पिंजरे में बकरियों को ले जाते वन्य कर्मी

से अतिरिक्त विशेषज्ञों को भी शामिल किया गया है। गौतम बुद्ध नगर के मंडल वन अधिकारी (डीएफओ) प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा, मौके पर पिंजरों में तीन बकरियों को भी लाया गया है। मंगलवार को तेंदुआ देखे जाने से ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों में दहशत उत्पन्न हो गई थी। इस सोसाइटी में लगभग ।,500 लोग रहते हैं।


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विनोद वत्स/चंचल वत्स/ LBGHZ00002427631 | फ्लैट नंबर डी–101, पहली मंज़िल, टॉवर– डी, अंतरिक्ष गोल्फ व्यू एल आई, प्लॉट नंबर जीएच 04 बी, सेक्टर– 78, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर– 201301/ जनवरी 03, 2023 | अगस्त 30, 2022 रु. 14,12,154/- | दिल्ली |
| 2. | संतोष कुमार सिंह/ संध्या सिंघल/ LBDEL00001998809 | फ्लैट नंबर जी–702, 7वीं मंज़िल, एवीजे हाइट्स, प्लॉट नंबर जीएच–12/2, सेक्टर– जीटा–1 ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, नोएडा– 201307/ जनवरी 03, 2023 | जुलाई 29, 2022 रु. 7,47,812/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जनवरी 06, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

**सार्वजनिक सूचना – संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी**

**[ नियम 8(6) का परंतुक देखें ]**
**अचल संपत्तियों की हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है", के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं:–

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह–कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती चरणजीत धंजाल (कर्ज़दार), संदीप धंजाल (सह कर्ज़दार) ऋण खाता नं. LBDEL00004207004, LBDEL00005032728 & LBDEL00005335581 | डीडीए फ्लैट नंबर– 139–डी, थर्ड फ्लोर पॉकेट – एजी –1, विकासपुरी, दिल्ली, पिन कोड–110018/ क्षेत्रफल 753.47 वर्ग फीट | रु. 85,24, 186.16/- (दिसम्बर 29, 2022 तक) | रु. 68,00,000/- / रु. 6,80,000/- | जनवरी 13, 2023 को दो. 01:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | जनवरी 25, 2023 दो. 12:00 बजे से |
| 2. | रूप नारायण कौशिक (उधारकर्ता), चंचल कौशिक, फ्रेम्स ट्वेंटी फोर कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड (सह–उधारकर्ता) ऋण खाता नं. LBFDB00003334292 | प्लॉट नंबर ए 10ए, बेसमेंट फ्रंट साइड ग्रीन पार्क, दिल्ली 110016. क्षेत्रफल 800 वर्ग फीट | रु. 3,68,17, 330.03 (दिसंबर 21, 2022 तक) | रु. 54,00, 000/- / रु. 5,40,000/- | जनवरी 16, 2023 को सु. 12:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | जनवरी 25, 2023 12:00 बजे से दोप. 01:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जनवरी 24, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005** में **जनवरी 24, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **जनवरी 24, 2023** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **जनवरी 24, 2023** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/ 7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : जनवरी 06, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**


## संक्षिप्त समाचार


साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में आग से बचाव के जानकारी देते पुलिसकर्मी।

### मंदबुद्धि महिला से की अश्लील हरकत गिरफ्तार

नोएडा। थाना सेक्टर.20 क्षेत्र के सेक्टर.17 में रहने वाली एक मंदबुद्धि युवती के साथ एक व्यक्ति ने अश्लील हरकत किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर.17 में रहने वाली एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी मंदबुद्धि बेटी के साथ मोहम्मद खुर्शीद नामक युवक ने अश्लील हरकत की। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### तहसील में किसानों ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में किसानों ने कड़ाके की सर्दी में शुगर मिल क्षेत्र में अलाव जलाने की मांग को लेकर गुरुवार को तहसील पर प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप था कि हाड़ कंपा देने वाली सर्दी में शुगर मिल के आसपास एक स्थान पर ही अलाव जलाकर खाना पूर्ति कर दी जाती है, जबकि यहां रोजाना कई सौ की संख्या में किसान पहुंचते है। ऐसे में सर्दी से बचाव के उपाय नही होने के कारण किसानों को खुले आसमान में ठिठुरना पड़ रहा है। इसके अलावा किसानों ने सहकारी साधन समितियों पर खाद उपलब्ध कराने की भी मांग की।किसानों ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। रालोद के जिलाध्यक्ष अमित त्यागी तथा वरिष्ठ नेता रणवीर दहिया के नेतृत्व में एकत्रित होकर गुरुवार को तहसील पहुंचे। किसान नेता सतेन्द्र तोमर ने बताया कि सर्दी को देखते हुए मौसम विभाग ने भी अर्लट जारी किया हुआ है।

### सड़क पर जली हुई हालत में मिला युवक

गाजियाबाद। दिल्ली मेरठ मार्ग पर मोदीनगर थाने के सामने रेलवे रोड पर गुरुवार सुबह एक युवक जली हुई हालात में सड़क पर पड़ा मिला। युवक के हाथ पैर बंधे हुए थे। गंभीर हालात में युवक को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस युवक को मानसिक रोगी बता रही है।

### व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन

**गाजियाबाद।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल व कैट के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली–मेरठ मार्ग स्थित एक स्कूल में गुरुवार को व्यापारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक डॉ मंजू शिवाच तथा कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात बच्चों ने गणेश वंदना की। इसके बाद एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति से महफिल सज गई। रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित कार्यक्रम तथा देश भक्ति गीत की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर नीदरलैंड्स में आयोजित विशिष्ट पुलिस खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाली बबीता नागर, मेरठ में लूट की घटना को विफल करते हुए बदमाशों के छक्के छुड़ाने वाली साहसी बालिका रिया अग्रवाल, निष्काम सेवा संस्थान के अध्यक्ष जसमीत सिंह व एहसास महिला समिति की अध्यक्ष अनुप्रीत कौर को सम्मानित किया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाष: 011–40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस– एफ–31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर–201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष– 120–4879900।

हरियाणा सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

"आज आज़ादी के अमृतकाल में देश विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकास की यह यात्रा बहुआयामी है।"

- नरेन्द्र मोदी



# श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री, हरियाणा

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे शुरुआत

अथक प्रयासों से रच रहे इतिहास

**1882 करोड़ रुपये** की लागत से **167** नई परियोजनाएं

नई-नई परियोजनाओं से गतिशील विकास

**उद्घाटन**
लागत 791 करोड़ रुपये
परियोजनाएं 113

**शिलान्यास**
लागत 1091 करोड़ रुपये
परियोजनाएं 54

दिनांक: 6 जनवरी, 2023 स्थान: गांव भगवानपुर, जिला गुरुग्राम

सुशासन ही आधार, डबल इंजन हरियाणा सरकार

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

# कंझावला घटना : पुलिस पर लचर जांच का आरोप, परिजनों का प्रदर्शन

## लोगों ने मामले में हत्या की धारा जोड़ने और दोषियों को फांसी देने की मांग की



**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

कंझावला घटना में पुलिस की लचर जांच और कमजोर धाराओं में केस दर्ज करने को लेकर परिजनों व स्थानीय लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। परिवार वाले और पड़ोसियों ने बृहस्पतिवार को अंजलि की दोस्त निधि के घर के बाहर और सुल्तानपुरी थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केस में हत्या की धारा जोड़ने और सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें फांसी देने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यह कोई हादसा नहीं है। जानबूझकर ऐसा किया गया। इसे हत्या के तौर पर देखना चाहिए। कुछ महिलाएं अचानक निधि के घर के बाहर पहुंची और उसे बाहर निकालने की मांग की। उनका स्पष्ट करना है कि अगर निधि और अंजलि दोनों स्कूटी पर सवाल थी तो निधि को गंभीर चोट क्यों नहीं लगी। पकड़े गए आरोपियों के साथ ही निधि भी बराबर की जिम्मेदार है।

निधि राज छुपा के बैठी है और हमारी बेटी चली गई। पुलिस ने महिलाओं को समझा बुझाकर शांत कराया और सुरक्षा के मद्देनजर उसके घर के बाहर पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया है। इसके बाद प्रदर्शनकारी सुल्तानपुरी थाने पहुंचे और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया कि इसे हत्या का मामला मानकर प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 भी जोड़ी जाए। विरोध प्रदर्शन के चलते इलाके में कुछ देर के लिए यातायात जाम लग गया। सूत्रों ने बताया कि मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सबूत मिटाने की धारा जोड़ दी है।




अंजलि सिंह के लिए इंसाफ की लड़ाई सड़क पर पहुंच गई है। कड़ी कार्रवाई की मांग करते परिजन। फोटो: रंजन डिमरी

## आप की एलजी से मांग, लापरवाह पुलिस कर्मियों पर हो कार्रवाई

- सौरभ भारद्वाज का दावा, निधि को नहीं जानती अंजलि की मां, हो सकता है आरोपियों से मिली हो कथित सहेली

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

कंझावला घटना को लेकर दिल्ली की सियासत गरमा गई है। मामले में आम आदमी पार्टी ने भाजपा और पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता और विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पुलिस ने कंझावला कांड में भाजपा नेता को बचाने के लिए प्रमुख गवाह को प्लांट किया है। सरकारी गवाह बनाकर आरोपियों को बचाने के लिए बयान दिलवाए जा रहे हैं। उस गवाह ने पीड़िता के बारे में झूठ फैलाना शुरू किया कि अंजलि ने खूब शराब पी रखी थी जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पीड़िता के शराब पीने की पुष्टि नहीं हुई है। अंजली की मां ने भी कहा कि वह निधी को नहीं जानती।

निधी आरोपियों के साथ मिली हो सकती है। सौरभ भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 31 दिंसबर की रात को कंझावला की घटना के बाद हर माता-पिता दहशत में हैं कि बाहर दफ्तरों में नौकरी, काम करने जाने वाली और स्कूल-कॉलेजों में पढ़ाई के लिए जाने वाली बेटियां सड़कों पर कितनी सुरक्षित हैं, क्योंकि यह हादसा किसी के साथ भी हो सकता था। आरोपी किसी का नाम देखकर उसपर हमला नहीं करते हैं। उन्होंने मामले में उपराज्यपाल, भाजपा और दिल्ली पुलिस पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने केस में सबसे पहली बात सामने आई कि किस तरीके से एलजी और भाजपा के अधीन आने वाली पुलिस ने पहले दिन से ही आरोपियों को बचाने की कोशिश कर पूरे मामले में लीपापोती की। उसके बाद केस को कमजोर करने और भाजपा नेता को बचाने के लिए अंजलि की दोस्त निधि को सामने लाया गया। उसका सिर्फ एक काम अपराधियों को बचाना था। उसने मृतका के बारे में झूठ फैलाना शुरू किया। पुलिस उसके साथ खड़ी है। पुलिस ने उसकी गवाही मजिस्ट्रेट के सामने भी करा दी। क्योंकि उस गवाही से अपराधियों का फायदा होगा। ट्रायल में उस गवाही का फायदा सिर्फ अपराधियों को होगा।

उस गवाह ने कहा कि जो लड़की मारी गई वो शराब के नशे में धुत्त थी। उसने इतनी शराब पी रखी थी कि स्कूटी चलानी नहीं आ रही थी। उसकी मौत तो बाद में हुई, इससे पहले तो वो एक ट्रक के नीचे आने वाली थी और फिर वह एक गाड़ी के नीचे आ गई। सौरभ ने कहा कि उन्हें पूरी सीसीटीवी फुटेज में कहीं कोई ट्रक नहीं दिखा।

भारद्वाज एक अन्य घटना का जिक्र करते हुए पुलिस पर निशाना साधा। इलाके की एक बेटी, जिसके पिता कई साल पहले गुजर गए, सिर्फ मां है। मोहल्ले का एक लड़का उसके साथ छेड़छाड़ करता है और दोस्ती करने का दबाव बना रहा है। उसका घर से निकलना मुश्किल कर दिया है। उसकी फर्जी आईडी बनाकर गंदी तस्वीरों को पोस्ट कर रहा है। मां पुलिस में शिकायत कराती है, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती।



दिल्ली महिला आयोग के सामने पेश हुए पुलिस अधिकारी अपना पक्ष रखते हुए।

## सीबीआई को सुपुर्द को केस : डीसीडब्ल्यू

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

श्कंझावला घटना में दिल्ली पुलिस के जवाब से असंतुष्ट दिल्ली महिला आयोग केस को सीबीआई को ट्रांसफर करने की सिफारिश करेगी। आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा कि वह इस मामले में केंद्रीय गृहमंत्रालय को पत्र लिखेंगी।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने आयोग के समक्ष जो जवाब दिए हैं उससे वह संतुष्ठ नहीं है। क्योंकि पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद भी निधि का फोन जब्त नहीं किया।

सारे सीसीटीवी फुटेज की जांच नहीं की। केस में धारा 302 नहीं जोड़ी गई। हादसे की रात पुलिस का रवैया बेहद खराब रहा। चश्मदीद गवाहों का 164 बयान दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने मामले में लापरवाही बरने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही हो और केस सीबीआई को सौंपा जाए। इस बीच आयोग ने पांडव नगर में एक युवती के अपहरण की कोशिश को लेकर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। आयोग ने इस मामले का स्वत: संज्ञान लिया है। मालीवाल ने कहा कि मीडिया में आई खबरों के मुताबिक 31 दिसंबर को पांडव नगर इलाके में एक शख्स ने एक लड़की को जबरदस्ती अपनी कार में खींचने और उसका अपहरण करने की कोशिश की।

जब लड़की ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। लड़की को चोटें आई हैं और उसने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है । मालीवाल ने मामले में पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त को नोटिस जारी किया है। आयोग ने मामले में की एफआईआर की कॉपी और लड़की को मुहैया कराई गई सुरक्षा का ब्योरा भी मांगा है। आयोग ने मामले में बुधवार तक कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

# मेयर चुनाव से पहले एलजी-सीएम में ठनी

- केजरीवाल ने उपराज्यपाल द्वारा 10 मनोनीत पार्षदों के नामों पर आपत्ति जताई है, पत्र लिखकर आदेश वापस लेने की मांग की



**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली नगर निगम में सदन की पहली बैठक शुक्रवार को होगी। नवनिर्वाचित सभी पार्षद पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। इसके तुरंत बाद सदन में महापौर, उपमहापौर और स्थायी समिति का चुनाव होगा, लेकिन इससे ठीक पहले विनय सक्सेना और दिल्ली सरकार में एक बार फिर ठन गई है।

उपराज्यपाल के 10 मनोनीत भाजपा पार्षदों के नाम तय करने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आपत्ति जताई है। उन्होंने इस संबंध में एलजी को पत्र लिखकर कहा है कि वह दोबारा से मनोनीत किए गए नामों पर विचार करें।

साथ ही इस संबंध में जारी आदेश वापस लें। वहीं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती को पत्र लिखकर नर्वाचित दिल्ली सरकार को दरकिनार कर एमसीडी में नामित 10 व्यक्तियों के शपथ ग्रहण पर रोक लगाने की दी सलाह। उन्होंने कहा कि नामांकन की फाइलों को शहरी विकास विभाग एवं प्रभारी मंत्री के कार्यालय के माध्यम से भेजे बिना दस व्यक्तियों को एमसीडी में नामित किया गया है, जबकि वह विभाग का सक्षम प्राधिकारी है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में नामित दस सदस्यों के नाम दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री के जरिए भेजे जाते हैं, लेकिन एमसीडी के आयुक्त ने फाइलें सीधे एलजी को भेज दी हैं।

इसलिए विनती है कि इन नामांकनों पर संविधान और सुप्रीम कोर्ट की ओर से निर्धारित कानून व प्रक्रिया के अनुसार पुनर्विचार किया जाए। दिल्ली सरकार के दिन-प्रतिदिन के प्रशासनिक कामकाज में हस्तक्षेप और बाधित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

केंद्र सरकार भाजपा की मदद करने व स्थायी समिति के चुनावों को प्रभावित करने के लिए पार्षदों को असंवैधानिक रूप से मनोनीत कर जनादेश को नकारने की कोशिश की गई है। स्थानीय निकाय एक ट्रांसफर सब्जेक्ट है। इस पर वह संवैधानिक रूप से मंत्री परिषद की सहायता और सलाह के अनुसार कार्य करने अनुरोध करते है।

### उपराज्यपाल को पत्र लिखना हताशा का प्रमाण : प्रवीण

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की यह खेद का विषय है की मुख्यमंत्री ने उपराज्यपाल को पत्र लिखने से पहले विधि विभाग से भी नये नगर निगम एक्ट पर जानकारी नही ली। अगर वह विधि विभाग से जानकारी मांग लेते तो उनको मालूम हो जाता की संशोधित दिल्ली नगर निगम एक्ट के अनुसार अब निगम केन्द्र सरकार को यानि उपराज्यपाल को जवाबदेह है और उपराज्यपाल नगर निगम से जुड़े निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है। उन्हें दिल्ली सरकार के सुझाव लेने की कोई आवश्यकता नहीं है।

## आप ने एमसीडी में नेता सदन नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को आदर्श नगर वार्ड से निर्वाचित हुए अपने पार्षद मुकेश गोयल को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में सदन का नेता नियुक्त किया। पार्टी पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने महापौर के चुनाव के लिए छह जनवरी को होने वाली सदन की पहली बैठक के लिए बृहस्पतिवार को भाजपा पार्षद सत्या शर्मा को पीठासीन अधिकारी के रूप में नामित किया।ब नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह सभी लोकतांत्रिक परंपराओं और संस्थानों को नष्ट करने पर उतारू है।

## जेल अधिकारियों ने सत्येंद्र पर लगाया धमकी देने का आरोप

- महानिदेशक जेल को दर्ज कराई शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

तिहाड़ जेल के शीर्ष अधिकारियों ने दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन पर उन्हें धमकी देने और डराने का आरोप लगाया है।

सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि अधिकारियों ने इस संबंध में महानिदेशक (जेल) को शिकायत दी है। ईडी द्वारा धन शोधन मामले में पिछले साल गिरफ्तार किए गए जैन तब से जेल में हैं। जेल में मालिश कराते और आगंतुकों से मिलने के उनके कथित वीडियो ने काफी विवाद खड़ा किया था। इस दौरान विपक्ष ने उन्हें मंत्रिमंडल से हटाए जाने की भी मांग की थी।



अतिरिक्त महानिरीक्षक, उपाधीक्षक, सहायक अधीक्षक और विधि अधिकारी ने महानिदेशक (जेल) को शिकायत दी कि जैन ने उन्हें अपशब्द बोले हैं और जेल से बाहर निकलने के बाद अंजाम भुगतने की धमकी दी हैं।

### जांच में सहयोग किया: जैन

**नई दिल्ली।** सत्येंद्र जैन ने बृहस्पतिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष कहा कि उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया है और उन पर सबूतों से छेड़छाड़ की कोशिश का कोई आरोप नहीं है और जांच में पूरा सहयोग किया है। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने अदालत को बताया कि एजेंसी ने मामले में एक हलफनामा भी दाखिल किया है। इस पर, जैन के वकील ने कहा कि वह इसका जवाब दाखिल करेंगे।

## ‘शुक्राणु की गुणवत्ता पर पड़ सकता है असर’

**कोरोना संक्रमण**

- एम्स के शोधकर्ताओं ने 30 पुरुषों की जांच की

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के शोधकर्ताओं द्वारा 30 पुरुषों पर किए गए एक अध्ययन में दावा किया गया है कि सार्स-सीओवी-2 वायरस का वीर्य की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

एम्स पटना के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में पाया गया कि कोविड-19, टेस्टिकुलर ऊतकों में प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले 'जियोटेंसिन-कन्वर्टिंग एंजाइम-2 रिसेप्टर (एसीई2) के माध्यम से कई अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है। एसीई-2, सार्स-सीओवी-2 वायरस स्पाइक प्रोटीन के संग्राहक (रिसेप्टर) के रूप में काम करता है, जिससे वायरस परपोषी की कोशिकाओं में प्रवेश कर जाता है। हालांकि, वीर्य में सार्स-सीओवी-2 के पहुंचने और इसके शुक्राणु बनाने व प्रजनन संभावनों पर असर डालने के बारे में बेहद कम जानकारी मिली है। चिकित्सा विज्ञान की पत्रिका क्यूरियस में प्रकाशित अध्ययन में कोविड-19 की चपेट में आए पुरुषों के वीर्य में सार्स-सीओवी-2 की उपस्थिति की जांच की गई। एम्स पटना अस्पताल में पंजीकृत कोविड-19 प्रभावित 30 पुरुष मरीजों ने अक्टूबर 2020 और अप्रैल 2021 के बीच हुए इस अध्ययन में हिस्सा लिया।

अध्ययन में कहा गया कि हमने सभी वीर्य नमूनों पर रीयल-टाइम रिवर्स ट्रांसक्रिप्टेस परीक्षण किया। संक्रमित होने के दौरान लिए गए नमूनों में शुक्राणु डीएनए विखंडन सूचकांक सहित विस्तृत वीर्य विश्लेषण किया गया। अध्ययन के अनुसार, पहले नमूने लेने के 74 दिन बाद हमने फिर नमूने लिए और सभी परीक्षण दोहराए। अध्ययन में एम्स मंगलागिरी और एम्स नई दिल्ली के शोधकर्ता भी शामिल थे। अध्ययन के अनुसार, पहली और दूसरी बार लिए गए वीर्य के सभी नमूनों में आरटी-पीसीआर) में सार्स-सीओवी-2 नहीं मिला।

# ‘एसवाईएल का निर्माण जरूरी, ट्रिब्यूनल करेगा पानी के बंटवारे का फैसला’

## उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार हरियाणा दिल्ली को दे रहा पूरा पानी : मुख्यमंत्री मनोहर लाल

- अगर हमें अतिरिक्त पानी मिलता है तो राजधानी को भी ज्यादा पानी मिल सकता है

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

हरियाणा सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार दिल्ली को उसके हिस्से का पूरा पानी दे रहा है। यह बात हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा है कि एसवाईएल का गठन के लिए दोनों राज्य आपसी सहमति से करें। लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री और अधिकारी एसवाईएल कैसे बने, इस एजेंडे पर आना ही नहीं चाहते। वो हमेशा पानी के बंटवारे की बात करते हैं। जबकि पानी के बंटवारे के लिए अलग से ट्रिब्यूनल है, यदि पानी के बंटवारे को लेकर कोई बात कहनी है, तो ट्रिब्यूनल के सामने सारी बात रख सकते हैं, जो भी बंटवारा होगा, उस हिसाब से पानी मिलेगा। लेकिन उसके लिए एसवाईएल का बनना जरूरी है।



प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

एसवाईएल के समाधान के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा फॉर्मूला सुझाने के बयान पर मनोहर लाल ने कहा कि यदि उनके पास कोई फॉर्मूला है, तो वे पजांब के मुख्यमंत्री को बता दें और जब हमारी बैठक होती है तो पंजाब के मुख्यमंत्री सबके सामने उस फॉर्मूला को सुझाएं। अगर वे कोई फॉर्मूला बताना चाहते हैं तो वे सुप्रीम कोर्ट को बता सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार दिल्ली को उसका पूरा पानी दे रही है। हरियाणा दिल्ली को जितना पानी दे रहा है, उसमें से अधिकांश हिस्सा पीने के लिए उपयोग में लाया जाता है। मनोहर लाल ने कहा कि दिल्ली के पानी को कम करने का कोई कारण नहीं बनता है, हरियाणा पूरा पानी दे रहा है।

हालांकि, हरियाणा में पीने के पानी के साथ-साथ एक बड़ा हिस्सा सिंचाई के लिए भी उपयोग में लाया जाता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में पानी की मांग ओर बढ़ेगी तथा यदि हमें कहीं ओर से जैसे पंजाब से या किसी अन्य स्रोत से पानी मिलता है तो आने वाले समय में हरियाणा दिल्ली की पानी की मांग को पूरा कर पाएगा। सभी क्षेत्रों की पानी की आवश्यकता पूरी हो, ऐसा रास्ता निकालने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

### पटवारियों का बढ़ेगा पे-स्केल

पटवारियों की हड़ताल के संबंध में पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पटवारी एसोसिएशन के साथ बैठक हुई, जिसमें उनकी मुख्य मांगों पर सहमति बन गई है और उन्होंने हड़ताल खत्म कर दी है। पे-स्केल को लेकर पटवारियों की बहुत पुरानी मांग थी, जिसके हमने मान लिया और 26 जनवरी तक निर्णय करके पटवारियों का पे-स्केल बढ़ाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में ‘सम्मेद शिखर’ तीर्थ स्थल ही रहेगा : चौबे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बताया कि झारखंड में ‘श्री सम्मेद शिखर जी’ तीर्थ स्थल ही रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पावन तीर्थ सम्मेद शिखर की पवित्रता को बनाए रखने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। उसमें कोई बदलाव नहीं होगा। इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। यह स्थल सिर्फ जैन समाज के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए पवित्र स्थान है। इस मुद्दे को लेकर लगातार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज का मार्गदर्शन व समाज के अन्य प्रतिनिधियों के संपर्क में था।

### अलीपुर से 25 बाल मजदूरों को छुड़ाया

नई दिल्ली। दिल्ली के अलीपुर इलाके में कई निर्माण इकाइयों से 25 बाल मजदूरों को छुड़ाया गया है। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन(केएससीएफ) की सहयोगी संस्था ‘सहयोग केयर फॉर यू’ ने केएससीएफ के ‘एक्सेस टू जस्टिस’ कार्यक्रम के तहत अलीपुर एसडीएम, लेबर डिपार्टमेंट और दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त छापामार कार्रवाई के तहत इन बच्चों को छुड़ाया है। मुक्त करवाए गए सभी बच्चों की उम्र नौ से 17 साल है, इनमें से सात लड़कियां हैं। इन बच्चों से जबरन जूते, क्रॉकरी और सैनिटरी निर्माण की इकाइयों में बाल मजदूरी करवाई जा रही थी। बच्चों ने बताया कि उनसे रोजाना 15-15 घंटे काम करवाया जाता था और मजदूरी के नाम पर केवल सौ से दो सौ रुपए मिलते थे। पुलिस ने जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। अलीपुर एसडीएम ने इन निर्माण इकाइयों के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भी पुलिस को आदेश जारी किए हैं।

### पटेल चौक मेट्रो म्यूजियम के 14 साल पूरे हुए

**नई दिल्ली।** राजधानी के पटेल चौक स्टेशन पर बने मेट्रो म्यूजियम को 14 साल पूरे हो गए है। मेट्रो की विरासत को आमजन को दिखाने के लिए 2008 में म्यूजियम बनाया गया था। इन सालों में बच्चों समेत लाखों लोगों ने इस म्यूजियम को देखा। 14वीं वर्षगांठ के अवसर पर बृहस्पतिवार को पटेल चौक मेट्रो स्टेशन स्थित मेट्रो संग्रहालय में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। सलाम बालक ट्रस्ट और उड़ान एनजीओ के 40 से अधिक बच्चों को मेट्रो संग्रहालय देखने और समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। बच्चों ने मेट्रो संग्रहालय का दौरा किया और उन्हें दिल्ली मेट्रो के इतिहास के बारे में बताया गया। बच्चों ने कार्यक्रम के हिस्से के रूप में देशभक्ति गीतों पर एक नाटक और नृत्य भी किया। कार्यक्रम के दौरान, मेट्रो संग्रहालय की अब तक की यात्रा पर प्रकाश डालने वाली एक विशेष प्रदर्शनी ‘मेट्रो संग्रहालय 14’ का उद्घाटन शालिनी सिंह ने किया।

# विंटर ओलंपिक में आइस स्केटिंग खेल से होगी पदकों की शुरुआत : मैरी कॉम

### गुरुग्राम में विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम ने नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ कर कहा

### 18वीं नेशनल स्पीड एंड फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**देश** की दिग्गज मुक्केबाज और इस खेल में छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम ने यहां 18वीं नेशनल स्पीड एंड फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इससे पूर्व उनका गुरुग्राम पहुंचने पर आयोजकों ने भव्य स्वागत किया।

एमसी मैरी कॉम ने कहा कि विंटर ओलम्पिक में पदकों की शुरुआत आइस स्केटिंग खेल से होगी। मैरी कॉम ने आइस स्केटिंग खेल को लेकर देश भर के खिलाड़ियों एवं आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जज्बे की सराहना की। आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा ने कहा कि उनकी एवं उनकी टीम की प्राथमिकता है कि वो इस आइस स्केटिंग खेल को नया आयाम प्रदान करे। उन्होंने कहा कि देश के होनहार आइस स्केटर्स को विदेशों में ट्रेनिंग दिलवाने से लेकर उन्हें सुविधाएं दिलवाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा।



गुरुग्राम में 18वीं नेशनल स्पीड एंड फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप में पहुंची मुक्केबाजी में विश्व चैंपियन एमसी मैरिकॉम।

उन्होंने कहा कि इस बार ओलम्पिक में पदक जीतना ही उनका एक मात्र लक्ष्य है।

इस दौरान इस्केट बाय रोजेट के बिजनेस हेड करण राय ने भी भविष्य में आइस स्केटिंग खेल एवं खिलाड़ियों की बढ़ोतरी की परियोजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी।

राष्ट्रीय महासचिव जगराज साहनी ने बताया कि 18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप में तेलंगाना, दिल्ली, आंध्रप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, लदख, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक, झारखण्ड, केरल, मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिमी बंगाल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, चण्डीगढ़ सहित कुल 22 राज्यों की टीमें के 300 आइस स्केटर्स हिस्सा ले रहे हैं। हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के महासचिव नरेश सेलपाड़ के अनुसार आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित पांच दिवसीय चैंपियनशिप 8 जनवरी तक चलेगी। जिसमें कई इंटरनेशनल प्लेयर्स भी हिस्सा ले रहे हैं।

**गुरुवार को ये हुए मुकाबले :** चैम्पियनशिप में स्पीड आइस स्केटिंग श्रेणी में अंडर-10, 10 से 13, 13 से 15, 15 से 17, 17 से 19 आयु वर्ग व सीनियर वर्ग में 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के स्केटर्स ने अभ्यास किया। इसी प्रकार फिगर आइस स्केटिंग में अंडर-8, 8 से 11, 11 से 13, 13 से 15, 15 से 19 एवं 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के स्केटर्स के मुकाबले हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### पेयजल आपूर्ति बिलों को दुरुस्त करने के लिए लगेंगे कैंप


निगमायुक्त पीसी मीणा।

**गुरुग्राम।** पेयजल आपूर्ति बिलों को दुरुस्त करने तथा मौके पर ही बिलों का भुगतान करने के उद्देश्य से नगर निगम गुरुग्राम द्वारा चार कॉलोनियों में विशेष कैंपों का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने बताया कि नागरिकों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए विशेष कैंप लगाने का निर्णय लिया गया है। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 9 जनवरी से 11 जनवरी तक उप्पल साऊथैंड में विशेष कैंप लगाया जाएगा। इसके अलावा 12 जनवरी से 14 जनवरी तक आरडी सिटी में, 16 जनवरी से 18 जनवरी तक मालिबु टाऊन में तथा 19 जनवरी से 21 जनवरी तक सुशांत लोक-2 में विशेष कैंपों का आयोजन होगा। निगमायुक्त ने इन चारों रिहायशी कॉलोनियों के नागरिकों से अनुरोध किया कि वे उनके यहां लगने वाले इन विशेष कैंपों में निर्धारित तिथि पर पहुंचकर अपने पेयजल आपूर्ति बिलों को दुरुस्त करवाकर मौके पर ही बिलों का भुगतान करने की सुविधा का भी लाभ उठा सकते हैं। कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग द्वारा इस बारे में आदेश जारी करके पेयजल आपूर्ति शाखा के कर्मचारियों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं। इनमें सेक्टर-42 स्थित नागरिक सुविधा केन्द्र में वाटर बिलिंग कंप्यूटर ऑपरेटर लव चौहान तथा वाटर बिलिंग सीनियर सुपरवाईजर दिनेश शर्मा शामिल हैं।

### गुरुग्राम में 11 फरवरी को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**गुरुग्राम।** अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 फरवरी को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। वादकारी अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 फरवरी को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। श्रीमती पटवर्धन ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। इन राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

# मंत्री को बताई नवीन गोयल ने विष्णु गार्डन व शीतला कालोनी में जलभराव की समस्या

### मंत्री ने दिया स्थायी समाधान कराने का आश्वासन

### नवीन गोयल ने निगम चुनावों को लेकर चर्चा की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** की जनता की आवाज बने पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता से गुरुग्राम दौरे के दौरान मुलाकात की। उन्हें नए साल की बधाई दी।

साथ ही गुरुग्राम की विष्णु गार्डन व शीतला कालोनी में जलभराव की समस्या से भी अवगत कराया। इस दौरान आगामी निगम चुनावों को लेकर भी चर्चा की। इस


गुरुग्राम में मंत्री डा. कमल गुप्ता का स्वागत करते नवीन गोयल।

अवसर पर पलवल के विधायक व गुरुग्राम भाजपा प्रभारी दीपक मंगला, गुरुग्राम जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, जिला महासचिव महेश यादव, मनीष गाड़ोली, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के उपाध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता, डा. विनोद धर्मानी, डा. सतीश धर्मानी, ईशान अग्रवाल मौजूद रहे। नवीन गोयल ने मंत्री डा. कमल गुप्ता को जानकारी दी कि गुरुग्राम का पानी पहले बादशाहपुर ड्रेन में जाए और बादशाहपुर ड्रेन का पानी नगर निगम की ड्रेन में जाए।

तब इस समस्या का समाधान हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि शहर में जो भी कालोनियों, सेक्टर के पार्क व खाली इलाके हैं, उनमें वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रावधान किए जाएं। इससे व्यर्थ बहने वाले पानी से भूमिगत वाटर लेवल को ऊपर लाने में मदद मिलेगी। भूमिगत जल के मामले में गुरुग्राम अभी डार्क जोन में है। यहां का पानी जमीन से काफी गहराई में है, जो कि भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं है।

नवीन गोयल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में तो बरसाती पानी के संचयन के लिए तालाबों को विकसित किया जा रहा है। चैक डैम बनाए जा रहे हैं। ऐसा ही शहरी क्षेत्रों में भी कुछ किया जाना चाहिए, ताकि नालों में बहने वाला बरसाती पानी जमीन में डाला जा सके। इसके लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कारगर है। गुरुग्राम में असंख्य पार्क हैं। खाली क्षेत्र भी काफी है। इन स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाकर व्यर्थ बहने वाली पानी से जमीन को रिचार्ज किया जा सकता है। नवीन गोयल की ओर से रखी गई मांगों पर मंत्री डा. कमल गुप्ता ने संज्ञान लेते हुए इस पर उचित कदम उठाने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर गांव, शहर, कस्बे का समुचित विकास कराना हरियाणा सरकार के एजेंडे में है।

# अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर खरीद पर मिलेगा अनुदान

### आवेदन लक्ष्य से ज्यादा आए तो ड्रॉ से होगा लाभार्थियों का चयन



प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**जिला** में अनुसूचित जाति किसानों के लिए वर्ष 2022-23 के लिए एसबी-89 स्कीम के अन्तर्गत ट्रैक्टर पर अनुदान देने के लिए आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। इसमें पंजीकृत किसान समूह (अनुसूचित जाति), किसान उत्पादक संगठन (अनुसूचित जाति) व व्यक्तिगत श्रेणी में अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।

इस स्कीम के तहत जिला गुरुग्राम में 35 एचपी से अधिक के तीस ट्रैक्टरों पर तीन लाख रुपये या कीमत का 50 प्रतिशत जो भी कम होगा प्रति ट्रैक्टर पर अनुदान दिया जाना है। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान सरल पोर्टल सरलहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन पर दस जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गुरुग्राम के उपनिदेशक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए किसान का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है।

आवेदन करते समय परिवार पहचान पत्र, पैन कार्ड, बैंक खाते का विवरण, आधार कार्ड, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र एवं स्वयं घोषणा पत्र की आवश्यकता होगी। यदि इस योजना के तहत लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए किसान सरकार द्वारा अधिकृत किसी भी ट्रैक्टर निर्माता से ट्रैक्टर खरीदने के लिए स्वतन्त्र होंगे। इस स्कीम के तहत अनुदान देने के लिए सारी प्रक्रिया का संचालन जिला स्तरीय कमेटी द्वारा किया जाएगा, जिसके चेयरमैन उपायुक्त गुरुग्राम हैं।

# डेरा सेवादारों ने पशुओं व वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर


गुरुग्राम में धुंध में दुर्घटनाओं से बचाने के लिए रिफ्लेक्टर लगाते सेवादार।

**गुरुग्राम।** कोहरे में ना तो पशु दुर्घटना का शिकार बनें और ना ही वाहनों के साथ हादसे हों, इसके लिए डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने मानवता भलाई के तहत गुरुवार को पशुओं को सिंगों पर और वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए।

डेरा सच्चा ग्रीन एस. वेल्फेयर फोर्स विंग के सेवादार रिफ्लेक्टर लगाने के लिए शहर में निकले। कई क्षेत्रों में घूम-घूमकर उन्होंने पशुओं के सिंगों पर और वाहनों साइकिल, रिक्शा, रेहड़ी, ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर लगाए। रिफ्लेक्टर लगाने में जुटे सेवादारों ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा की ओर से मानवता भलाई के लिए अनेक कार्य किए जाते हैं। उन कार्यों की सूची में यह कार्य 125वें नंबर पर है। जिसके तहत दुर्घटनाओं से बचाने के लिए पशुओं और वाहनों पर रिफलेक्टर आदि लगाना है। इस कार्य में लगे सेवादारों संदीप कुमार इंसा, राज कपूर इंसा, मुकेश कुमार इंसा, अशोक कुमार इंसा, रुपेश इंसा, अशोक इंसा ने कहा कि गुरूजी की ओर से समाज में हर तरह से सेवा कार्यों की शुरुआत की गई है।

# सोहना शहरी क्षेत्र में 25 हजार 196 नागरिकों ने लगवाई बूस्टर डोज

### नागरिक अस्पताल में बूस्टर डोज लगाने की प्रक्रिया को फिर से शुरू किया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** नागरिक सीमा क्षेत्र में रहने वाले 25 हजार 196 लोगों ने बूस्टर डोज नहीं लगवाई है। जिसमें 24 हजार 139 को कोविडशिल्ड और एक हजार 57 नागरिकों को बूस्टर की कोवैक्सीन की डोज लगनी थी। नागरिक अस्पताल में बूस्टर डोज लगाने की प्रक्रिया को फिर से शुरू कर दिया है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराई गई सर्वे में नागरिक अस्पताल सीमा क्षेत्र में कोविड की डोज 29 हजार 322 लोगों को लगनी थी। जिसमें कोविड की पहली डोज 28 हजार 234 नागरिकों ने ली तथा दूसरी डोज 25 हजार 452 नागरिकों ने लगवाई है। पहली और दूसरी डोज 3 हजार 865 नागरिकों ने नहीं ली है। जिसमें एक हजार 88 नागरिक पहली डोज न लगवाने वाले तथा 2 हजार 238 नागरिकों ने दूसरी डोज न लगवाई है। कोविड की तीसरी बूस्टर डोज मात्र 4 हजार 126 नागरिकों ने ली है। 25 हजार 196 नागरिकों ने अभी तक बूस्टर डोज नहीं ली है। जिसका सबसे बड़ा कारण बूस्टर की कोविडशिल्ड डोज लगनी है। जबकि सोहना नागरिक अस्पताल को कोविक्सीन डोज का सेंटर बनाया गया था। केवल सप्ताह में एक दिन ही कोविशिल्ड की डोज लगती थी।

> “बूस्टर डोज न लगाने वाले नागरिकों को जागरुक करने का अभियान शुरू कर दिया है। आशा वर्कर्स द्वारा नागरिकों को बूस्टर डोज लगवाने और टेस्ट कराने की जानकारी घर-घर जाकर दी जा रही है। पांच बेड का कोविड वार्ड स्थापित कर दिया है।
> **डॉ. दशरथ राव (एसएमओ, नागरिक अस्पताल)**

**आरटीपीसीआर टेस्ट हुआ शुरू :** स्वास्थ्य विभाग ने नागरिक अस्पताल में कोविड की बूस्टर डोज लगाने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। इसके साथ नागरिक अस्पताल में आरटीपीसीआर के टेस्ट शुरू कर दिए हैं। एक दिन में 30 से 35 नागरिक आरटीपीसीआर टेस्ट करवा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने आशा वर्कर्स के माध्यम से प्रत्येक घर में रहने वाले नागरिकों को बूस्टर डोज लगवाने के लिए प्रेरित कराया जा रहा है।

# निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा को निगम में दी गई विदाई

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम में लगभग डेढ़ वर्ष तक निगमायुक्त के पद पर कार्यरत रहे आईएएस अधिकारी मुकेश कुमार आहुजा का स्थानांतरण सरकार द्वारा हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक के पद पर किया गया है। उनके स्थानांतरण पर नगर निगम अधिकारियों ने उनके लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें उनके साथ किए गए कार्यों व अनुभवों को अधिकारियों ने साझा किया।

सेक्टर-29 स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) जिमखाना क्लब में आयोजित इस विदाई समारोह में अधिकारियों ने उन्हें यादगार के तौर पर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर श्रीआहुजा ने कहा कि इस डेढ़ वर्ष के अंतराल के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक पारिवारिक अनुभूति हुई। अधिकारियों ने एक टीम की तरह कार्य करते हुए जनसेवाओं को जारी रखने व और भी अधिक बेहतर बनाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि इस डेढ़ वर्ष के अंतराल के दौरान कई महत्वपूर्ण योजनाएं भी फाईलों से निकलकर धरातल पर आई हैं। इनमें नगर निगम गुरूग्राम का अपना कायाज़्लय भवन, मल्टीलेवल पार्किंग, वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट, लैगेसी कचरे का निपटान आदि कार्य तेजी से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भी कोई


गुरुग्राम के पूर्व निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा को विदाई देते अधिकारी व कर्मचारी।

अधिकारी पंचकुला या चंडीगढ़ आएं तो उनसे मिलकर जरूर जाएं। एडीशनल म्यूनिसिपल कमिशनर रोहताश बिश्नोई, चीफ इंजीनियर राधेश्याम शर्मा ने भी अपने अनुभव सांझा किए।

इस मौके पर अतिरिक्त निगमायुक्त अमरदीप सिंह व जयदीप कुमार, एडीशनल म्यूनिसिपल कमिशनर रोहताश बिश्नोई, जीएमडीए के एडीशनल सीईओ सुभाष यादव, संयुक्त आयुक्त विजय यादव, अखिलेश यादव, सतीश यादव, सुमित कुमार, डा. विजयपाल यादव, सीनियर मेडीकल ऑफिसर डा. आशीष सिंगला, चीफ इंजीनियर राधेश्याम शर्मा, चीफ टाऊन प्लानर सतीश पाराशर, चीफ अकाउंट ऑफिसर विजय कुमार सिंगला सहित निवर्तमान पार्षद अश्विनी शर्मा व हेमन्त सेन, कार्यकारी अभियंता, जोनल टैक्सेशन अधिकारी, सहायक अभियंता व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जीन एडिटिंग : खाद्य सुरक्षा हासिल करने और खेती को जलवायु परिवर्तन के प्रति ज्यादा सहनशील बनाने का साधन

### एग्री बायोटेक, अलायंस फॉर एग्री इनोवेशन, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया की डायरेक्टर, डॉ. रत्ना कुमरिया ने कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**जीन** एडिटिंग टेक्नॉलॉजी पूरी दुनिया में एक नवीन बायोटेक्नॉलॉजिकल एप्लीकेशन के रूप में सुर्खियों में है, जिसने वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, और कृषि विशेषज्ञों को पौध प्रजनन के क्षेत्र में क्रांति लाकर कृषि एवं खाद्य प्रणाली में नवपरिवर्तन लाने की उम्मीद और आत्मविश्वास प्रदान किया है। इसने फसलों में अलग प्रजातियों का बाहरी डीएनए डाले बिना अपेक्षित गुणों का विकास करने या अनपेक्षित गुणों को समाप्त करने का साधन दिया है।

जीन एडिटिंग में डीएनए में सटीक छंटनी करके जीनोम में संशोधन किया जाता है, जिसके बाद प्राकृतिक रिपेयर की प्रक्रिया शुरू होती है। कुछ डीएनए आधार जुड़ जाते हैं या समाप्त हो जाते हैं। यह संशोधन प्राकृतिक म्यूटेशन के समान होता है, इसलिए एडिटेड पौधों को उतने गहन सुरक्षा मूल्यांकनों की जरूरत नहीं होती है, जो ट्रांसजेनिक फसलों के लिए जरूरी हैं। जीन एडिटिंग बहुत सुरक्षित है और प्राकृतिक घटनाओं से प्राप्त म्यूटेटेड पौधों के समान होती है। हालांकि एडिटिंग का सबसे बड़ा फायदा इसकी सरलता, प्रभावशीलता, और तेजी से इसका जोखिम मुक्त होना है। यह नई टेक्नॉलॉजी बहुत छोटे समय में अपनी प्रभावशीलता साबित कर चुकी है। विभिन्न बीमारियों और प्रतिकूल मौसम ने वैश्विक स्वास्थ्य, खाद्य और पोषण की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। जलवायु परिवर्तन के कारण गंभीर होते जैविक और अजैविक तनावों की बढ़ती तीव्रता और फ्रीक्वेंसी के कारण कृषि क्षेत्र पर संकट छाया हुआ है। फसल और उत्पाद को नुकसान हो रहा है और उनमें पोषण का विकास नहीं हो पा रहा। कृषि संकट और कुपोषण का लोगों, राष्ट्रों और संपूर्ण विश्व की अर्थव्यवस्था, समाज एवं विकास पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इस परिदृश्य में जीन एडिटिंग बेहतर और सुरक्षित भविष्य के लिए एक विश्वसनीय और सतत मार्ग प्रतीत होता है। डॉ. रत्ना कुमरिया, डायरेक्टर, एग्री बायोटेक, अलायंस फॉर एग्री इनोवेशन, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया का एक विशेष रुचि समूह के अनुसार पूरे विश्व के वैज्ञानिक इस टेक्नॉलॉजी का उपयोग कर कृषि क्षेत्र में उत्साहवर्धक और आशाजनक परिणाम प्राप्त कर रहे हैं। गाबा टोमैटो जापान के कमर्शियल बाजार में प्रवेश करने वाली पहली जीन-एडिटेड खाद्य फसल थी। इसमें मानसिक तनाव और रक्तचाप को कम करने की क्षमता है। इसी प्रकार, एडिटिंग का इस्तेमाल कर विटामिन ए से भरपूर चावल का विकास किया गया। जिसमें बीटा कैरोटीन उच्च मात्रा में मौजूद हो। डॉ. रत्ना कुमरिया, डायरेक्टर, एग्री बायोटेक, अलायंस फॉर एग्री इनोवेशन, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया का एक विशेष रुचि समूहके अनुसार विश्व की जनसंख्या 2050 तक लगभग 9 से 10 बिलियन तक पहुँच जाने की उम्मीद है, जिससे आहार की मांग 50 प्रतिशत या उससे भी ज्यादा बढ़ जाएगी।

# सोहना के बारबेट कॉम्पलेक्स पर उत्पाती बंदरों का आतंक

### पर्यटकों को कॉम्पलेक्स के खुले मैदान में घूमने के लिए बचाव को लेनी पड़ रही हाथ में लाठी

**सोहना।** सोहना की अरावली पहाड़ी की गोद में बना हरियाणा टूरिज्म कॉम्पलेक्स पर बंदरों का बढ़ता आतंक यहा के कारोबार को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। दूर दराज से आने वाले पर्यटकों को उत्पाती बंदर खुले परिसर में घूमने नहीं दे रहे हैं। जिसके कारण कॉम्पलेक्स पर आने वाले पर्यटकों की संख्या दिन प्रति दिन घट रही है।

सोहना में बना हरियाणा टूरिज्म निगम का बारबेट कॉम्पलेक्स पर उत्पाती बंदरों का आतंक इतना बढ़ रहा है। यहां के खुले परिसर में टूरिज्म निगम के कर्मचारियों से लेकर पर्यटकों पर कब अपने गुस्सा से हमला कर दे। उत्पाती बंदर पर्यटकों की पार्किंग में खड़ी होने वाली गाड़ियों को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। पर्यटकों को कॉम्पलेक्स के खुले मैदान में घूमने के लिए अपने हाथ में लाठी व डंडा लेकर चलना पड़ता है। यदि गलती से किसी बंदर की तरफ लाठी या डंडा चला भी दिया जाता है।

#### पेड़-पौधों को भारी नुकसान

**उत्पाती** बंदर कॉम्पलेक्स परिसर की सुन्दर को बढ़ाने के लिए लगाए जाने वाले पेड़, पौधों और फुल देने वाले पौधों को उखाड़ देते है। बिजली की तारों को काट देते है। पर्यटकों के वाहनों को भी नुकसान पहुंचा रहे है।

> “**उत्पाती** बंदरों के आतंक से टूरिज्म निगम को तो आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके साथ पर्यटकों की संख्या भी कम होती जा रही है। वन विभाग को भी कई बार उत्पाती बंदरों को पकड़ने के लिए पत्र लिखें गए है।
> **नवीन शर्मा (प्रबंधक, बारबेट कॉम्पलेक्स सोहना)**

आसपास से भारी मात्रा में बंदर एकजुट हो जाते है। ऐसे में पर्यटकों को अपनी जान बचाना भी भारी हो जाता है। कॉम्पलैक्स कर्मचारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कमरों में ठहरने वाले पर्यटकों लेकर खाने पीने की वस्तु को भी बंदरों से छूपाकर ले जाना होता है।

# क्लाइमेट टेक कंपनी-यस वर्ल्ड ने विंडोज के लिए एनर्जी एफिशिएंसी ग्लास सॉल्यूशन लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सिंगापुर** की कंपनी यस वर्ल्ड क्लाइमेट टेक पीटीई लिमिटेड ने विंडोज के लिए दुनिया का पहला एनर्जी एफिशिएंसी ग्लास सॉल्यूशन लॉन्च किया है। यस वर्ल्ड हमारे ग्रह को ग्लोबल वार्मिंग की सबसे बड़ी समस्या से बचाने के लिए जलवायु प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम कर रहा है। अब यह स्पष्ट हो गया है कि ग्लोबल वार्मिंग हमारे ग्रह के अस्तित्व के लिए एक संभावित खतरा है और इसके लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

वैज्ञानिक के अनुसार, अगर ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए कुछ नहीं किया गया तो पृथ्वी 2040 तक खत्म हो जाएगी। काफी समय और वर्षों तक शोध, समर्पण और मेहनत करने के बाद, यस वर्ल्ड ने मानव जाति के सामने सबसे बड़ी समस्या का मुकाबला करने के लिए गुरुवार को आखिरकार एनर्जी एफिशिएंसी विंडोज सॉल्यूशन लॉन्च किया। यह क्रांतिकारी उत्पाद सूर्य से आने वाली 85 प्रतिशत गर्मी को अंदर नहीं आने देता। लॉन्च इवेंट के दौरान, यस वर्ल्ड के सीईओ और सेव अर्थ एक्टिविस्ट, डॉ. संदीप चौधरी ने कहा कि यस वर्ल्ड द्वारा विंडोज समाधान के परिणाम आश्चर्यजनक रहे हैं। यह न केवल सौर ताप को 85 प्रतिशत तक रोकता है बल्कि सूर्य से आने वाली हानिकारक यूवी किरणों को 92त्न तक रोकता है। इसके परिणामस्वरूप ऊर्जा संरक्षण होता है और जहां कहीं भी YES WORLD विंडोज समाधान स्थापित किया जाता है, वहां ऊर्जा बिल में 50 प्रतिशत तक की बचत होती है। डॉ. चौधरी ने कहा कि अनुसंधान से पता चला है कि किसी भी आवासीय या व्यावसायिक इमारत में 75 प्रतिशत सौर ताप खिड़कियों के माध्यम से आता है, और यही कारण है कि यस वर्ल्ड इनोवेशन टीम ने एक




### सोलर हीट को 85 प्रतिशत तक कम किया

स्थायी विंडोज समाधान पर ध्यान केंद्रित किया। अद्वितीय ऊर्जा दक्षता विंडोज समाधान स्थापित होने पर ऊर्जा खपत को 50 प्रतिशत तक कम कर देता है। यह अद्भुत, अनूठा और जीवन बदलने वाला उत्पाद है और हर घर और व्यावसायिक भवनों की जरूरत होगी। यस वर्ल्ड विंडोज समाधान की विश्वव्यापी स्थापना शुरू करने जा रहा है।

पहले चरण में कंपनी उन खाड़ी देशों को लक्षित करने जा रही है जहां सौर ताप की समस्या अधिक प्रमुख है, जिनमें शामिल हैं। मिस्र, तुर्की, ईरान, इराक, सऊदी अरब, यमन, जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात, इसरायल, लेबनान, ओमान, फिलिस्तीन कुवैत, कतर और बहरीन। यस वर्ल्ड अगले तीन वर्षों में 50 से अधिक देशों में बिक्री और स्थापना शुरू करने की योजना बना रहा है। यस वर्ल्ड के प्रमोटर और सीईओ संदीप चौधरी सेव अर्थ एक्टिविस्ट हैं और पर्यावरण संरक्षण की दिशा मंड उनके काम को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मान्यता मिली है। पृथ्वी को बचाने के लिए डॉ. चौधरी के सबसे बड़े मिशन ने पर्यावरण समाधान और ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में यस वर्ल्ड क्षमताओं के साथ प्रमुख तालमेल पाया है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 6 जनवरी, 2023



# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**अभिव्यक्ति** की स्वतंत्रता का अर्थ 'मुक्त भाषण' पर और नियंत्रण लगाने के बजाय बड़बोले लोगों द्वारा की जाने वाली हिंसा पर लगाम लगाना है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला समाजवादी पार्टी नेता व उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान के बयान पर लक्षित तथा मुक्त भाषण को बढ़ावा देने वाला है। आजम खान ने 2016 में बुलंदशहर बलात्कार कांड को 'और कुछ नहीं, बल्कि राजनीतिक षडयंत्र' कहा था। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि मंत्रियों, सांसदों व विधायकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अतिरिक्त नियंत्रण नहीं लगाए जा सकते हैं क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर वर्तमान नियंत्रण व्यापक हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने बहुमत से निर्णय दिया कि 'यदि मंत्री के बयान का संबंध भले ही राज्य के किसी मामले से या सरकार के बचाव में हो, पर उसे सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धान्त के आधार पर सरकार का कथन नहीं माना जा सकता है।' जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने अपना फैसला अलग लिखा। सोमवार को उन्होंने नोटबंदी पर सर्वोच्च न्यायालय के बहुमत के फैसले पर अपनी असहमति टिप्पणी लिखी थी। सरकार ने 2016 में उच्च मूल्य वाले करेंसी नोटों पर प्रतिबंध लगा दिया था। वर्तमान मामले में जस्टिस नागरत्ना ने बहुमत की यह राय स्वीकार की कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ज्यादा नियंत्रण नहीं लगाए जा सकते हैं, लेकिन उन्होंने मंत्री द्वारा दिए बयान के मामले पर अलग राय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मंत्री के बयानों को परोक्ष रूप से तत्कालीन सरकार से जोड़ा जा सकता है। उनके अनुसार, 'जनता में अपनी पहुंच और प्रभाव को देखते हुए सार्वजनिक व्यक्तित्वों को




सार्वजनिक रूप से दिए जाने वाले बयानों के प्रति ज्यादा जिम्मेदार तथा संयमित होना चाहिए क्योंकि उसका प्रभाव नागरिकों पर व्यापक रूप से पड़ता है।'

जस्टिस नागरत्ना घृणापूर्ण भाषणों के पूर्णत: खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, 'समाज को असमान रूप से पेश कर घृणापूर्ण भाषण संविधान के मूलाधारों पर प्रहार करते हैं। यह विविध पृष्ठभूमियों से आने वाले नागरिकों की बिरादराना भावना का भी उल्लंघन करते हैं। एक सुगठित समाज की जरूरी शर्त उसकी बहुलता व बहु-सांस्कृतिकता है। इंडिया या भारत यही है। बिरादराना भावना इस विचार पर आधारित है कि नागरिकों की एक दूसरे के प्रति समान जिम्मेदारियां होती हैं।' हालांकि, जस्टिस नागरत्ना के इरादे नेक हैं, लेकिन घृणापूर्ण भाषण पर उनका इरादा थोड़ा अतिरंजित लगता है। इसका कारण यह है कि पिछले सौ साल में काफी रचनात्मक व विद्वतापूर्ण कार्यों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, अथवा ईशनिन्दा, अनैतिकता, आदि आधार पर उन पर लगाम लगाई गई है। इनमें से कुछ को 'घृणापूर्ण भाषण' के दायरे में रखा जा सकता है। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती अंधविश्वासों तथा अंतहीन कर्मकांडों के कटु आलोचक थे जो शताब्दियों तक हिंदू समाज के लिए हानिकारक रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी कारण उनकी प्रशंसा की थी। अपने प्रमुख ग्रंथ 'सत्यार्थ प्रकाश' में स्वामी दयानंद ने लिखा था, 'मूर्तिपूजा अधर्म है।' क्या इसे लाखों हिंदू भक्तों की भावना को देखते हुए ईशनिन्दा कहा जा सकता है? क्या 'सत्यार्थ प्रकाश' को घृणापूर्ण भाषण समझा जा सकता है? सैकड़ों साल पहले कबीरदास ने लिखा था, 'कांकर पाथर जोरि के मस्जिद लई चुनाय, ता चढ़ि मुल्ला बांग दे, क्या बहरा भया खुदाय?' यह किसी भी दृष्टिकोण से इस्लाम के प्रति अत्यधिक आक्रामक है। उन्होंने मूर्तिपूजा का भी मजाक उड़ाया था जिसे हिंदू आक्रामक मान सकते हैं। इसलिए मुक्त भाषण पर और नियंत्रण लगाने के बजाय बड़बोले लोगों द्वारा की जाने वाली हिंसा पर लगाम लगनी चाहिए। वैसे भी वर्तमान समय में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कई ओर से हमले हो रहे हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी की मानवीय संवेदना

सार्वजनिक जीवन में दो दशक से अधिक समय बिताने वाले प्रधानमंत्री मोदी के पैर जमीन पर हैं। जनता का हित उनके दिल में बसा है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता हीराबेन के निधन पर भारतीय जनता पार्टी के अनेक नेताओं तथा सरकार में मंत्रियों ने अहमदाबाद जाने की योजना बनाई थी, पर उनको इसे छोड़ना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनको अपने काम नहीं रोकने चाहिए, इसलिए वे अपने स्थानों पर रहें। प्रधानमंत्री मोदी अहमदाबाद गए और उन्होंने दिवंगत आत्मा के प्रति तथा देश के प्रति अपना दायित्व निभाया। वे जल्द ही एक पूर्व निर्धारित बैठक में शामिल हुए। 83 वर्षीय सीताबेन पटेल सोमनाथ मंदिर 'दर्शन' के लिए आई थीं। उनको दिल में दर्द की शिकायत हुई। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली सोमनाथ ट्रस्ट इस पर फौरन सक्रिय हुई। सीताबेन को तत्काल चिकित्सा देखभाल व इलाज के लिए विमान से अहमदाबाद भेजा गया। प्रधानमंत्री की निगरानी में दिए गए निर्देश स्पष्ट हैं कि सोमनाथ मंदिर आने वाले लोगों की आपातकालीन आवश्यकताओं पर हर हाल में तुरन्त प्रतिक्रिया की जाए और इस बारे में सारे प्रयास किए जांए। दो दशकों से अधिक के सार्वजनिक जीवन में प्रधानमंत्री मोदी के पैर पूरी तरह जमीन पर टिके हैं और जनता का हित उनके दिल में बसा है। वे परेशान लोगों के प्रति पूर्णत: जागरूक हैं तथा जनता के बारे में सोचते हैं। उन्होंने राज्य संचालन को एक आत्मा व दिल की तरह परिभाषित किया है जो हमेशा जनता के लिए धड़कता रहता है। इस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुनिश्चित किया है कि जनता हमेशा नीति-निर्माण के केन्द्र में रहे।

2020 में भारत कोविड-19 वैश्विक महामारी से अत्यधिक प्रभावित हुआ। देश इसके लिए तैयार नहीं था। वैश्विक महामारी देश में बहुत जल्दी आ गई थी। 6 अप्रैल, 2020 को प्रधानमंत्री मोदी भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। पहली बार लोगों ने प्रधानमंत्री को अपना मुंह एक गमछे से ढके देखा। उस समय भारत समुचित संख्या में मास्क नहीं बना रहा था। जुलाई में प्रधानमंत्री मोदी को पहली बार फेस मास्क लगाए देखा गया। इसके एक दिन पहले भारत ने पहली बार वैश्विक महामारी से प्रभावित देशों को फेस मास्कों का निर्यात किया था। मोदी का संदेश स्पष्ट था। उनका कहना था कि लोगों को कोरोनावायरस से बचाव के लिए अपना चेहरा ढकना चाहिए। उस समय वैज्ञानिक वायरस की प्रकृति का अध्ययन कर रहे थे और वैक्सीनें बनने में समय लगने वाला था। वैक्सीनें बनाने में महीनों लगते हैं। ऐसे में चेहरा ढकना लोगों को बचाने का प्रमुख साधन था। प्रधानमंत्री मोदी ने संदेश दिया था कि लोग जो कुछ भी उपलब्ध हो, उससे अपने चेहरे ढकें। जुलाई में जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार मास्क का प्रयोग किया तब भी उन्होंने 'प्रधान सेवक' के नाते यही संदेश दिया कि वे सर्वाधिक जरूरी चीजों का प्रयोग करने में अंतिम व्यक्ति होंगे और वह भी तब जब देश उनका निर्यात शुरू कर चुका था। देश में सर्वोच्च स्तर पर यह संवेदनशीलता उस समय आई थी जब उन्होंने जनता के सरोकार व कष्ट सुनते हुए सालों बिताए थे। प्रधानमंत्री मोदी को यह समझने के लिए प्रख्यात अर्थशास्त्रियों की सलाह की आवश्यकता नहीं थी कि वैश्विक महामारी से अत्यधिक प्रभावित जनता की देखभाल के लिए मुफ्त अनाज कार्यक्रम जरूरी है। वे जानते थे कि सबसे पहले लोगों की भूख से रक्षा की जानी चाहिए। देश में किसान रोज यह सुनिश्चित करने के लिए कठोर परिश्रम करते हैं कि कोई भूखा न रहे। सरकार का यह सुनिश्चित करना प्रमुख कर्तव्य है कि राष्ट्रीय संसाधनों पर जनता का प्रथम व एकमात्र अधिकार हो। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक महामारी के सर्वाधिक कष्टदायक समय में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई की शुरुआत की। दुनिया के किसी भी देश ने ऐसा नहीं किया था और भारत खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने वाला उदाहरण बन गया।

भारत की 'वैक्सीन मैत्री' प्रधानमंत्री की मानवीय संवेदना से पैदा हुई थी जो वैश्विक महामारी से बड़ी संख्या में लोगों की मौत से चिन्तित थे। सदियों से 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारत का मंत्र रहा है। दुनिया एक है और प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व समुदाय को दिखा दिया है कि भारत सचमुच सबकी एकता के दर्शन में विश्वास करता है। भारत ने दक्षिण एशियाई देशों के लिए कोविड-19 वैश्विक महामारी हेतु प्रभावी वैक्सीनें तैयार कीं। उनकी सप्लाई अन्य एशियाई देशों, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, दक्षिण प्रशांत द्वीपों, कैरीबियन द्वीपों, आदि में की गई। वैक्सीनें मांगने वाले किसी भी देश को निराश नहीं किया गया। एक दिन अपना मुख्यमंत्री परिसर नियमित कार्यदिवस के लिए छोड़ते समय मोदी ने एक अजनबी को बाहर अकेले खड़े देखा। अपना काफिला रोक कर मोदी ने उसके बारे में जानकारी प्राप्त की। पता चला कि जब वह व्यक्ति छुट्टी पर था, उसकी पत्नी अचानक बीमार पड़ गई और उसके पास इलाज के लिए पैसा नहीं था। मोदी ने अजनबी को आश्वस्त किया कि उसकी चिन्ता दूर होगी और उसकी पत्नी का इलाज कराया गया। मोदी ने अपने पार्टी सदस्यों को हिमाचल प्रदेश के वीर लोगों के बारे में स्मारिकायें प्रकाशित करने को कहा। इनमें विक्रम भाटिया व संजय कुमार जैसे लोग शामिल थे जिन्होंने कारगिल युद्ध के समय अपना बलिदान दिया था। उनके निर्देश पर भाजपा युवा मोर्चा ने हिमाचल प्रदेश के हर जिले में स्वयं को संगठित कर शहीदों की जीवनियां व चित्र प्रकाशित किए। हालांकि, उस समय हिमाचल प्रदेश में भाजपा सरकार थी, पर इस काम में किसी सरकारी धन का उपयोग नहीं किया गया। स्मारिका में कारगिल पर एक कविता भी शामिल थी जिसे स्वयं मोदी ने लिखा था। मोदी ने जापान की एक यात्रा में देखा कि वहां सार्वजनिक स्थलों को दृष्टि दिव्यांग लोगों के उपयुक्त बनाया गया है। इससे प्रभावित व प्रेरित होकर उन्होंने ऐसे समावेशी माडल के विस्तृत विवरण एकत्र किए और उसे भारत लाए। अहमदाबाद हवाईअड्डे पर पहुंचते ही उन्होंने सुनिश्चित किया कि दस्तावेजों को फौरन अहमदाबार नगर आयुक्त को क्रियान्वयन के लिए भेजा जाए। दृष्टि दिव्यांग लोगों के लिए इस विशेष कदम का क्रियान्वयन कांकरिया लेकफ्रंट के 2.5 किलोमीटर लंबे वाकवे पर किया गया क्योंकि इस पर्यटन स्थल पर रोज लाखों लोग आते हैं। गुजरात में सार्वजनिक विश्वविद्यालय के सचिव से मैत्रीपूर्ण बातचीत में मोदी ने एक हरित आंदोलन की प्रेरणा दी। तेल बचाने तथा पर्यावरण सुरक्षा के लिए उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी चार परिसरों में सप्ताह के एक दिन 'वाहन विहीन दिवस' मनाने का विचार पेश किया। इसके परिणामस्वरूप न केवल विश्वविद्यालय में साइकिल चलाने या पैदल चलने वाले लोगों का बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित हुआ, बल्कि पर्यावरणवाद की दिशा में एक महान दृष्टिकोण भी सामने आया। भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी भारतीय स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ ऐसे विचार के साथ मनाना चाहते थे जिसका दीर्घकालीन प्रभाव आम आदमी व देश की अर्थव्यवस्था पर पड़े। प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार को यह सुनिश्चित करने को कहा कि देश के हर जिले में 75 झीलें या 'अमृत सरोवर' बनाए जांए। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी ने 2014 में पटना में आम चुनाव के पहले दो लाख लोगों की एक रैली में भाग लिया था। उनके आने के केवल एक घंटा पहले पटना रेलवे स्टेशन तथा रैली स्थल गांधी मैदान पर अनेक बम धमाके हुए। पटना में पहुंचने पर आईबी अधिकारियों ने मोदी को चेतावनी दी और सावधान किया कि वे रैली में भाग न लें क्योंकि इससे उनके जीवन पर खतरा हो सकता है। लेकिन उनको चिन्ता थी कि उनकी अनुपस्थिति से भगदड़ मच सकती है और सैकड़ों लोगों का जीवन संकट में पड़ सकता है। उन्होंने अपनी सुरक्षा के बजाय लोगों की सुरक्षा को वरीयता दी तथा रैली में भाग लिया। उनकी उपस्थिति से समर्थकों में शांति की भावना पैदा हुई।

ऐसी अनेक कहानियां हैं जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन में मानवीय भावनाओं का महत्व दर्शाती हैं। जनता की चिन्ता किए बिना राज्य चलाना एक प्रकार का खोखलापन है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को अपने राज्य संचालन में केन्द्र में रखा है।

# भारतीय राजनीति में खैरात वितरण संस्कृति

**अतुल सहगल**
(लेखक प्रबंध परामर्शदाता हैं)



खैरात वितरण नीतियों से भारतीय राजनीति बुरी तरह प्रभावित हो रही है। यह धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से एक नापाक प्रथा का बंधक बनता जा रहा है जो वोटों के लिए पैसे का व्यापार करती है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में, इस तरह की प्रथा दो दशकों से अनियंत्रित रूप से बढ़ रही है और फल-फूल रही है और यह तथ्य हमारी लोकतांत्रिक राजनीति के खोखलेपन के बारे में बहुत कुछ बताता है।

लोकतंत्र शासन की एक प्रणाली है जो लोगों पर केंद्रित है। सही? इसलिए लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों की संवेदनाओं और भावनाओं को पहचाना जाना चाहिए और सम्मान दिया ही जाना चाहिए। नागरिकों के रूप में लोगों के अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था में एक मजबूत तंत्र होना चाहिए। इसके लिए, एक संवैधानिक ढांचे की आवश्यकता है जो संस्थानों की स्थापना और सुचारू संचालन को सक्षम बनाता है - आर्थिक, प्रशासनिक और कानूनी जो निष्पक्षता, न्याय और सभी के कल्याण को सुनिश्चित करेगा। भारत के पास इनमें से कुछ भी नहीं है। क्या भारत-एक दिखावटी लोकतंत्र है? हां यह है।

लोकतंत्र यह सुनिश्चित करता है कि सरकार बनाने में प्रत्येक नागरिक की आवाज और पसंद पर विचार किया जाए। लोकतंत्र सभी मनुष्यों की समानता और सभी के लिए समान व्यवहार के आधार पर आधारित है। लोकतंत्र का अर्थ है सभी के लिए न्याय और एक कानूनी प्रणाली जो बिना किसी देरी, पटरी से उतरे या इनकार के न्याय प्रदान करती है। लोकतंत्र सभी को आत्म-विकास और विकास के समान अवसर प्रदान करता है। एक प्रणाली के रूप में लोकतंत्र लोगों की नब्ज के साथ तालमेल बिठाता है, जो बदले में सामाजिक परिवेश और लोगों की सांस्कृतिक बंधनों से अपनी ऊर्जा प्राप्त करता है। एक प्रकार की सरकार के रूप में लोकतंत्र यह सुनिश्चित करता है कि एक राष्ट्र नामक इकाई स्वाभाविक रूप से और व्यवस्थित रूप से बढ़ती है जहां प्रत्येक नागरिक योगदान देता है और प्रत्येक को समान रूप से लाभ होता है।




उपरोक्त सुविधाओं में से कोई भी भारत की मौजूदा शासन प्रणाली में मौजूद नहीं है। तब, क्या हम भारत को एक दिखावटी लोकतंत्र और अधिक कच्चे शब्दों में, एक बनाना रिपब्लिक कहकर खुद को धोखा दे रहे होंगे? एक ऐसा राज्य जिसकी राजनीति तुष्टिकरण की नीति को अनुमति देती है और प्रोत्साहित करती है और न्याय को कमजोर करती है? इस देश में, ब्रिटिश काल के पुराने कानूनों और विनियमों के बुनियादी संवैधानिक ढांचे को बदले बिना, राजनीतिक संस्थाएं और व्यवसायी उन बाधाओं को तोड़े बिना छोटे दायरे में घूम रहे हैं जो उन्हें लोगों और उनकी समस्याओं से अलग करती हैं। राजनेता भोले-भाले लोगों को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लुभाने और चुनावी गणित को अपने पक्ष में करने के लिए मुफ्त उपहारों जैसी नई सोच और योजनाएं ईजाद करते हैं। विशिष्ट वर्गों और समुदाय के लोगों के तुष्टीकरण की राजनीति घोषणापत्र के मंच से लेकर अगले चुनाव के समय तक बेधड़क चलती रहती है। मुफ्त बिजली, पानी, चिकित्सा सेवाएं और अन्य सुविधाएं वोट बटोरने के लिए रिश्वत की तरह काम करती हैं। बड़े, विकासात्मक कार्य जो आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करते हैं, धन की कमी के कारण प्रभावित होते हैं। मुफ्त भोजन नहीं होने के कारण खर्च का बोझ पूरे समाज पर पड़ता है। यह आर्थिक विकास को बाधित करने का सबसे अच्छा तरीका है और शासन के तहत राज्य के लिए सबसे प्रतिगामी तरीका है। लैटिन अमेरिकी देशों-ब्राजील और वेनेजुएला के मामले इस बात के उदाहरण हैं कि राज्य की सब्सिडी के माध्यम से अर्थव्यवस्थाओं को कैसे नष्ट किया जाए। लापरवाह, अंधाधुंध बड़े पैमाने पर सब्सिडी राज्यों के आर्थिक विनाश को दर्शाती है क्योंकि वे लोगों को सुस्ती और अपव्यय में प्रेरित करते हैं। भारत में आम आदमी पार्टी शासन के एक सुनियोजित सब्सिडी मॉडल का अनुसरण कर रही है जो अत्यधिक समाजवादी और स्पष्ट रूप से विकास विरोधी है।

विकृत राज्य शराब नीति के हाल के रहस्योद्घाटन, कि वैट में भारी कटौती करके, सरकार या उपभोक्ताओं के बजाय विक्रेताओं को बड़ा लाभ दिया गया, उन मतदाताओं के लिए एक झटका के रूप में आया, जो आप को ईमानदारी के लिए समर्पित एक राजनीतिक संगठन के रूप में मानते थे। . दिल्ली में उपभोक्ताओं के एक निश्चित वर्ग को बिजली पर दी जाने वाली सब्सिडी को शेष वर्गों के बढ़े हुए बिलों द्वारा ऑफसेट किया गया है। बहुप्रचारित मोहल्ला क्लीनिक भी एक छोटे पैमाने की समाजवादी योजना है जो सभी करदाताओं की कीमत पर नागरिकों को मुफ्त उपहार देती है। फीस वृद्धि को रोकने के लिए सैकड़ों निजी स्कूलों पर कठोर शासन ने उन स्कूलों को व्यावसायिक उदासीनता में डाल दिया। मुफ्त लंच या खैरात मॉडल ने अतीत में देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बर्बाद कर दिया है। हमें तत्काल जो करने की आवश्यकता है, वह यह है कि हम अपनी लोकतांत्रिक राज्य व्यवस्था पर एक कठोर, विस्तृत नज़र डालें और अपने संविधान और उससे प्राप्त राजनीतिक व्यवस्था को पूरी तरह से बदल दें। भारत लोकतंत्र का मूल घर और जनक है और हमें अपने प्राचीन, सनातन धर्मग्रंथों- वेदों और मनुस्मृति के आधार पर शासन की अपनी खुद की लोकतांत्रिक व्यवस्था तैयार करनी चाहिए, जिसमें लोकतांत्रिक राजनीति के समय-परीक्षणित और प्रभावी मॉडल शामिल हैं। शास्त्रों में पूर्ण लोकतांत्रिक शासन संरचनाओं के मॉडल हैं जो भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाने के बजाय ईमानदारी को प्रोत्साहित करते हैं। हाल के इतिहास के पन्ने खोलने पर यह भी पता चलेगा कि डॉ बी आर अम्बेडकर द्वारा तैयार किए गए हमारे संविधान के पहले मसौदे में ऐसे कई उदात्त शास्त्रों के सिद्धांतों को शामिल किया गया था, लेकिन उस समय के उच्च राजनीतिक अभिजात वर्ग की साजिशों ने अच्छा काम नहीं किया।

हमारे संविधान में उपरोक्त सुझाए गए संशोधन एक प्राचीन राष्ट्र के रूप में हमारे सांस्कृतिक परिवेश के अनुरूप होंगे और भारत को एक प्रमुख भू-राजनीतिक शक्ति बनाने के लिए एक तेज विकास पथ पर ले जाने का साधन बनेंगे, जिसके लिए यह गर्व की स्थिति है। सहस्राब्दी अतीत में और जो वास्तव में पूरे वैश्विक समुदाय के बड़े हित में है।

## आप की बात

### महान खिलाड़ी पेले

**हालाँकि** ब्राजील का तूफान अब थम गया है, पर पिछले चार दशकों में इस तूफान से मैदान पर छोड़े गए धुएं और निशान, गोल हमेशा की तरह अमिट हैं। ब्राजील के एक छोटे से गांव और एक गरीब परिवार से आए पेले ने अपने खेल के दम पर फुटबॉल की परिभाषा ही बदल दी। ब्राजील को तीन बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में लाने वाले पेले ने भी अपने देश का नाम रौशन किया।अभी भी अजेय है। एक खिलाड़ी की महानता उसके अस्तित्व से ही महसूस होती है। 1969 में नाइजीरिया गृहयुद्ध के दौर से गुजर रहा था। उसी समय जब पेले की सैंटोस टीम वहां पहुंची तो जंग को 48 घंटों के लिए रोक दिया गया था। ऐसी थी पेले की महानता। पेले अपने विरोधियों को पछाड़ने के लिए अपने ड्रिब्लिंग कौशल का भी इस्तेमाल करते थे। ब्राजील में फुटबॉल में उनकी उपलब्धियों और गरीबों की सामाजिक स्थितियों में सुधार लाने वाली नीतियों के मुखर समर्थन के लिए उन्हें राष्ट्रीय नायक के रूप में प्रतिष्ठित किया गया था। पेले जैसे विश्व स्तरीय खिलाड़ी जो ब्राजील तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि खेल से संन्यास लेने के चार दशक बाद भी लोकप्रिय हैं। भारत में फुटबाल की बढ़ती लोकप्रियता के कारण वे यहां भी नायक की तरह प्रतिष्ठित हैं।

**दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

### भू-जल संरक्षण

**अभी** हम देख रहे हैं कि हमारे भूजल के स्तर में काफी कमी देखने को मिली है। यह हमारे लिए बहुत ही चिंताजनक बात है। हम देख रहे हैं कि आजकल लोग अपने घरों के आगे ही अपना व्यक्तिगत नल खोल रहे हैं जिससे कि वह पानी भर पाए लेकिन उससे भूजल के स्तर में हमें काफी कमी देखने को मिल रही है। केंद्रीय भूजल निगम बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार भारत में पिछले कुछ सालों से लगभग 30 खंडों में भूजल की कमी देखने को मिली है जो कि बहुत ही चिंताजनक स्थिति है। भारत में भोजन गिरावट एक प्रमुख चिंता का विषय है क्योंकि यहां भूजल ही पेयजल का प्राथमिक स्रोत है। भारत में भूजल की कमी के कुछ प्रमुख कारणों में सिंचाई के लिये भूजल का अत्यधिक दोहनए शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन शामिल हैं। इसके लिए हमें सतत प्रयास करने होंगे। जल संरक्षण के महत्व और भूजल की कमी को रोकने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने से व्यक्तियों एवं समुदायों को संवहनीय जल उपयोग अभ्यासों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित करने में मदद मिल सकती है। केन्द्र व प्रदेश सरकारों तथा स्थानीय संस्थाओ के साथ ही आम नागरिकों को भूजल संरक्षण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

**सुदर्शन सोराड़ी,** उधम सिंह नगर

### आहत जैन समाज

**जैन** समाज के पवित्र स्थल को पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में जैन समाज का लगातार विरोध जारी है। इस कड़ी में एक जैन मुनि का अनशन के दौरान देहत्याग अत्यंत दु:खद है। हालांकि कई हिन्दू दल इसके समर्थन में आ चुके हैं परन्तु अभी तक जिस प्रकार स्थानीय राज्य सरकार का उदासीन रवैया रहा है उसे देखकर यही लगता है कि जैन समाज को अत्यधिक कम जनसंख्या वाला अल्पसंख्यक मान कर सरकार चल रही है। यही राजनैतिक दल तुरंत अल्पसंख्यक लोगों के अधिकारों की दुहाई देने में देर नहीं लगाते। समय है कि समस्त भारतीय समाज को जैन समुदाय के पक्ष में उतर कर मुखर विरोध करना चाहिए। ताकि स्थानीय सरकार उन्हे अकेला और छोटा वोटबैंक समझने की गलती न करे। अन्यथा यदि बात न्याय अन्याय की होती तो जैन समुदाय की भावनाओं का सम्मान रखते हुए इस निर्णय को वापस ले लिया जाता। जैन समाज ने हमेशा भारत की सर्वांगीण व सर्वोपरि आर्थिक प्रगति में अपना योगदान दिया है तथा अहिंसा को जनजीवन का हिस्सा बनाया है।

**मनोज,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**केन्द्र** को महाराष्ट्र की जनता की मांग स्वीकार करनी चाहिए या अदालत का फैसला आने तक विवादित क्षेत्र को संघशासित क्षेत्र बनाना चाहिए।

- **शरद पवार**
राकांपा नेता

**फुटबाल** खिलाड़ी व बेहतरीन मनुष्य के रूप में पेले अतुलनीय हैं।

- **लूला डा सिल्वा**
ब्राजील के राष्ट्रपति





**जैन** तीर्थ सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित करने का झारखंड सरकार का निर्णय गलत है।

- **अशोक पंडित**
फिल्म निर्माता






मुम्बई में रोड शो के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलते उद्योगपति मुकेश अंबानी, आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला, पीरामल समूह के चेयरपर्सन अजय पीरामल, जिंदल समूह के चेयरमैन व एमडी सज्जन जिंदल

# योगी सरकार के विकास और विजन को बैंकर्स ने भी सराहा

## ● बैंकर्स ने भी माना कि निवेश के लिए उत्तर प्रदेश बन रहा सबसे उत्तम प्रदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, मुंबई

## उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति में आए बदलाव पर भी जताई खुशी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मुंबई के होटल ताज में विभिन्न बैंकों व वित्तीय संस्थाओं के प्रमुखों से मुलाकात की। इसके बाद ये बैंकर्स भी योगी सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों से प्रभावित नजर आए। उन्होंने प्रदेश में किए गए आमूलचूल बदलावों, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर और लॉ एंड ऑर्डर में हुए सुधारों के प्रति विश्वास जताया। साथ ही निवेश के लिए उत्तर प्रदेश को सबसे उत्तम प्रदेश बताया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक के दौरान बैंक प्रमुखों को देश के सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों और सुधारों की जानकारी देते हुए उनसे प्रदेश के विकास में सहयात्री बनने की अपील की।

कोटक महिंद्रा बैंक के सीईओ उदय कोटक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंबई आगमन से हम काफी उत्साहित हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में जो स्टेबिलिटी आ रही हैए कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हो रही है लोगों का भरोसा व विश्वास मजबूत हो रहा है उसे देखते हुए बैंकर और फाइनेंशियल सिस्टम का हिस्सा होने के नाते हम काफी खुश हैं। 25 करोड़ की आबादी वाले इस प्रदेश ने जिस तरह खुद को बदला है वह काबिले तारीफहै।

**यूपी सरकार की पहल सराहनीय:** सिडबी के चेयरमैन और एमडी शिव सुब्रमण्यम रमण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया है कि प्रदेश में इंडस्ट्रियलाइजेशन में एमएसएमई मुख्य भूमिका निभा रहा है। सिडबी उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। सिडबी का मुख्यालय भी लखनऊ में है। हम बीते कई वर्षों से साथ काम कर रहे हैं लेकिन बीते कुछ महीनों में सरकार ने एमएसएमई कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए जो पहल की है, वह वाकई शानदार है। इसमें क्रेडिट गारंटी स्कीम से लेकर माइक्रो और स्मॉल इंडस्ट्रीज के लिए लोन जैसी सुविधाएं दी गई हैं। हम प्रदेश सरकार के साथ विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए जुड़े हुए हैं। हमने आईआईटी कानपुर के साथ इंक्यूबेशन सेंटर के लिए हाथ मिलाया है। आईआईटी बीएचयू के साथ भी हम हाथ मिलाने जा रहे हैं। हम मुरादाबाद में एक ग्रीनिंग प्रोग्राम शुरू कर रहे हैं जहां कोल फर्निश को पीतल निर्यातकों के लिए गैस फर्निश में परिवर्तित कर रहे हैं। यूपी सरकार प्रदेश में एमएसएमई विकास के लिए काफी प्रयास कर रही है। एफिशिएंट मशीनरी लगाने समेत कई बड़ी परियोजनाओं के लिए हम 1500 करोड़ रुपये के फंड की व्यवस्था कर रहे हैं।

**यूपी सरकार का मुख्य फोकस विकास पर:** एग्जिम बैंक की एमडी हर्षा बांगरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में बैंकिंग समुदाय की ओर से सहयोग ही आज की बैठक की प्रमुख थीम थी। मुख्यमंत्री ने इंडिया विजन के तहत हमसे उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में और अधिक सहयोग की अपेक्षा की है।

## व्यापारी समुदाय का यूपी में बढ़ा विश्वास

एसबीआई के सीएमडी दिनेश कुमार खारा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सेफ्टी और सिक्योरिटी में जो बदलाव देखने को मिला है उसने यहां निवेश के लिए उत्सुक व्यापारिक समुदाय और औद्योगिक घरानों का विश्वास बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश में बीते कुछ वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर में काफी निवेश किया गया है। रोड और बिजली जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रमुख तत्वों में सुधार बेहद सराहनीय है। ये किसी भी इंडस्ट्री को सेटअप करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण तत्व हैं। प्रदेश सरकार अपनी जीएसडीपी को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। इसके लिए कृषि को ग्रोथ प्रदान करने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। साथ ही इंडस्ट्रीज को बढ़ाने के लिए माहौल देने के साथ-साथ सरकार नए निवेशकों को स्टार्टअप मैकैनिज्म के तहत निवेश के लिए आमंत्रित कर रही है। प्रदेश में सड़कों को लेकर काम हुए हैं। यह प्रदेश में लॉजिस्टिक से जुड़े क्षेत्रों में एक अच्छा अवसर है।

## 36 करोड़ यूजर्स तक पहुंचा हैशटैग योगीनॉमिक्स

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मुम्बई से डोमेस्टिक रोड शो का शुभारंभ कर दिया है। अगले 22 दिन में देश के 9 बड़े शहरों में टीम योगी रोड शो के जरिए प्रदेश में 17 लाख करोड़ के निवेश को आकर्षित करने के लिए रोड शो करेगी। वहीं गुरुवार को जब एक तरफसीएम मुम्बई में बैंकर्स और निवेशकों से मिलकर उन्हें प्रदेश में उद्योग व्यापार लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे थे उस वक्त सोशल मीडिया यूजर्स मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अर्थिक नीतियों की हैशटैग योगीनॉमिक्स के जरिए सराहना करते दिखे। ट्विटर पर हैशटैग योगीनॉमिक्स और योगीजी घंटों टॉप ट्रेंड में बने रहे। इस दौरान यूजर्स मुम्बई में आयोजित रोड शो के इवेंट्स की तस्वीरें और वीडियो ट्वीट करके सीएम योगी के प्रयासों की सराहना करते दिखे। ट्विटर पर 36.27 करोड़ यूजर्स तक हैशटैग पहुंचा। तकरीबन 14 हजार से ज्यादा यूजर्स ने इस हैशटैग के जरिए योगी सरकार पर विश्वास जताते हुए अपने विचारों को व्यक्त किया।

## पूंजी निवेशक सम्मेलन के नाम पर सिर्फ शोर मचा रही सरकारः अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार पूंजी निवेश लाने के लिए पूंजी निवेशक सम्मेलन के नाम पर सिर्फ शोर मचाने का काम कर रही है, उसके नतीजों में जीरो आना है। उन्होंने सवाल किया कि इसके पूर्व जो निवेशक सम्मेलन हुए उसका रिजल्ट कार्ड कहां है? पिछली बार भी भाजपा सरकार ने इसी तरह से जोर शोर के साथ इन्वेस्टर्स समिट किया था और लाखों करोड़ के एमओयू होने का दावा किया था लेकिन जमीन पर कोई निवेश दिखाई नहीं दिया था। जब देश से पूंजीनिवेश नहीं हुआ तो मंत्रियों, अधिकारियों को विदेशों की सैर कराई गई। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं मुम्बई में उद्योगपतियों को उत्तर प्रदेश में लाने के लिए मनाने गए है। उत्तर प्रदेश के हालात देखकर यहां कोई भी उद्योगपति और व्यापारी निवेश को तैयार नहीं हैं। पूंजीनिवेश के मामले में भाजपा सरकार हवा में ही लाठियां भांजती नज़र आ रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से यूपी विकास के मामले में लगातार पिछड़ता जा रहा है। हाल ही में वित्तीयवर्ष 2021-22 की विकास दर को लेकर देश के सभी राज्यों जो आंकड़ा आया है उसमें उत्तर प्रदेश सबसे नीचे पहुंच गया है। इसके लिए पूरी तरह से भाजपा सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने पूछा है कि अब क्या उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार इस नकारात्मक उपलब्धि का उल्टा होर्डिंग लगवाएगी? अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। सत्ता संरक्षित अपराधियों और दबंगों का आतंक है। व्यापारी और व्यवसायी लूटे और आतंकित किए जा रहे हैं। सरेआम हत्याएं हो रही है। पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में भाजपा सरकार में प्रदेश को नम्बर एक पर पहुंचा दिया है।

## सीएम ने मुंबई में अभिनेताओं, निर्माता-निर्देशकों से किया संवाद

# सीएम ने फिल्म इंडस्ट्री को दिया यूपी में ज्यादा से ज्यादा फिल्में बनाने का न्योता

## ● यूपी में सुरक्षा के साथ कनेक्टिविटी भी अच्छी हुई है

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई, लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कला के क्षेत्र में आपने समाज को नई दिशा देने में भी योगदान दिया। ऐसे अभिनेताओं, निर्माता-निर्देशकों का स्वागत करता हूं। हमने आपके प्रतिनिधि के रूप में यूपी से मुंबई के दो कलाकारों को सांसद बनाकर भेजा है। यह आपकी पीड़ा और चुनौतियों से अवगत कराते हैं।

सीएम ने कहा कि कला ईश्वरीय वरदान है। हर किसी के पास नहीं हो सकती। हम सकारात्मक भाव से देखेंगे तो फिल्मों ने समाज को जोड़ने में बड़ा योगदान दिया है। हिंदी फिल्मों ने प्रचार-प्रसार में उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम तक अविस्मरणीय योगदान दिया है। हमारी फिल्मों ने एकता व अखंडता में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि आरोप तो भगवान राम पर भी लगे। आरोप प्रत्यारोप चलते हैं। उसकी परवाह के बिना सकारात्मक दृष्टि से बढ़ना चाहिए। यूपी में आपकी रूचि को देखकर प्रसन्नता हुई। यूपी आपके केंद्रबिन्दु में है। यूपी को आपके प्रयास से 64वें राष्ट्रीय फिल्म समारोह में मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट और 2020 में 68वें फिल्म समारोह में मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट के रूप में स्पेशल मेंशन अवॉर्ड प्राप्त हुआ था। यूपी में सुरक्षा के साथ कनेक्टविटी भी अच्छी हुई है। बड़े महानगरों के साथ छोटे शहरों को भी जोड़ा है। 2017 तक दो एयरपोर्ट लखनऊ वाराणसी क्रियाशील थे। आज 9 क्रियाशील हैं। 10 एयरपोर्ट पर कार्य कर रहे हैं। इन्हें शीघ्र क्रियाशील करने जा रहे हैं। चित्रकूट में एयरपोर्ट व सोनभद्र में भी एयर कनेक्टिवटी की सुविधा देंगे। यूपी के चित्रकूट में भगवान श्रीराम ने वनवास का सर्वाधिक समय व्यतीत किया था। वहां एयरपोर्ट भी है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के साथ दिल्ली को जोड़ा है। दिल्ली से 4 घंटे में चित्रकूट पहुंच जाएंगे। बेहतरीन कनेक्टविटी हमने उपलब्ध कराई है। पूर्वी यूपी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सुविधा दिलाई। सीएम ने कहा कि कभी लोग आजमगढ़ के नाम से डरते थे। मुंबई में तो रूम नहीं मिलता था। आज आजमगढ़ में मुंबई के कलाकार को सांसद बना दिया। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे आजमगढ़ से होकर जा रहा है। वहां लोग सुरक्षित हैं। आजमगढ़ से आने वाले व्यक्ति को अब संदेह से नहीं देखा जाता। यूपी के तराई क्षेत्रों में वहां नेशनल पार्क हैं। सैकड़ों वर्षों की विरासत जुड़ी है। बुंदेलखंड में किले ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़े हैं। फिल्म शूटिंग के लिए सुरक्षा के साथ कनेक्टिविटी की सुविधा भी यूपी में आपको मिलेगी। यूपी ने कला के क्षेत्र में कभी बहुत बड़ा योगदान दिया था। आज भी दे रहा है। उस विरासत को संरक्षित व प्रोत्साहित करना हमारा दायित्व है। इसके तहत मेरा जब मुंबई में आना होता है तो इस क्षेत्र से जुड़े लोगों से संवाद करना चाहता हूं। यूपी में फिल्म सिटी की कार्रवाई उसी का हिस्सा है। इसमें आप लोग रूचि लें। फिल्म सिटी कैसी होना चाहिए। आने वाले 50-100 वर्षों में टेक्नोलॉजी कहां जाने वाली है। उसके लिए हम अभी से कार्य करेंगे। राज्य सरकार अपना सहयोग देगी।



### फिल्म सिटी के पास बना रहे इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट

**सीएम** ने कहा कि फिल्म सिटी हम वहां बना रहे हैं जहां से मथुरा-वृंदावन की दूरी आधे से पौने घंटे में सड़क यात्रा से तय कर सकेंगे। एशिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर वहीं बना रहे हैं। फिल्म सिटी से 10 मिनट में पहुंच जाएंगे। दिल्ली एयरपोर्ट की दूरी आधे घंटे से 45 मिनट में कनेक्टिविटी देंगे। हम बहुत सुविधाएं देने जा रहे हैं। इस संबंध में हमारा अनुभव नहीं है। इस फील्ड में आपकी सक्रियता है। अभिनेता, निर्माता निर्देशक के रूप में चुनौतियां भी आप जानते हैं और समस्याओं के समाधान का सुझाव भी आपको देना है। आपके सुझाव को नोट किया है। समाधान भी करेंगे। सीएम ने कहा कि यूपी की फिल्म पॉलिसी में वेब सीरीज में हम लोग प्रदेश में सब्सिडी में 50 फीसदी की व्यवस्था करेंगे। वेब फिल्मों के लिए लागत का 25 प्रतिशत की छूट की दिशा में कार्य करने जा रहे। स्टूडियो व लैब्स के लिए 25 फीसदी छूट राज्य सरकार की ओर से संशोधित करने जा रहे हैं। उसका लाभ आप वहां ले सकेंगे। यूपी में संस्कृति कॉलेज को राज्य विवि में बदल दिया है। आजमगढ़ की जनता ने भोजपुरी फिल्म कलाकार को सांसद बनाया है। हम वहां हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय बनाने जा रहे हैं। गायनए वादन व नृत्य में वह गांव इस परंपरा से जुड़ा है। विरासतें कला में यूपी को देख रही हैं। कला को बढ़ाने का प्रयास होगा तो हर किसी अभिनेता, निर्माता निर्देशक का सम्मान होगा। हमारा प्रयास है कि ऐसी फिल्म सिटी बने, जो देश.दुनिया के लिए यूनिक हो। इसमें आपके सुझाव महत्वपूर्ण व उपयोगी होंगे। यूपी विकास की नई यात्रा पर निकल चुका है। नया उत्तर प्रदेश है। अब वहां अपराधए दंगे फसाद नहीं होते। लोग विकास की बात करते हैं। विकास को बढ़ाने के लिए पीएम मोदी के विजन को फिल्म सिटी एक भारतए श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को बढ़ाने का कार्य करेगी।

## अभिनेताओं, निर्माता निर्देशकों ने रखीं बातें

**फिल्म** निर्माता-निर्देशकों व अभिनेताओं ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बातें रखीं। बोनी कपूर ने अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उनके कार्यों की प्रशंसा की। अभिनेता व गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने कहा कि इस समय 100 से 125 फिल्मों की शूटिंग यूपी में हो रही है। लोगों को घर के पास रोजगार मिलेगा। सिनेमा जगत की तरफसे सीएम का धन्यवाद देते हुए लोगों को यूपी में आमंत्रित किया। दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है। पुरी इंडस्ट्री की तरफ से योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। सुभाष घई ने यूपी में फिल्म इंडस्ट्री की प्रगति के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। मैं चाहता हूं कि यूपी के बच्चे भी ट्रेंड कलाकार बनें। आपके बच्चे ही फिल्म इंडस्ट्री को आगे ले जा सकते हैं। हार्ड पावर के साथ सॉफ्ट पॉवर की भी आवश्यकता है। पाश र्व गायक सोनू निगम ने कहा कि आप यूपी व महाराष्ट्र को मिलाने का कार्य कर रहे हैं। हमारी तरफ से जो सर्वश्रेष्ठ हो पाएगा, करेंगे। यूपी को अपराध मुक्त करने के लिए आपने बहुत काम किया। सिंगर कैलाश खेर ने कहा कि फिल्म सिटी के साथ इल्म सिटी की भी जरूरत की बात की। यूपी अध्यात्म के लिए जाना जाता है। भारत के भगवान राम, श्रीकृष्ण, शिव की पहली नगरी यूपी में है। यूपी ने 7 प्रधानमंत्री दिए। भारत और यूपी बदल रहा है। आपकी वजह से बहुत कुछ बदल रहा है। फिल्म सिटी के अंदर इल्म सिटी व मेडिटेशन सेंटर हो। हृदय पर भी ध्यान देना होगा। यह आप जैसे संत कर सकते हैं। हम यूपी के हैं। तन, मन, धन से स्वागत करेंगे। कैलाश खरे ने स्वास्थ्य के साथ खुश रहने पर भी ध्यान देने की बात कही। चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने सुविधा और सुरक्षा की बात की। मैं अधिकतर ऐतिहासिक कार्यक्रम में काम करता हूं। जब तक परिवर्तन न कर पाऊं, पर्याप्त नहीं है। हिंदी फिल्म का बड़ा अभिनेता जहां जाता है, वहां भीड़ पर नियंत्रण की बात कही। मराठी निर्माता निर्देशक ओम राव ने कहा कि 2018 में पहली बार आपने मुंबई में रोड शो किया था। आपसे जो सुझाव साझा किए, वह आपने पूरे किए। धन्यवाद। इंस्पेक्टर अविनाश की शूटिंग होनी थी। लोकेशन के लिए आप निर्माता निर्देशक से मिले। यह बड़ी बात है। यूपी की फिल्म पॉलिसी देश में सबसे बेहतर है। आपके राज्य में कागज से निकलकर पॉलिसी यथार्थ में लागू होती है। ओटीटी पॉलिसी में शामिल करने की अपील की। हरदिल अजीज जैकी श्राफ ने खड़े होकर योगी आदित्यनाथ का अभिवादन किया। बोले कि कभी भी घर का खाने चाहिए तो हुकूम करनाए मिल जाएगा। कहा कि थियेटर में पॉपकॉर्न की कीमत कम करें। आपको हम सभी चाहते हैं। अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी यूपी के पॉलिसी की सराहना की। उम्मीद की कि जीरो क्राइम जीरो क्राइम ही रहना चाहिए। हमें सिर्फ एक्टर नहीं, टेक्निकल टीम बनाना भी महत्वपूर्ण है जिससे वहां के लोकल को इनकरेज कर सकें। लोकल को काम जरूरी है। दर्शकों को थियेटर में बुलाना बहुत जरूरी है। मैं यूपी के दर्शकों की वजह से ही सुनील शेट्टी बना। हम अच्छे काम से भी जुड़े हैं। हमारी कहानी और संगीत ने लोगों को जोड़ा है। राजकुमार संतोषी ने घातक फिल्म की चर्चा की। उस समय का वृतांत सुनाया। बोले कि आज हैरानी होती है कि आपने वहां करिश्मा कर दिखाया है। फिल्म उद्योग के लिए यहां अच्छी योजना है।

# यूपी में आध्यात्मिक महत्व के हर शहर में होगी एयर इंडिया की उड़ानः टाटा संस

## ● अडानी को भायी यूपी की पीपीपी मेडिकल कॉलेज पॉलिसी

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई, लखनऊ

## मुंबई में सीएम योगी को मिला लगभग 5 लाख करोड़ का निवेश




**भारतीय** उद्योग जगत को उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आमंत्रण देने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 5 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश लेकर यूपी लौटे हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अम्बानी ने पूरे यूपी में 5जी इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से उत्तर प्रदेश के गांवों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने सहित इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन एनर्जी सेक्टर में बड़े निवेश का प्रस्ताव दिया है तो अडानी समूह पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के साथ साथ नोएडा में 10 हजार युवाओं की क्षमता वाला कौशल विकास केंद्र स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा। दो दिनी मुंबई दौरे के दौरान मुख्यमंत्री के साथ रिलायंस, टाटा संस, अडानी, गोदरेज, बिरला, पिरामल, वेदांता, पार्ले, हिंदुजा, लोढ़ा और रैमकी सहित दो दर्जन से अधिक उद्योगपतियों ने मुलाकात की। मैराथन कार्यक्रमों के बीच उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ हुई विशेष मुलाकातों में मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5 ट्रिलियन के संकल्प से जुड़ने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान अगले 5 वर्ष में लाखों करोड़ के निवेश के अनेक प्रस्तावों के साथ अडानी समूह के करन अडानी ने वेयरहाउसिंग व लॉजिस्टिक्स सेक्टर में बड़े निवेश की कार्ययोजना पर चर्चा कीए तो 7 अलग अलग स्थानों पर सीमेंट की इकाइयां लगाने पर भी विमर्श हुआ। करण अदाणी ने मुख्यमंत्री योगी की औद्योगिक नीतियों की प्रशंसा करते हुए लखनऊ एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की

योजना भी साझा की। यूपी डिफेंस कॉरीडोर में ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा एमयूनिशन हब बनाने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। यूपी के हर जिले में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की नीति से खासे प्रभावित करन अडानी ने बलिया और श्रावस्ती में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रस्ताव रखा। आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला ने नोएडा में एक कन्वेंशन सेंटर की स्थापना के लिए सरकार से सहयोग मांगा और कहा कि यह कन्वेंशन सेंटर दुनिया के बड़े कन्वेंशन सेंटरों में से एक होगा। पिरामल एंटरप्राइजेज के अजय पिरामल ने कहा कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों म निर्वहन के लिए सतत प्रयत्नशील है। प्रधानमंत्री जी के टीबी मुक्त भारत के संकल्प से जुड़कर हम वाराणसी में खास अभियान चलाएंगे। उन्होंने फार्मा पार्क के विकास के लिए बड़े निवेश के संबंध में मुख्यमंत्री से अपनी रुचि जताई। इसी तरह जेएसडब्ल्यू ग्रुप के एमडी सज्जन जिंदल ने पॉवर जनरेशन के लिए सोनभद्र में अत्याधुनिक तकनीक वाले पम्प स्टोरेज प्लांट की स्थापना, कानपुर में ईवी मैन्युफैक्चरिंग इकाई की स्थापना और एक नई पेंट इकाई लगाने पर भी चर्चा की। जिंदल ने कानपुर में एक मंदिर और नैमिषधाम के विकास में सहभागी बनने का इच्छा भी जाहिर की। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व की चर्चा करते हुए यूपी में आध्यात्मिक सर्किट की विकास योजना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया की उड़ान सेवा बहुत जल्द यूपी के सभी एयरपोर्टो पर उपलब्ध होगी साथ ही सभी आध्यात्मिक महत्व वाले स्थलों पर होटल भी स्थापित करेगी। भावी निवेश योजनाओं पर चर्चा करते हुए देश के प्रतिष्ठित उद्योग समूह के कार्यकारी मुखिया ने कहा कि टाटा, पॉवर, हाइड्रोजन, ईवी, फूड प्रोसेसिंग और सेमीकंडक्टर में निवेश की बड़ी योजनाओं पर काम कर रही है।

यूपी के साथ काम करने के लिए कंपनी ने पूरी तैयारी की है। 16 जिलों में गैस और लोअर डिस्ट्रीब्यूशन कर रहे टोरंट पॉवर के जिनल मेहता ने बताया कि कंपनी के अभी की परियोजना में 5000 रोजगार पैदा हुए हैं और इसमें 90 फीसदी लाभ स्थानीय युवाओं को मिला है। यूपी में काम करने के अपने अनुभवों को उत्साहवर्धक बताते हुए उन्होंने कहा कि हम नए इन्वेस्टमेंट के साथ यूपी के विकास में सहभागिता करेंगे। वेदांता रिसोर्सेज के मुखिया अनिल अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश में काम करने को सौभाग्य बताते हुए कहा कि हम नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक्स और ईवी सेक्टर में रिसर्च एंड डिवेलपमेंट की बड़ी परियोजना लाने को तैयार हैं। यहाँ करीब 500 देसी.विदेशी लोगों को नौकरी मिलेगी। इसके अलावाए मोबाइल व टैबलेट पर लगने वाले ग्लास के निर्माण के लिए गोरखपुर में ग्लास मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने की योजना हैए इसके लिए कई कंपनियों के साथ मिलकर काम एक इको सिस्टम का विकास किया जाएगा।

# 84 कोसीय परिक्रमा मेला को लेकर डीएम ने की बैठक

**संवाददाता।** सीतापुर

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला मिश्रिख तीर्थ–2023 की तैयारियों/व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी मिश्रिख ने मेला से संबंधित तैयारियों के विषय में अवगत कराया एवं जो कमियां पायी गयी उन पर भी चर्चा की गयी।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि कोरोना पड़ाव के मार्गो में पड़ने वाली झाड़ियों की साफ-सफाई समय से करा दी जाये तथा चोक नालियों, पानी जमाव एवं साफ-सफाई की समसमय कराना सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि मार्ग पर पड़ने वाले विद्युत के जर्जर एवं लटके हुये तारों को सही करा दिया जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रधानों के साथ बैठक कर लाईटों की व्यवस्था व साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक कार्यो से संबंधित प्रधानों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, विद्युत विभाग के लाइनमैनों के साथ बैठक कर निर्देशित किया जाये कि जहां पर विद्युत की व्यवस्था नहीं है वहां पर सोलर लाईटों की व्यवस्था समय से करा दी जाये। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव स्थलों का समय समय पर निरीक्षण करते रहें। पड़ाव परिसर में रंग रोगन, श्रद्धालुओं के बैठक हेतु व्यवस्था, गद्दा आदि की व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जायें।

कोलुआ-गुड़ेरा मार्ग को ठीक कराते हुये खड़ंजा लगाना सुनिश्चित करते हुये विद्युत व्यवस्था की जाये। पड़ाव स्थलों, धार्मिक स्थलों की बाउन्ड्रीवाल पर रंग रोगन आदि करा दिया जाये एवं छोटे व बड़े पौराणिक स्थलों पर भी सभी व्यवस्थाएं समय से दुरूस्त करा दी जायें। औरंगाबाद में तालाब में गंदगी को साफ कराया जाये। छोटे व बड़े स्थलों, मंदिरों व तालाबों की साफ-सफाई, रंग रोगन व सौन्दर्यीकरण का कार्य सुनिश्चित

**● मिश्रिख मेला सम्बन्धित अधिकारियों को दिए निर्देश**

किया जाये। प्रत्येक स्थलों पर बैठक हेतु सार्वजनिक व्यवस्था एकरूपता सुनिश्चित की जाये। जहां-जहां स्ट्रीट लाईटों की आवश्यकता है वहां पर स्ट्रीट लाईटें लगवा दी जायें तथा जहां पर स्ट्रीट लाईट सम्भव नहीं है वहां पर सोलर लाईटें लगवा दी जायें।

पुलिस चौकियों एवं मेडिकल कैम्पों को जगह-जगह स्थापित किया जाये तथा मेडिकल कैम्पों के स्वास्थ्य के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्गों में पड़ने वाले मार्गों का निरीक्षण करते हुये दुरूस्तीकरण एवं पैचिंग का कार्य समय से सुनिश्चित कर लें। गन्ना विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि गन्ना किसानों से आवेदन पत्र लेकर उनको पर्चियां जारी कर दी जायें एवं समय रहते परिक्रमा मार्गों के आस-पास के स्थलों को खाली करा दिया जाये, जिससे गन्ना ट्रालियों, वाहनों द्वारा परिक्रमा में अवरोधक उत्पन्न न हो सके, यह कार्य चीनी मिलों के मालिकों से समन्वय करते हुये सुनिश्चित करायें।

औरंगाबाद, जरिगवां के कुण्डों की साफ-सफाई का कार्य करा लिया जाये। प्रत्येक पड़ाव पर डस्टबिन, टम्परेरी शौचालय स्थापित कराया जाये एवं सफाई गैंगों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मिश्रिख को निर्देशित किया कि चूना एवं साफ-सफाई पड़ाव एवं मार्गों कराते रहें। उपजिलाधिकारी मिश्रिख को निर्देशित किया कि आश्यकतानुसार घाटों पर नावों की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करा लें। प्रत्येक पड़ाव पर जनरेटर व टम्परेरी लाईटों एवं दुर्घटना रोधक टीमों को सक्रिय रखा जाये। वन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाले कटीले बबूल के पेड़ एवं झाड़ियों को हटवा दिया जाये एवं मार्ग अवरोधक वृक्षों की नियमता साफ करा लिया जाये। क्षेत्राधिकारी मिश्रिख को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्गो, पड़ाव एवं मेलों की सुरक्षा व्यवस्था एक रणनीति के तहत सुनिश्चित की जायें।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह धर्मार्थ कार्य है सभी लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारी पूरे मनोयोग के साथ निभाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मधु गैरोला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम भरत तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख अनिल कुमार रस्तोगी, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बसपा नेता की हुई पीट-पीटकर हत्या की आशंका से सनसनी

**संवाददाता।** सीतापुर

**● थाना पिसावां क्षेत्र का है मामला**

**सीतापुर** में बसपा नेता की पीट–पीट कर हत्या किए जाने की आशंका से सनसनी फैल गई है। थाना पिसावां इलाके में खेत में मिला बसपा नेता का रक्तरंचित शव। 58 वर्षीय मृतक रामलोटन जिगंनिया का बसपा का सेक्टर अध्यक्ष था। रामलोटन मंगलवार को खेत में फसल देखने के लिए गया था, जब वापस नहीं लौटा तो बुधवार को परिजनों ने खोजबीन की। जिगंनिया गांव के पास खेत में उसका शव बरामद हुआ। शव के पास से शराब की दो शीशी और एक गिलास भी मिला। मौके पर पहुंचे के अधिकारियों ने जांच पड़ताल की। परिजनों ने आशंका जताई है कि रामलोटन की पीट–पीट कर हत्या की गई है। खेत में लगे कटीले तारों पर उसे फेंका गया है। जिससे उसे चोट के निशान आए है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों को बताने की बात कह रही है। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह ने बताया कि मृतक की जिससे आखिरी बात हुई है। उस मोबाइल की कॉल डिटेल निकाल ली गई है। शराब के ठेके से भी पता किया जा रहा है।

# पुनर्मतगणना में कान्ती सिंह के सिर सजा प्रधान पद का ताज

**संवाददाता।** बिसवां सीतापुर

**● तहसीलदार न्यायालय बिसवां में हुई पुनर्मतगणना**

**● ब्लाक रेउसा की ग्राम पंचायत परसिया में हुआ चुनाव**

**प्रधान** पद के लिए हुई पुनर्मतगणना में एक बार फिर प्रधान पद का ताज कांति सिंह के सिर सजा। पुनर्मतगणना में कांति सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी देवांगराज को 8 मतों से पराजित किया। कांति सिंह को 284 मत मिले, जबकि देवांगराज को 276 मत ही प्राप्त हुए। बताते चलें कि ब्लाक रेउसा क्षेत्र की ग्राम पंचायत परसिया में प्रधान पद के लिए 29 अप्रैल 2021 को हुए चुनाव में जब 2 मई 2021 को मतगणना हुई, तो कांति देवी पत्नी शिवाजी को 283 मत मिले थे, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी देवांगराज को 278 मत मिले थे। इस पर देवांगराज ने मतगणना के दौरान धांधली का आरोप लगाते हुए एसडीएम न्यायालय की शरण ली। इसके बाद हाईकोर्ट में वाद दायर कर जल्द निस्तारण की गुहार लगाई। हाईकोर्ट ने 19 दिसंबर 2022 को एसडीएम न्यायालय बिसवां को 6 माह में वाद निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिस पर उपजिलाधिकारी कोर्ट ने 4 जनवरी 2023 की तिथि निर्धारित करते हुए रिकाउंटिंग कराई। बुधवार को तहसीलदार न्यायालय में हुई मतगणना में कांति देवी को 284 मत मिले, उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी देवांगराज को 8 मतों के अंतर से पराजित किया।

# खीरी में हुआ सड़क सुरक्षा माह का आगाज

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**● प्राक्कलन समिति सभापति ने जनप्रतिनिधियों, अफसरों संग किया शुभारंभ**

**सड़क** सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश ?य से गुरुवार को खीरी में सतरंगी गुब्बारे उड़ाकर, सड़क जागरूकता रैली के साथ सड़क जागरूकता माह का आगाज हुआ। प्राक्कलन समिति सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने विधायक विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरी, मंजू त्यागी, सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन के साथ सतरंगी गुब्बारे उड़ाकर एवं सड़क जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया। जनप्रतिनिधियों ने सजे–धजे सड़क सुरक्षा रथ, जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में शामिल स्कूली बच्चे, एनएसएस, स्काउट, एनसीसी को हरी झंडी दिखाई। यह जागरूकता रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, रैली में शामिल बच्चों के हाथ में तख्तियां लिए सड़क जागरूकता के नारे लगाते हुए राहगीरों, शहर के बाशिंदों को सड़क जागरूकता पंपलेट का वितरण किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में प्राक्कलन समिति, उप्र के मा.सभापति, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से विधायक विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरी, मंजू त्यागी, सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन, सीडीओ अनिल कुमार सिंह मौजूद रहे। बैठक का संचालन एआरटीओ रमेश कुमार चौबे, आलोक कुमार सिंह ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्राक्कलन समिति के सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रशासन बैठक में प्राप्त अच्छे एवम बेसकीमती सुझाव पर अमल करें। प्रशासन तहसील स्तर पर बैंकट हॉल एवं स्कूल मालिक के साथ बैठक करके नियमों की जानकारी दे, फिर कार्यवाही शुरू हो। संपूर्ण समाधान दिवसो में विधायकों के जरिए गन्ना किसानों को रिफ्लेक्टर बटवाए। सड़क पर धूमिल हो चुकी सफेद पट्टी को पीडब्ल्यूडी अपने गैग के जरिए साफ कराएं, ताकि कोहरे में वह दिखाई दें और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। सड़क सुरक्षा नियमों की सोशल मीडिया के जरिए भी जागरूक किया जाए। डीएम ने कहा कि सड़क पर चलने के दौरान जो वाहन सवार यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं वह न केवल स्वयं बल्कि परिवार की जिंदगी भी जोखिम में डालते हैं। सड़क पर वाहन चलाने के दौरान सीट बेल्ट, हेलमेट सहित अन्य सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए तो दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। डीएम ने निर्देश दिए कि एसडीएम, सीओ, ईई पीडब्ल्यूडी, ईओ संयुक्त रूप से एलआरपी से महेवागंज तक की रोड की मार्किंग कराएं, ताकि रोड चोड़ी हो सके। रोड की हद तक अतिक्रमण को हटवाए। सभी एसडीएम–सीओ अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाकर, ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाए। प्रशासन 05 दिनों तक जागरूकता अभियान चलाएगा, उसके बाद प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही होगी। नगरीय निकाय ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन वाली अवैध होल्डिंग्स को तत्काल हटवाए। प्रमुख चौराहों पर सड़क जागरूकता की न केवल होल्डिंग लगाई जाए बल्कि जागरूकता स्लोगन लिखवाया जाए। विधायक अमन गिरि ने कहा कि पुलिस प्रशासन नई सुविधाओं को मान्यता दे, चेकिंग में डिजी लाकर के प्रपत्रों को प्रशासन वैध माने। डायवर्जन पर साइनइज लगवाएं। गन्ना परिवहन में प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्राली, बैलगाड़ी में चीनी मिल प्रबंधन अभियान चलाकर रिफ्लेक्टर लगवाए। विधायक विनोद अवस्थी ने कहा कि बस मालिकों प्रशिक्षित ड्राइवरों से बस चलवाए।

# एनएमपीओएस के राष्ट्रीय मीडिया सचिव व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष का किया गया स्वागत

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**अटेवा** पेंशन बचाओ मंच लखीमपुर के जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य के आवास पर प्रदेश संगठन मंत्री एवं जिला सरंक्षक संदीप वर्मा की अध्यक्षता में एनएमपीओएस के राष्ट्रीय मीडिया सचिव, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्वोत्तर राज्यों के प्रभारी मंजीत सिंह पटेल का लखीमपुर आगमन पर स्वागत एवं साल उढ़ाकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष राजेश पांडेय एवं मीडिया प्रभारी डॉ0 कमल किशोर मौर्य ने किया।

स्वागत कर्यक्रम में मंजीत सिंह पटेल ने आंदोलन और ओपीएस बहाली के लिए तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने किस प्रकार आंदोलन को सरकार तक पहुंचाया है और उस पर सरकारों को भी सोचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने एन पी एस की खामियों को गिनाते हुए कहा कि नई पेंशन योजना देश को खोखला कर रही है,इससे केवल पूंजीपतियों को लाभ है।कर्मचारियोंन एवं देश के लिए पुरानी पेंशन ही लाभदायक है।पेंशन मुद्दा अब राजनैतिक मुद्दा बन चुका है,अब केंद्र और राज्य सरकारों को इस पर निर्णय लेना होगा।जिस प्रकार आंदोलन से चार राज्यों राजस्थान,झारखण्ड,छत्तीसगढ़, पंजाब,में पेंशन बहाल हुई है,और हिमांचल में ओपीएस मुद्दे पर सत्ता परिवर्तन हुआ है। वैसे ही पूरे देश मे पेंशन बहाल होगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बन्धु के निर्देश पर पूर्वोत्तर राज्यों नागालैंड, मिजोरम, सिक्किम, असम और मेघालय में एनएमपीओएस संगठन को खड़ा कर आंदोलन को मजबूत किया है। सिक्किम और असम के मुख्यमंत्रियों से मिलकर ओपीएस बहाली पर चर्चा भी की। इसके लिए हम सबको एकजुट होकर प्रयास करने की जरूरत है। जिला सयोंजक विश्वनाथ मौर्य ने बताया कि मंजीत सिंह पटेल मूलरूप से जनपद लखीमपुर के निवासी हैं।अपने बीच मे उन्हें पाकर हम सब गौरवान्वित हुए हैं।पेंशन आंदोलन को जनपद में मजबूत करने के लिए उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है।हम लड़ेंगे और पुरानी पेंशन बहाल कराएंगे।उन्होंने आये हुए सभी शिक्षक कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला वरिष्ठ सलाहकार संतोष वर्मा,जिला महामंत्री मनोज वर्मा,सिंचाई विभाग के अध्यक्ष रहीस पाल, मंत्री सुरेंद्र मौर्य,डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डा. एके कनौजिया, मंत्री डा. अनिल वर्मा, पंचायती राज ग्रामीण सफाईकर्मचारी संघ के अध्यक्ष सतीश वर्मा, मंत्री सोमेंद्र मौर्य, जिला मंत्री बलवीर सिंह यादव, लक्ष्मीनारायण दीक्षित, जिला संगठन मंत्री अवधेश प्रताप सिंह, जिला प्रभारी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ विशेष शर्मा,वरिष्ठ शिक्षक राकेश प्रताप, यूपीएस अध्यक्ष उमेश चौरसिया, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पटेल, मनोज वर्मा, पंकज वर्मा, डा0संदीप वर्मा, डा0 राघवेंद्र सिंह,राजेश यादव,हरेराम रस्तोगी, विद्याधर पाल, आदित्य अवस्थी,मंजू लाल प्रजापति,राम बसंत,श्रवण कुमार,आनंद चौधरी, अज्ञेय वर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, फरमान अली, रोहित शुक्ला,विनय कुमार वर्मा, मानवेन्द्र वर्मा, रमेश चंद्र वर्मा, राम बरन यादव, राम बाजपेई, निर्मल पटेल, दिनेश कनौजिया,रामगोपाल वर्मा आदि तमाम शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कच्ची शराब के खिलाफ चला अभियान**

# तीन सौ लीटर शराब व पांच हजार लीटर लहन को नष्ट किया

**● जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप सिंह दिनकर के नेतृत्व में 6 तहसीलों की आबकारी पुलिस ने की छापेमारी**

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ–खीरी



**जिलाधिकारी** खीरी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप सिंह दिनकर के नेतृत्व में जनपद खीरी में कच्ची शराब के लिए विख्यात ग्राम साहबगंज कालोनी में छापेमारी की मौके से तीन सौ लीटर कच्ची शराब व पांच हजार लीटर लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए।

गौरतलब हो कि जब तक नागरिक पुलिस अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों पर नजर इनायत व मेहरबानी बनाए रखेगी तब तक अवैध कच्ची शराब का खेल बंद नहीं होगा क्योंकि स्थानीय पुलिस पैसालेकर कच्ची शराब का उत्पादन व बिक्री कराती है।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक खीरी संयुक्त पहल कर थाना, चौकी तथा बीट के सिपाहियों को जिम्मेदार नहीं बनाएगी तबतक कच्ची शराब का खेल जारी रहेगा।

# कल्याण सिंह की मनाई गयी जयंती

**संवाददाता।** निघासन खीरी



**क्षेत्र** के महारानी अवंती बाई पब्लिक स्कूल देवीदीन पुरवा में राष्ट्रीय लोधी महासभा के पदाधिकारियों द्वारा स्वर्गीय कल्याण सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोधी महासभा के प्रदेश प्रवक्ता रतिराम लोधी में बाबूजी के जीवन परिचय के बारे में बताते हुए कहा कि स्वर्गीय कल्याण सिंह जून,1991 में उत्तर प्रदेश के पहली बार मुख्यमंत्री बने। बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद उन्होंने उसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये 6 दिसम्बर1992 को मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया। कल्याण सिंह 1993 के उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में अत्रौली और कासगंज से विधायक निर्वाचित किए गए। चुनावों में भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभर कर सामने आया लेकिन मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में समाजवादी–बहुजन समाज पार्टी ने गठबन्धन सरकार बनायी और विधान सभा में कल्याण सिंह विपक्ष के नेता बने। वे सितंबर 1997 से लेकर नवंबर 1999 तक दोबारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री चुने गए। 21 अक्टूबर 1997 को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने कल्याण सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया। कल्याण सिंह पहले से ही कांग्रेस विधायक नरेश अग्रवाल के सम्पर्क में थे और उन्होंने जल्द ही नयी पार्टी लोकतांत्रिक कांग्रेस का गठन किया और 21 विधायकों का समर्थन दिलाया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में छठवीं कक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, उठाए लाभ

**लखीमपुर खीरी।** नवोदय विद्यालय समिति (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ एक स्वायत्त संस्थान) स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह के लिए शैक्षिक सत्र 2023–24 के लिए प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा– 2023 में पंजीकरण शुरू हो गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी है। उक्त आशय की जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली के प्राचार्य अजीत कुमार शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि दो जुलाई से कक्षा छह में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2023 के लिए पंजीकरण एवं अधिक जानकारी हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर लॉगिन करे।

# सीएमओ को निरीक्षण में सीएचसी अधीक्षक सहित कई डॉक्टर व कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**● जारी हुआ कारण बताओ नोटिस**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**गुरुवार** की सुबह 10-20 पर सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक और डॉक्टरों सहित कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं इसके बाद उनके द्वारा प्रसव कक्ष के निरीक्षण के साथ सीएससी के अन्य कमरों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जानकारी देते हुए सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा गुरुवार सुबह 10-20 पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया का औचक निरीक्षण किया गया है। इस दौरान उपस्थित पंजिका का अवलोकन करने पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज भार्गव सहित फार्मासिस्ट अनिल कुमार, बीएचडब्ल्यू मीना सिंह, प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ सिम्मी गौतम, प्रयोगशाला सहायक आरके शुक्ला, एनसीडी काउंसलर विकास कुमार, एक्स–रे टेक्नीशियन शिवम वर्मा, एसटीएस सर्वेश कुमार प्रजापति व एसएमएलटी मतलूह अंसारी, एलएमओ डॉ. हसमत आरा, जो कि 2 जनवरी से 5 जनवरी तक अनुपस्थित थे के साथ एमओ डॉ सात्यक वर्मा, एमओ आरबीएसके डॉ. एसके गुप्ता 2 जनवरी से 5 जनवरी तक अनुपस्थित पाए गए।

# पेज एक का शेष

## हल्द्वानी में...

बाद जिला प्रशासन की मदद से और जरूरत पड़ने पर अर्द्धसैनिक बलों के सहयोग से अतिक्रमणकारियों को उक्त अवधि के भीतर जमीन खाली करने को कहें। शीर्ष अदालत ने कहा कि चूंकि जिन लोगों को हटाने की मांग की गई थी, वे इतने सालों से वहां रह रहे हैं, इसलिए उनके लिए कुछ पुनर्वास की तलाश की जानी चाहिए। इसमें कहा गया है, 'लोग वहां 50, 60, 70 साल से रह रहे हैं। कुछ पुनर्वास योजना बनानी होगी। यहां तक कि यदि यह भी मान भी लें कि यह पूरी तरह से रेलवे की जमीन है, तो भी कुछ योजना बनानी होगी। रेलवे की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि यह जमीन रेलवे की है और 4365 अनधिकृत कब्जाधारियों की पहचान की गई है। पीठ ने रेलवे से पूछा, 'हमें यह बात परेशान कर रही है कि आप ऐसे परिदृश्य से कैसे निपटते हैं जहां लोगों ने नीलामी में जमीन खरीदी हो... यदि लोगों ने स्वत्वाधिकार हासिल किया है, तो आप इससे कैसे निपटेंगे? भाटी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की मौजूदा योजनाएं हैं और अगर ये लोग आवेदन करते हैं तो उनके पुनर्वास पर विचार किया जा सकता है, लेकिन उनका रुख यह रहा है कि यह उनकी (रेलवे की) जमीन है। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्राधिकारियों को 'व्यावहारिक रास्ता' निकालना होगा। उसने कहा कि भूमि की प्रकृति, भूमि के स्वामित्व, प्रदत्त अधिकारों की प्रकृति से उत्पन्न होने वाले कई कोण हैं। किसी ने किसी को दावाकर्ताओं की बात सुननी होगी और सही–गलत के फैसले के लिए उनके दस्तावेजों की पड़ताल करनी होगी। शीर्ष अदालत ने कहा, हम आपसे कहना चाहते हैं कि कुछ हल निकालिए। यह एक मानवीय मुद्दा है।

## एक जनवरी...

मुद्दे को अदालत के अधिकार क्षेत्र में रखा था, जबकि मामले में शीर्ष अदालत के राम मंदिर बनाने की अनुमति के आदेश के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर का शिलान्यास किया। कांग्रेस और माकपा भाजपा शासित इस पूर्वोत्तर राज्य में मुख्य विपक्षी दल हैं, और इस बात की संभावना है कि आगामी विधानसभा चुनाव दोनों दल एक साथ मिल कर लड़ें। दक्षिण त्रिपुरा जिले के सबरूम में शाह ने भाजपा की एक रथयात्रा को हरी झंडी दिखाई। इससे पहले उन्होंने उत्तर त्रिपुरा जिले के धर्मनगर में भी एक रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाई थी। इन रथ यात्राओं का उद्देश्य प्रदेश में इस साल के शुरू में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है। उन्होंने कहा, कश्मीर के पुलवामा में हुए हादसे के दस दिन के भीतर भारतीय सैनिक पाकिस्तान के अंदर गए और सफलता पूर्वक अभियान को अंजाम दिया। उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा जिले में एक आत्मघाती हमलावर ने सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के काफिले को निशाना बनाया था जिसमें 40 जवान मारे गए थे।

## भाजपा ने...

सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा की दो रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए त्रिपुरा में हैं। शाह ने कहा, कभी मादक पदार्थों की तस्करी, हिंसा और बड़े पैमाने पर राष्ट्र–विरोधी गतिविधियों के लिए जाना जाने वाला त्रिपुरा अब विकास, उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे, खेल में उपलब्धियों, बढ़ते निवेश और जैविक खेती गतिविधियों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि इस पूर्वोत्तर राज्य में पाइप के जरिए 4.25 लाख पानी के कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है।

## सम्मेद शिखरजी...

है। यादव ने आश्वासन दिया था कि सरकार सम्मेद शिखरजी पर्वत क्षेत्र की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, जो न केवल जैन समुदाय, बल्कि पूरे देश के लोगों के लिए एक पवित्र स्थल है। झारखंड के गिरिडीह जिले में पारसनाथ पहाड़ी पर स्थित सम्मेद शिखरजी जैन समुदाय का सबसे बड़ा तीर्थस्थल है। समुदाय के सदस्य पारसनाथ पहाड़ी पर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के राज्य सरकार के कदम का विरोध कर रहे हैं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने अगस्त 2019 में पारसनाथ अभयारण्य के आसपास एक पर्यावरण–संवेदनशील क्षेत्र अधिसूचित किया था और राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसरण में पर्यावरण–पर्यटन गतिविधियों को मंजूरी दी थी। मंत्रालय ने झारखंड सरकार के वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया, जिसमें कहा गया है कि 'पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र इस क्षेत्र में अधिसूचना के खंड तीन के प्रावधानों का कार्यान्वयन तत्काल रोका जाता है, जिसमें अन्य सभी पर्यटन और पर्यावरण–पर्यटन गतिविधियां शामिल हैं। राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए तुरंत सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया जाता है। इस बीच, विभिन्न जैन समूहों के प्रतिनिधियों ने इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करने को लेकर एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया और कहा कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि उनके सबसे पवित्र तीर्थ स्थल की पवित्रता बनी रहेगी। उन्होंने एक बयान में कहा, हमारी चिंताओं को दूर कर दिया गया है और इस मुद्दे को हमारी संतुष्टि के अनुरूप सुलझा लिया गया है। पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार सम्मेद शिखरजी पर्वत क्षेत्र की पवित्रता और 'जैन समुदाय के साथ–साथ राष्ट्र के लिए इसके महत्व को पहचानती हैअ और इसे बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है।

## कुणाल कामरा...

लिए उकसाने के एक मामले में पत्रकार अर्नब गोस्वामी की अंतरिम जमानत याचिका खारिज करने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई कर रही थी। गोस्वामी को अंतरिम जमानत देने का आदेश न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पारित किया था।

## कंझावला मामले...

नहीं है और उसने अंकुश को दुर्घटना के बारे में जानकारी दी तो उसके भाई ने दीपक को पुलिस को यह बताने के लिए राजी किया था कि वह दुर्घटना के दिन गाड़ी चला रहा था। दीपक ग्रामीण सेवा चलाता है। हुड्डा ने बताय कि आशुतोष और अंकुश कार में नहीं थे। आशुतोष ने यह दावा करके पुलिस को गुमराह किया कि दीपक कार लेकर गया था, जबकि अमित कार लेकर गया था। दीपक, अमित और अंकुश का रिश्ते का भाई है। जब आरोपी और पीड़िता के बीच किसी संबंध के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा आरोपी और अंजति तथा आरोपी एवं चश्मदीदों के बीच कोई संबंध नहीं है। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है। पीसीआर वैन के आने में देरी और कॉल का जवाब नहीं देने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि आंतरिक जांच की जा रही है। यह देखा जाएगा कि यह मानवीय भूल थी या प्रणाली में कोई गड़बड़ी थी।

## नववर्ष की...

के चेहरे तेजाब से जलाए गए थे। पुलिस ने कहा कि स्थानीय लोगों ने इस मामले को लेकर हंगामा किया और उच्च पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें शांत किया। पुलिस ने कहा कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा कि बचपन के दोस्त रहे दोनों युवक इलाके में प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के खिलाफ आवाज उठा रहे थे और दोनों युवकों ने संबंधित विभागों में इन इकाइयों के बारे में कई शिकायतें की थीं। पुलिस ने कहा कि युवकों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद इन इकाइयों को बंद कर मालिक भाग गए थे। पुलिस उपायुक्त (ट्रांस हिंडन) दीक्षा शर्मा ने कहा कि बुधवार से पुलिस की कई टीम तीन अवैध फैक्ट्री मालिकों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं, जिनके खिलाफ परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## उड़ान के...

खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया जाएगा। डीजीसीए ने कहा कि चार जनवरी को घटना उसके संज्ञान में आने के बाद उसने एयर इंडिया से ब्योरा मांगा है। डीजीसीए ने एक बयान में कहा कि एयरलाइन के जवाब के आधार पर, पहली नज़र में लगता है कि विमान में सवार असभ्य यात्री से निपटने से संबंधित प्रावधानों का पालन नहीं किया गया। इसके मद्देनजर डीजीसीए ने एयर इंडिया के जवाबदेह प्रबंधक, उड़ान सेवा निदेशक, सभी पायलट व उस उड़ान के चालक दल के सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और उनसे पूछा है कि कर्तव्य की उपेक्षा को लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। बयान के मुताबिक, डीजीसीए को अपना जवाब देने के लिए एयर इंडिया को दो हफ्ते का वक्त दिया गया है और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सर्दी का...

अनुसार, कश्मीर घाटी का प्रवेश द्वार कहलाने वाले काजीगुंड में बुधवार रात को न्यूनतम तापमान शून्य से 6.2डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात की तुलना में एक डिग्री कम है। वहीं, अमरनाथ यात्रा के आधार शिविर के रूप में काम करने वाला पहलगाम बुधवार को जम्मू-कश्मीर में सबसे ठंडा स्थान रहा। वहां न्यूनतम तापमान शून्य से 9.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। एक वरिष्ठ मौसम विज्ञानी ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार सहित कई राज्यों में शीत लहर और सामान्य से कम तापमान का दौर अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इन राज्यों में दिन का तापमान सामान्य से काफी नीचे रहने के आसार हैं, जबकि उत्तर प्रदेश को भीषण ठंड का सामना करना पड़ सकता है, जहां पारा सामान्य से 10 से 12 डिग्री सेल्सियस कम रहेगा। झारखंड में भी लोगों को सर्दी का सितम झेलना पड़ रहा है। राज्य के आसमान में घना कोहरा और बादल छाए होने के बीच तापमान सात से 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। एक सरकारी अधिसूचना के मुताबिक, झारखंड में भीषण ठंड के मद्देनजर सभी प्राथमिक विद्यालय आठ जनवरी तक बंद रहेंगे।

# सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से सपा का षड़यंत्र विफल: साध्वी

● भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों के हित की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

**संवाददता।** फतेहपुर



**जिले** की सांसद व भारत सरकार की उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर कहा कि भाजपा राजनीतिक सत्ता को व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और विकास की दौड़ में पिछड़ गए लोगों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु साधन के रूप में देखती है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में किये गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायालय के आदेश से समाजवादी पार्टी का षड़यंत्र विफल हो गया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा और भाजपा सरकार पिछड़े वर्ग के साथ ही समाज के सभी वर्गो के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अपने शासनकाल में सपा-बसपा कांग्रेस ने पिछड़े, दलितों, शोषित, पीड़ित, वंचितों का वोट तो लिया लेकिन इनके लिए कुछ नहीं किया। सपा-बसपा कांग्रेस ने भ्रम फैलाकर इनको छलने का काम किया है। कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछड़ा वर्ग के सहयोग से सत्ता प्राप्त की लेकिन सत्ता का लाभ सिर्फ सैफई कुनबे तथा उनके कुछ चाहते लोगों तक सीमित रहा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सपा ने अप्रत्यक्ष रूप से हाईकोर्ट में रिट दायर करवाकर नगरीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को समाप्त करने का षडयंत्र रचा है लेकिन सपा अपने षड़यंत्र में सफल नहीं हो सकेगी। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट का विरोध सपा के पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होने निकाय चुनावों को लेकर सपा की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अखिलेश यादव व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव से रिश्ते किसी से छुपे नहीं है।

# हाई प्रोफाइल ठग शैलेन्द्र सिंह उर्फ राजू यादव की जमानत खारिज

● डीजे कोर्ट से निरस्त हुई अर्जियां, अब हाईकोर्ट की लेनी होगी शरण

● नौ में सात अभियुक्तों की नहीं हो पाई है गिरफ्तारी

**फतेहपुर।** बेरोजगार युवकों को मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग के सरगना शैलेन्द्र सिंह उर्फ राजू यादव की तीन और मुकदमों में जमानत दरख्वास्त जिला जज न्यायालय में खारिज हो गई हैं। पिछलें माह ऐसे ही एक मामले में स्थानीय विशेष न्यायाधीश एससीध् एसटी कोर्ट ने राजू यादव की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

गौरतलब है कि हाई प्रोफाइल ठग शैलेंद्र सिंह उर्फ राजू यादव की अजब कहानी है। उसने बाकायदे गैंग बनाकर बेरोजगार युवकों को मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपयों की ठगी की। इतना ही नहीं उसकी पहुंच उच्च पदस्थ सत्ता के अलंबरदारों तक होने से स्थानीय पुलिस भी वर्षो तक उस पर हाथ डालने से कतराती रही। हालात यह है कि मामला हाई प्रोफाइल होने के बाद अपनी गर्दन फसते देख राजू और एक अन्य की जैसे-तैसें गिरफ्तारी तो कर ली गई किन्तु ठग गैंग के नामित सात अन्य अभियुक्त अभी तक गिरफ्तार नहीं हो सके है जबकि वादी लगातार इनसे अपने को खतरा बताते रहे हैं। जिला जज न्यायालय ने मुकदमा अपराध संख्या - 476/2022, 701/2022, 724/2022 (कोतवाली सदर) में मुख्य अभियुक्त शैलेन्द्र सिंह उर्फ राजू यादव की जमानत दरख्वास्त को वादी पक्ष के अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शुक्ला, सुशील मिश्रा व रामदत्त त्रिवेदी एवं डीजीसी (क्रिमिनल) सहदेव गुप्ता की जोरदार जिरह के बाद निरस्त कर दिया। इन तीनों मामलों में बचाव पक्ष के अधिवक्ता जगदीश सिंह थे।

# मटर महोत्सव में प्रगतिशील किसानों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



किसान को सम्मानित करते विधायक व जिलाधिकारी।

**गुरुवार** को विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन व जिलाधिकारी चांदनी सिंह की अध्यक्षता में मटर महोत्सव का आयोजन जेएन पाण्डेय इण्टर कालेज रेढ़र में किया गया। विधायक माधौगढ़ ने अपने सम्बोधन में कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा है कि किसानों की आय दोगुनी हो और समृद्धशाली हो, किसानों की उत्थान के लिये सरकार लगातार प्रयास कर रही हैं। जनपद जालौन में हरी मटर फली का उत्पादन अधिक मात्रा में किया जाता हैं। किसानों को उनकी फसल की उचित मूल्य मिले इसके लिये जिला प्रशासन प्रयासरत हैं।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद के किसान लगभग अन्य फसल छोड़कर मटर का उत्पादन करते हैं। किसानों को उचित मूल्य मिले इसके लिये एफपीओ के माध्यम से किसान अपनी फसल को बिक्रय करे ताकि किसानों को उचित दाम मिल सके और बिचौलियों से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने समस्त किसान को बधाई देते हुये कहा कि यहां के किसानों ने गेहूं, धान न करके सभी किसानों ने एक मत होकर मटर का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनपद की मटर प्रसिद्ध है अन्य शहरों में यहां की मटर की डिमांड रहती हैं जिसको देखते हुये एफपीओ से 7 कम्पनियों से अनुबंध कराया गया है ताकि किसानों को उचित मूल्य मिल सके। मटर महोत्सव के आयोजन पर विभिन्न विभागों द्वारा परिसर में स्टॉल लगाकर किसानों को जानकारी दी। विधायक माधौगढ़ व जिलाधिकारी ने मटर महोत्सव में आये उन्नतशील किसानों को शाल भेंट व प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बांदा कृषि विश्व विद्यालय के कुलपति नरेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष सिंचाई बन्धु महेश चन्द्र पाण्डेय, जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार आदि सहित कृषक बन्धु के साथ ही ग्राम प्रधान अनिल शिवहरे भी मौजूद रहे।

# न्यायालय को गुमराह करने के मामले में पुलिस उपाधीक्षक की जांच के आदेश

● विशेष न्यायाधीश ने विवेचना में लापरवाही पर जताई नाराजगी

**चित्रकूट।** जेल में बंद दो सगी बहनों की न्यायिक अभिरक्षा बढ़ाने के लिए न्यायालय को गुमराह करने एवं विवेचना में लापरवाही करने के मामले में एससी-एसटी एक्ट कोर्ट के स्पेशल जज दीपनारायण तिवारी ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने इस मामले में चित्रकूट पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक को आदेश की एक प्रति भेजते हुए पुलिस उपाधीक्षक भास्कर वर्मा के विरुद्ध आवश्यक जांच कराने को कहा है। साथ ही जांच प्रतिवेदन एक माह के भीतर न्यायालय में आवश्यक रूप से उपलब्ध कराने को भी कहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरधुवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरद्वारा गांव में बीती 27 नवंबर 2022 को सवेरे आठ बजे दो पक्षों में भूमि संबंधी विवाद हुआ था, जिसमें दोनों पक्षों को चोटें आई थीं। पुलिस ने इस मामले में एक पक्ष की तहरीर के आधार पर बरद्वारा गांव में अपने मायके आईं कानपुर की बर्रा निवासी नीतू सिंह और उसकी बहन वंदना सिंह के विरुद्ध धारा 307, 324, 504, 506 भा. दं. सं. एवं 3(2) अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। साथ ही दोनों बहनों को जेल भेज दिया गया था, जिनकी जमानत अब तक नहीं हुई है।

एससी-एसटी एक्ट कोर्ट के स्पेशल जज दीपनारायण तिवारी के समक्ष इस मामले में राजापुर क्षेत्राधिकारी शिवप्रकाश ने उपस्थित होकर आरोपी महिलाओं की न्यायिक अभिरक्षा 14 दिन किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया था। इसके बाद विशेष न्यायाधीश ने इस मामले में आदेश जारी किया है।

# छेड़खानी के मामले में एक को चार व सहयोगी को तीन साल की सजा

**हमीरपुर।** कुरारा थानाक्षेत्र के एक गांव में करीब नौ वर्ष पूर्व घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़खानी कर मारपीट करने के मामले में न्यायालय एडीजे स्पेशल पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश ने दो आरोपियों को दोषी पाया। जिसमें एक को चार व सहयोगी को तीन साल की सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कुरारा थाना के एक गांव निवासी एक युवक ने थाने में दी तहरीर बताया कि बीते 14 अगस्त 2013 की रात पड़ोसी धर्मेंद्र व आशीष उसके घर के पीछे से अंदर घुस गए। जहां धर्मेंद्र ने उसकी नाबालिग को बुरी नीयत से दबोच लिया और उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। जबकि आशीष तमंचा लेकर उसे धमकाता रहा। पुत्री के शोर मचाने पर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट तथा गाली गलौज करने का मुकदमा कर जांच शुरू की।

# आगरा ने कानपुर को हराकर जीता फाइनल मैच

● स्वामी ब्रम्हानंद अंतरराज्यीय एसीसी क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

**संवाददाता।** राठ (हमीरपुर)



ट्राफी हासिल करते आगरा के खिलाड़ी

**स्वामी** ब्रम्हानंद अंतरराज्यीय एसीसी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कानपुर और आगरा के बीच खेला गया। जिसमें 30 ओवर के मैच में आगरा के कप्तान ने कनिष दुबे ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और 150 रन बना कर आल आउट हो गई। आगरा की तरफ से हिमांशु सींदे ने 28 और पवन नीरमानी ने 23 रन बनाए। कानपुर की तरफ से आईपीएल के खिलाड़ी मुहम्मद सारीब ने 4 विकेट और सतनाम सिंह को 3 विकेट लिए।

जबाब में उतरी कानपुर की शुरूआत खराब रही और 102 रन बनाकर आल आउट हो गई। 48 रनो से हार का सामना करना पड़ा। चारों तरफ हजारों की तादाद में दर्शको ने फाइनल मुकबले का लुफ्त उठाया। कानपुर की तरफ से सौरभ सिंह 26 और सतनाम सिंह ने 20 रन बनाए। कानपुर की 22 ओवर 5 गेंद पर 102 रन बनाकर आल आउट हो गई। आगरा की तरफ से संदीप मित्तल ने 4 विकेट, पवन नीरमानी और रवांडा और हर्ष को दो-दो विकेट मिले। टूर्नामेंट में मैंन ऑफ दी मैच और सीरीज संदीप को चुना गया।

मैच में एअम्पर विपुल और पीयूष रहे। कमेंट्री देवेन्द्र राजपूत, पजन सेंगर ने की। समापनकर्ता गोहांड के युवा समाजसेवी मानबहादुर उर्फ मुन्ना भैया ने विजेता टीम को एक लाख रुपये और कप से सम्मानित किया। कार्य क्रम के दौरान सत्तू ठेकेदार पूर्व ब्लाक प्रमुख, मुकेश राजपूत अजेश राजपूत, डा. मनोज राजपूत सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एसीसी सीमेंट के अधिकार चंद्रशेखर चौरसिया ने सभी को सम्मानित किया।

## क्विक न्यूज

### प्रशासन ने ढहाया सरकारी भूमि से अवैध कब्जा

**खागा (फतेहपुर)।** सुजानीपुर गांव मे अवैध कब्जे की शिकायत पर प्रशासन ने बुलडोजर से ढहा दिया। अवैध अतिक्रमण ढहाने मे राजस्व टीम और पुलिस बल मौके पर मुस्तैद रहा। हालांकि जिस समय से अवैध कब्जा ढहाया गया उस ग्रामीण भी इकट्ठा रहे। सुजानीपुर ग्रामसभा मे सरकारी जमीन पर गांव के ही कुछ लोगो ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर कमरा बना लिया था। जिसकी शिकायत एस डी एम मनीष कुमार को मिली थी। एसडीएम ने हल्का लेखपाल से मौके की जांच कराई और उन्होंने मौके पर खुद पहुंचकर कब्जे को जांचा था। एसडीएम के आदेश पर गुरुवार को नायब तहसीलदार शशांक राय व ओम प्रकाश सहित राजस्व और पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जेसीबी के माध्यम से अवैध कब्जा ढहा दिया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन सुजानीपुर गांव मे तमाम सरकारी जमीनों मे कब्जा करा रखा है। लेकिन साजिश के तहत इन मकानों को ढहा दिया है। जिन लोगो का पक्के मकान सरकारी जमीन पर बने है उन पर कोई कार्रवाई नही की गई है। उन्होंने लेखपाल पर अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया है।

### ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार पिता की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बाईपास एनएच-2 में गुरूवार की सुबह ट्रक की चपेट में आ जाने से 55 वर्षीय अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं उसका पुत्र बाल-बाल बच गया। उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के शाहपुर कोढ़इया गांव निवासी स्व. रामेश्वर का पुत्र भोला अपने 20 वर्षीय पुत्र लवकुश के साथ बाइक द्वारा शहर किसी काम से आया था। लगभग ग्यारह बजे वापस जाते समय जैसे ही बाइक लखनऊ बाईपास एनएच-2 पर पहुंची तभी तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे भोला गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर कानपुर जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**कानपुरदेहात।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों में लालचन्द्र गुप्ता, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के निर्देशानुसार 21 जनवरी को आरबीट्रेशन वादो के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत एवं दिनांक- 08 फरवरी से 10 फरवरी तक लघु आपराधिक वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत और 11 फरवरी (द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण. निजेन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, दीवानी राजस्व वाद, मोटर वाहन दुर्घटना वाद, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, 138 एन.आई. एक्ट, विद्युत चोरी वाद, नगर निगम वाद, वाटर टैक्स वाद, ई-चालान परिवहन विभाग से संबंधित विवादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जायेगा। आम जनमानस और वादकारियों से अपील है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ताकि न्यायालय तथा अन्य विभागों में लम्बित वादो का निस्तारण किया जाये, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जाये। जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का जनमानस के बीच प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों।

### भिटौरा ब्लाक प्रमुख ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**फतेहपुर।** भिटौरा ब्लाक के ग्राम सभा केशवपुर के मजरे कटका में भिटौरा ब्लाक प्रमुख अमित तिवारी एवं दिनेश तिवारी उर्फखलीफा द्वारा भीषण ठंड से बचने के लिए 150 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी के आवाहन पर पूरे प्रदेश में कंबल वितरित किए जा रहे हैं। प्रदेश की जनता को भरोसा दिलाया है कि इस भीषण ठंड से कोई भी व्यक्ति ना मरने पाए, उसके लिए भारतीय जनता पार्टी के सांसद विधायक कार्यकर्ताओं से अपील की है कि गांव जा जाकर के असहाय जरूरतमंद लोगों को चिन्हित करके इस भीषण ठंड से बचने के लिए गांव गांव जाकर के जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं और आगे भी किया जाएगा। ग्रामीणों में कंबल पा करके बहुत खुशी जाहिर की और ब्लॉक प्रमुख को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर गांव के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### एंटी रोमियो अभियान से महिलाओं के प्रति होने पर अपराध होंगे खत्म



**जालौन (उरई)।** रिपोर्टिंग महिला चौकी पर महिलाओं के प्रति अपराधों को प्रमुखता से सुनकर उनका निस्तारण किया जाएगा। नगर में एंटी रोमियो अभियान चलाकर युवतियों और महिलाओं के प्रति अपराध को समाप्त किया जाएगा। यह बात रिपोर्टिंग महिला चौकी प्रभारी रानी गुप्ता ने कार्यभार ग्रहण करने के दौरान कही। नगर में रिपोर्टिंग महिला चौकी के खुलने के बाद नीलम सिंह की तैनाती चौकी प्रभारी के रूप में की गई थी। उनके परिवार परामर्श केंद्र में स्थानांतरण होने पर कोतवाली में उन्हें विदाई दी गई। उनके स्थान पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी एसआई रानी गुप्ता को महिला चौकी प्रभारी बनाकर भेजा गया है। गुरुवार को उन्होंने अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के प्रति गंभीर हैं। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को गंभीरता से लिया जाएगा। कोई भी पीड़ित महिला कभी भी उनसे मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराएं। उसका तत्काल निस्तारण कराया जाएगा। कहा कि नगर में शोहदों से निपटने के लिए एंटी रोमियो अभियान चलाकर शोहदों को पकड़ा जाएगा। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता पर होंगे।

### युवती ने दुष्कर्म के आरोपी पर कराया मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली के मोहल्ला शिव नगर कॉलोनी भट्टी के निकट रहने वाले दीपक त्रिवेदी के अलावा बालाजीपुरम निवासी सचिन दुबे व श्याम शुक्ला को भी दुष्कर्म के मुकदमे में आरोपी बनाया गया है। दुष्कर्म की घटना 30 दिसंबर की है पुलिस ने अदालत के आदेश पर मोहला खानपुर गड्ढा में रहने वाली पीड़ित युवती की रिपोर्ट दर्ज की है।

# ओवरलोडिंग व अवैध खनन के खिलाफ सख्ती से चलाये अभियान: जिलाधिकारी



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला स्कूल वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 5 जनवरी से 4 फरवरी तक सड़क सुरक्षा अभियान शासन के निर्देश पर चलाया जा रहा है उसमें जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूलों पर प्रार्थना के समय सभी विद्यालयों के बच्चों को नियम कानून के बारे में बताया जाए। निबंध लेखन वाद विवाद प्रतियोगिता भी कराया जाए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी हैंड बिल प्रचार सामग्री विद्यालयों पर वितरण कराएं। मुख्य चौराहे पर भी प्रचार-प्रसार के लिए होल्डिंग लगाएं। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि पेट्रोल पंपों के संचालकों को निर्देश दें कि बिना सीट बेल्ट व हेलमेट के तेल न दें तथा होल्डिंग्स भी लगाएं। उप जिलाधिकारी, खनिज अधिकारी पुलिस विभाग तथा परिवहन विभाग अभियान चलाकर ओवरलोड वाहन व अवैध खनन के खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित कराएं तथा जो खनन वाहन अवैध नंबर प्लेट लगाकर चलते हैं उन पर कार्यवाही करते हुए वाहनों की आरसी से चेक करें। नगर निकाय व थाना क्षेत्रों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगाया जाए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे तथा एनएच पर ट्रामा सेंटर का भी प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन सड़कों पर गड्ढे हैं उनको तत्काल ठीक कराएं। खोह ओवर ब्रिज के पास व पहाड़ी कस्बे में सड़क पर गड्ढे अधिक हैं, उन्हें तत्काल ठीक करें। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विवेक शुक्ला को निर्देश दिए कि जो शासन से सड़क सुरक्षा के संबंध में निर्देश दिए गए हैं उसमें जिन विभागों को कार्य करना है, उन्हें शासनादेश उपलब्ध कराकर जन जागरूकता का कार्य किया जाए।

# पुलिस ने चोरों को दबोचकर कार-रुपये किये बरामद

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के अमानपुर स्थित हुंडई शोरुम में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दो चोरों को 43 हजार रुपये व कार समेत दबोचा है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बताया कि 31 दिसम्बर की रात अमानपुर स्थित हुडई शोरुम से चोर चार लाख 56 हजार रुपये, आधारकार्ड व अन्य कागजात चुरा ले गये थे। घटना की रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफ दर्जकर चौकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण सिंह को खुलासे के निर्देश दिये थे। चौकी प्रभारी ने मुखबिर की सूचना पर मो इस्माइल पुत्र मो इम्तियाज निवासी ऊटारखाना पुरानी बाजार, राजू द्विवेदी पुत्र लालमन द्विवेदी निवासी सिरखनी थाना विश्वविद्यालय जिला रीवां मप्र हालमुकाम पसियौडा भरतपुरी के कब्जे से यूपी 96एम- 3983 कार एवं चोरी के 43 हजार रुपये, आधारकार्ड आदि सामान बरामद किया। पूछताछ में चोरों ने बताया कि दोनों अमानपुर स्थित हुंडई शोरुम में डेकोरेशन का काम करते थे। काउंटर में रुपये देखकर उनकी नियत डोल गई। उन्होंने काउंटर से तकरीबन साढ़े चार लाख रुपये चोरी कर आपस में बांट लिए थे। लगातार खर्च करने के बाद उनके पास 43 हजार रुपये बचे हैं।

# बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रकाशकों को दिया 14 लाख किताबें छापने का आदेश

**हमीरपुर।** बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा परिषद के संचालित स्कूलों में नया सत्र शुरू होते ही अब प्राइमरी व जूनियर हाई स्कूल के छात्रों को पुस्तकें प्राप्त हो जायेंगी। इसके लिये इसी माह से प्रकाशकों को कक्षावार पुस्तकें छापने का लक्ष्य भिजवा दिया गया है। बेसिक शिक्षा परिषद के जिला समन्यवक(डीसी) विपिन कुमार ने बताया कि पिछले सत्रों में किताबों की छपाई का आर्डर ही जून-जुलाई के महीनों में दिया जाता था। जिसके बाद जिलों में किताबों की आपूर्ति ही दिसम्बर तक हो पाती थी। जिसके चलते आधे सत्र तक शिक्षक और विद्यार्थी बिना पाठ्यपुस्तकों के ही पढ़ने और पढ़ाने के लिए मजबूर थे।

कई बार शिक्षक पुराने बच्चों से किताब मांगकर नए बच्चों को दे दिया करते हैं। हालत ये है कि 2022-23 की किताबों की छपाई की सप्लाई अब तक हो रही है। शत-प्रतिशत किताबें अब तक नहीं पहुंच पाई हैं। वहीं कई अन्य वर्क बुक की छपाई का आर्डर भी सितंबर-अक्तूबर में दिया गया था, लेकिन सत्र 2023-24 में विद्यार्थियों को आधा सत्र बिना किताबों के नहीं गुजारना पड़ा। परिषद द्वारा जिलों से किताबों की छपाई के लिए आर्डर देने का आदेश जारी किया गया है। अभी कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण के अनुसार 14 लाख किताबों का आर्डर दिया जा चुका है। निशुल्क पुस्तकों के मामले में लेटलतीफी पर सरकार की लगातार छवि खराब हो रही थी। इसलिए शासन ने पहले ही सचेत होकर पुस्तकें छपवाने के लिए कमर कस ली है। जिले में कक्षा एक से आठ तक के कुल एक लाख आठ बच्चों के लिए 14 लाख किताबें मंगाने का आर्डर किया गया है। इसमें 28,311 बच्चे उर्दू व अंग्रेजी के भी शामिल हैं। उनहोने बताया कि कक्षा एक से तीन तक की किताबों की संख्या 5,64,795,कक्षा चार से पांच तक की किताबों की संख्या 3,30,668,कक्षा छह की 1,85,442,कक्षा सात की 1,65,041,कक्षा आठ की 1,54,054 छपने के आदेश कर दिये गये है। डीसी ने बताया कि अब प्राइमरी व जूनियर हाई स्कूल के छात्रों को पुस्तकों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

# विधायक व डीएम ने सड़क सुरक्षा नियमों के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में पूरे प्रदेश में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है यह 5 जनवरी से 4 फरवरी तक मनाया जाएगा। प्रदेश में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश पाने के दृष्टिगत यह सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा के नियमों को पूरे जनपद में प्रचारित करने के उद्देश्य से प्रचार वाहन को विधायक भोजपुर नागेंद्र राठौर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विधायक ने सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन करते हुए कहा कि वर्ष 2022 में जनपद फर्रुखाबाद में 371 सड़क दुर्घटनाओं में 171 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 241 व्यक्ति घायल हुए हैं। जनपद फर्रुखाबाद के लिए यह बहुत बड़ी जनहानि है। विधायक द्वारा जनमानस द्वारा सड़क सुरक्षा के नियम के पालन न करने पर चिंता जताई गई तथा सभी से अपील की गयी कि वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन अवश्य करें। विधायक द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत समस्त थाना ब्लॉक एवं



तहसील स्तर पर प्रचार कराया जाए।

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि सभी का जीवन अनमोल है इसलिए वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें। उनके द्वारा परिवहन तथा यातायात विभाग को कठोर प्रवर्तन कार्यवाही करने एवं पूरे जनपद में प्रभावी जन जागरूकता उत्पन्न करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में प्रात: कालीन सभा के अवसर पर प्रतिदिन यातायात नियमों की शपथ दिलाई जाए, छात्रों से सड़क सुरक्षा विषय पर प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएं एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाए।

इस प्रचार वाहन में वीडियो क्लिप्स के माध्यम से जनपद के प्रमुख चौराहों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर प्रचार किया जाएगा यह प्रचार वाहन जनपद में 15 जनवरी तक संचालित रहेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुभाष चंद प्रजापति, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर, आर टी ओ प्रशासन तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का एसपी ने किया शुभारंभ

**फतेहपुर।** यातायात के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का गुरूवार को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने शुभारंभ किया। तत्पश्चात एसपी व एएसपी अनिरूद्ध कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया। यह वाहन पूरे माह अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण करके लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करने का काम करेगा। जागरूकता वाहन को रवाना करते हुए एसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आज से यह अभियान चार फरवरी तक अनवरत चलेगा। जिसके तहत लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया जायेगा। उन्होने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करें, कार चलाते समय सीट बेल्ट लगायें, वाहन के कागजात पूर्ण रखें, शराब पीकर वाहन न चलायें, नाबालिगों को बाइक का संचालन न करने दें, सड़क पर पड़ने वाले सांकेतकों का ध्यान रखें, समय-समय पर ट्रक व बस चालकों की आंखों का परीक्षण करायें। उन्होने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके ही मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

# सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की दिलाई गई शपथ

**कानपुर देहात।** यातायात नियमों के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए 05 जनवरी से 04 फरवरी तक चलाये जा रहे अभियान सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक सुनीति ने संयुक्त रूप से जागरूकता वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से यातायात नियमों का पालन करने का अवाहन करते हुए कहा कि मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट और कार में सीट बैल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर कहा कि सड़क दुर्घटना के दौरान घायल व्यक्ति की मदद बेहिचक करें, क्योकि अब मदद पहुंचाने वाले व्यक्ति की किसी भी प्रकार की पुलिस अथवा अन्य व्यक्ति द्वारा पूछताछ नहीं की जायेगी। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति को शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है। उन्होंने यातायात से संबंधित जागरूकता पम्पलेट वितरित किये।

यातायात सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वाहन को निर्धारित गति सीमा में चलायें। ओवरस्पीडिंग सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगायें। अत: चार पहिया वाहन चलाते समय आगे व पीछे बैठी सभी सवारियां सीटबेल्ट अवश्य लगायें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर चालक का ध्यान ड्राइविंग से भटक जाता है, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नैवीगेशन को छोड़कर अन्य किसी कार्य के लिए कदापि न करें। नींद, नशा अथवा थकान की स्थिति में वाहन न चलायें।

# आतंकवादी संगठनों के खिलाफ सख्त हो कार्रवाई : प्राइस

● तालिबान की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने में अमेरिका, पाकिस्तान के साझा हित



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** और पाकिस्तान के यह सुनिश्चित करने में साझा हित छिपे हैं कि तालिबान आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करे और उन्हें अपने क्षेत्र का इस्तेमाल करने की अनुमति न दे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, आतंकवाद एक अभिशाप बना हुआ है, जिसने कई पाकिस्तानी, अफगान और अन्य निर्दोष लोगों की जान ली है। अमेरिका और पाकिस्तान का वास्तव में यह सुनिश्चित करने में साझा हित है कि तालिबान प्रतिबद्धताओं पर खरा उतरे, जिससे आईएसआईएस-के, टीटीपी, अल-कायदा जैसे आतंकवादी संगठन क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा न बन पाएं।तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से पाकिस्तानी राजनीतिक नेतृत्व को खतरे के संबंध में किए एक सवाल के जवाब में प्राइस ने कहा कि अमेरिका किसी भी संगठन द्वारा उत्पन्न हर तरह के खतरे की निंदा करता है और निश्चित रूप से टीटीपी जैसे आतंकवादी संगठन से इसी तरह की हिंसा का खतरा है। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि आतंकवादी हमलों के कारण पाकिस्तानी लोगों ने बहुत कुछ सहा है। हम जानते हैं कि तालिबान ने आतंकवादियों को अफगानिस्तान की सरजमीं का इस्तेमाल न करने देने को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की है। हम तालिबान से उन आतंकवाद रोधी प्रतिबद्धताओं को बनाए रखने का आह्वान करना जारी रखेंगे। फगानिस्तान के अंदर व सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय आतंकवादी संगठनों के हमलों में अब तक कई पाकिस्तानियों की जान गई है।प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा, बिल्कुल, पाकिस्तान के पास खुद का बचाव करने का पूरा अधिकार है। यह अंततः कुछ मामलों में, क्षेत्र के लिए एक साझा खतरा है। इसे हम बहुत गंभीरता से लेते हैं और निश्चित रूप से हमारे पाकिस्तानी साझेदार भी। साइइस ने कहा कि पाकिस्तान वह करेगा जो उसके हित में है और जब वह आत्मरक्षा के अधिकार के तहत उचित समझेगा तो कार्वाई करेगा।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक करीबी साझेदार और एक करीबी सुरक्षा साझेदार है। प्राइस ने कहा, साझा खतरों से निपटने और साझा अवसरों का फायदा उठाने के लिए हम एकसाथ काम करते हैं। हालांकि, मैं ऐसी किसी योजना या अभियान के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं, जिस पर पाकिस्तानी विचार कर रहे हैं या कर सकते हैं।

## अफगान तालिबान ने आईएस के ठिकाने पर हमला कर आठ आतंकवादियों को मार गिराया

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान ने इस्लामिक स्टेट के आठ आतकंवादियों को मार गिराया और नौ अन्य को गिरफ्तार कर लिया। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि राजधानी और पश्चिमी निमरोज प्रांत में आईएस आतंकवादियों को निशाना बनाते हुए छापे मारे गए। इन आतंकवादियों ने हाल में काबुल के लोगान होटल,पाकिस्तानी दूतावास और सैन्य हवाई अड्डे पर हमले किए थे। मुजाहिद ने कहा कि आठ आतंकवादी मारे गए,इनमें विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। सात आतंकवादियों को काबुल से गिरफ्तार किया गया, वहीं निमरोज प्रांत में एक अभियान में दो आतंकवादी पकड़े गए। सरकारी प्रवक्ता ने ट्वीट किया, इन सदस्यों की चीनी होटल पर हमले में मुख्य भूमिका थी और इन्होंने आईएस के विदेशी आतंकवादियों के आगफानिस्तान आने का मार्ग प्रशस्त किया। इस्लामिक स्टेट समूह ने अफगानिस्तान की राजधानी के सैन्य हवाईअड्डे पर एक जांच चौकी के पास रविवार को हुए घातक बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली थी। आईएस ने कहा था कि हमला उसी आतंकवादी ने किया जिसने दिसंबर के मध्य में लोंगान होटल पर हमला किया था। आईएस ने एक हमलावर की तस्वीर जारी की जिसकी पहचान अब्दुल जब्बार बताई गई। आतंकवादी संगठन ने कहा कि गोला बारूद समाप्त होने के बाद वह होटल में हमले से बच कर निकल आया। संगठन ने यह भी कहा कि उसने जांच चौकी के पास सैनिकों को निशाना बनाते हुए विस्फोटक लदी अपनी जैकेट में विस्फोट कर लिया। मुजाहिद ने कहा कि तालिबान के सुरक्षा बलों ने शाहदाई सालेहिन इलाके में आईएस के एक ठिकाने पर छापे मार कर हल्के हथियार, हथगोले, जैकेट और विस्फोटक आदि बरामद किए।



तालिबान लड़ाके इस्लामिक स्टेट समूह के एक घर की जांच करते हुए यह घर दोनों के बीच चल रहे संघर्ष में नष्ट हो गया था। अफगान तालिबान ने आठ इस्लामिक स्टेट समूह के लड़ाकों को मार डाला है और नौ अन्य को उग्रवादियों के खिलाफ छापेमारी में गिरफ्तार किया है

## वेस्ट बैंक में इजराइली सेना की गोलीबारी में फलस्तीनी किशोर की मौत: फलस्तीन

**यरूशलम।** इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के नाबलस शहर में बृहस्पतिवार को गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी के दौरान इजराइली बलों ने 16 वर्षीय फलस्तीनी किशोर को मार डाला। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियो ने यह जानकारी दी। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइली सैनिको द्वारा सिर मे गोली मारे जाने के कारण आमिर अबू जैतून (16) की मौत हो गई। फतेह पार्टी के सशस्त्र समूह अल अक्सा शहीद ब्रिगेड ने कहा कि अबू जैतून सशस्त्र लड़ाका नही था बल्कि वह उसके निगरानी समूह का सदस्य था, जो लड़ाको को इजराइली सेना की निगरानी और घुसपैठ की जानकारी देता है। फलस्तीन की सरकारी समाचार एजेंसी वफा के अनुसार गिरफ्तारियो के लिए हुई सेना की छापेमारी के दौरान फलस्तीनी प्रदर्शनकारियो और इजराइली सैनिको के बीच हुई झड़पो मे अबू जैतून मारा गया। हालांकि अभी यह स्पष्ट नही हो पाया है कि अबू जैतून झड़प मे शामिल था या नही। इजरायल पुलिस ने कहा है कि सेना, सीमा पुलिस और शिन बेट सुरक्षा कर्मियो ने नबलुस के नजदीक बाल्टा शरणार्थी शिविर से दो वांछित अपराधियो को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने कहा कि सशस्त्र फलस्तीनियो ने जवानो पर हमला कर दिया। जवाबी गोलीबारी मे एक सशस्त्र व्यक्ति मारा गया जिसने बलो पर बेहद नजदीक से गोली चलाई थी।

## अदालत ने इमरान को पीटीआई प्रमुख के पद से हटाने से चुनाव आयोग को रोका

**लाहौर।** पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख के पद से हटाने से बृहस्पतिवार को रोक दिया। तोशाखाना (राष्ट्रीय खज़ाना) मामले में फैसले के बाद आयोग ने पिछले महीने 70 वर्षीय खान को उनकी पार्टी के अध्यक्ष पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसनें झूठा बयान और गलत घोषणौ करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 63 (1) (पी) के तहत पूर्व प्रधानमंत्री को अयोग्य घोषित कर दिया था। खान ने बुधवार को आयोग के कदम के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। लाहौर उच्च न्यायालय ने खान की याचिका पर सुनवाई की और उनके वकील सीनेटर अली ज़फ़र की दलीलों को सुनने के बाद चुनाव आयोग को खान को पार्टी प्रमुख पद से हटाने की प्रक्रिया को शुरू करने से रोक दिया।

# भारत में वीजा साक्षात्कार नियोजन का समय कम करने का प्रयास कर रहे हैं : अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

**भारत में वीजा** साक्षात्कार नियोजन में लगने वाले समय को कम करने के लिए अमेरिका हर संभव कदम उठा रहा है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, वीजा प्रक्रिया उम्मीद से जल्दी बेहतर हो रही है और आने वाले वक्त में हम इसके वैश्विक महामारी से पहले के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अमेरिका ने 2016 के बाद से किसी भी वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2022 में सबसे अधिक छात्र वीजा जारी किए। भारत में उसके दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने एक वित्त वर्ष में जारी किए गए छात्र वीजा की संख्या के अपने पहले के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। प्राइस ने कहा, हमने करीब 1,25,000 छात्र वीजा जारी किए। हम मानते हैं कि कुछ आवेदकों को अब भी वीजा आवेदन की प्रक्रिया में लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। हम भारत तथा दुनिया भर में वीजा संबंधी साक्षात्कार के नियोजन में लगने वाले लंबे समय को जितनी जल्दी हो सके कम करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, जिसमें पर्यटक वीजा आवेदक भी शामिल हैं। प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वह उन लोगों की परेशानी समझते हैं जिन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा, मैं आपको बता सकता हूं कि मंत्री और मंत्रालय की प्राथमिकता है कि हम उस बैकलॉग (लंबित आवेदनों) को कम करने और अंततः प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करें। हम गैर-प्रवासी यात्रियों को वैध यात्रा की सुविधा प्रदान करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। प्राइस ने कहा कि वीजा सेवाओं की मांग बढ़ी है क्योंकि दुनिया भर के देशों ने वैश्विक महामारी की पाबंदियों में अब ढील दी है और लोग अमेरिका की यात्रा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम दुनियाभर में वीजा प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम कर रहे हैं..हमने वीजा संबंधी महत्वपूर्ण काम के लिए अमेरिकी विदेश सेवा कर्मियों की भर्ती को दोगुना कर दिया है। वीजा प्रक्रिया में उम्मीद से अधिक प्रगति है और हमें उम्मीद है कि यह इस साल वैश्विक महामारी से पहले के स्तर पर पहुंच जाएगी।

## विश्वास मत से पहले नेपाल के पीएम प्रचंड ने अन्य दलों से वार्ता तेज की

भाषा। काठमांडू

**नेपाल के** प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने अगले सप्ताह संसद में विश्वास मत से पहले आवश्यक बहुमत हासिल करने के लिए अन्य दलों के साथ बातचीत तेज कर दी है। प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को विश्वास मत जीतने के लिए 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 मतों की आवश्यकता है। प्रचंड का दावा है कि उन्हें 169 सांसदों का समर्थन हासिल है। प्रचंड ने पूर्व प्रधानमंत्री और सीपीएन के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल से समर्थन लेने के लिए मुलाकात की। माधव नेपाल के नेतृत्व वाली पार्टी के पास प्रतिनिधि सभा में 10 सीटें हैं। माईरिपब्लिका अखबार ने बताया कि सिंघ दरबार में माओवादी सेंटर के संसदीय दल कार्यालय में बैठक हुई ।

# पुतिन ने यूक्रेन में इस सप्ताहांत 36 घंटे के संघर्ष विराम का आदेश दिया

भाषा। कीव



**रूसी राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने रूसी रूढ़िवादी क्रिसमस की छुट्टी के लिए इस सप्ताहांत यूक्रेन में मास्को के सशस्त्र बलों को 36 घंटे के संघर्ष विराम का बृहस्पतिवार को आदेश दिया। क्रेमलिन ने यह जानकारी दी। यह आदेश रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च के प्रमुख पैट्रिआर्क किरिल के प्रस्ताव के बाद आया है। रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू को संबोधित पुतिन का यह आदेश क्रेमलिन की वेबसाइट पर प्रकाशित हुआ है। इस आदेश के अनुसार इस तथ्य के आधार पर कि बड़ी संख्या में रूढ़िवादी नागरिक युद्ध क्षेत्रों में रहते हैं, हम यूक्रेनी पक्ष से संघर्ष विराम की घोषणा करने का आह्वान करते हैं। रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को इस सप्ताहांत यूक्रेन में 36 घंटे के क्रिसमस संघर्ष विराम का आह्वान किया, लेकिन उनकी अपील से लगभग 11 महीने पहले रूसी हमले के साथ शुरू हुए युद्ध को रोकने में कोई सफलता मिलने की संभावना नहीं दिख रही है। पैट्रिआर्क किरिल ने स्थानीय समयानुसार शुक्रवार दोपहर से शनिवार मध्यरात्रि तक युद्धविराम का सुझाव दिया। यूक्रेनी राष्ट्रपति के सलाहकार माईखाइलो पोडोलीक ने किरिल के आह्वान को खारिज कर दिया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने 25 दिसंबर से पहले रूसी सेना की वापसी का प्रस्ताव दिया था, लेकिन रूस ने इसे अस्वीकार कर दिया था।

# चीन से आने वाले यात्री उड़ान से पहले कराएं कोविड जांच

● यूरोपीय संघ ने दी सदस्य देशों को सलाह



भाषा। ब्रसेल्स

**यूरोपीय संघ ने** अपने सदस्य देशों से जोर देकर कहा कि वे चीन से आने वाले यात्रियों के लिए विमान में सवार होने से पहले कोविड जांच अनिवार्य करने का नियम बनाएं। बहरहाल, इस बयान से बीजिंग नाराज हो सकता है और वैश्विक विमानन उद्योग पहले ही उसकी आलोचना कर चुका है।

यूरोपीय संघ के स्वास्थ्य विशेषज्ञों में सप्ताहभर चली वार्ता के बाद ईयू ने सभी 27 सदस्य देशों को ऐसे यात्रा प्रतिबंध लागू करने से रोक दिया, जो इटली, फ्रांस और स्पेन जैसे देश पहले से ही लागू कर चुके हैं।

चीन पहले से ही ऐसी कार्वाई को जोरदार ढंग से खारिज कर चुका है और ईयू के देशों में ऐसी नीतियां लागू होने पर समान प्रतिक्रिया देने की भी चेतावनी दी है। चीनी सरकार और यूरोपीय स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा है कि चूंकि चीन से निकले कोरोना वायरस के स्वरूप पहले से ही यूरोप में हैं तो यात्रा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की जरूरत नहीं है। इससे पहले बुधवार को दुनियाभर में लगभग 300 एयरलाइनों के अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) ने विरोध का जोरदार समर्थन किया। आईएटीए महानिदेशक विली वाल्श ने कहा, कोरोना वायरस से बचाव के ऐसे उपायों को बहाल होते देखना बहुत निराशाजनक है, जो पिछले तीन साल में निष्प्रभावी साबित हुए हैं। प्रतिक्रिया की चेतावनी देने के अगले दिन चीनी सरकार के प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को कहा, हम उम्मीद करते हैं कि सभी लोग कोविड महामारी से लड़ने पर ध्यान देंगे और इसका राजनीतिकरण करने से बचेंगे। इसके बावजूद ईयू यह सुनिश्चित करने का इच्छुक प्रतीत होता है कि चीन से आने वाले यात्रियों से महाद्वीप पर कोरोना वायरस का कोई संभावित नया स्वरूप न आए। ईयू की अध्यक्षता कर रहे स्वीडन ने एक बयान में कहा कि चीन से आने वाले यात्रियों को कम समय पर अधिसूचित आदेशों का पालन करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

## मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच बीजिंग के अस्पतालों में बिस्तरों की कमी

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में करोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच अस्पतालों में बिस्तरों की कमी हो गई है और मरीजों को अस्पताल के गलियारों में स्ट्रेचर या व्हीलचेयर पर बैठकर ऑक्सीजन लेते देखा जा सकता है। शहर के पूर्वी इलाके में स्थित चुइयांग्लु अस्पताल बृहस्पतिवार को नए मरीजों से भरा हुआ था। मध्याह्न तक अस्पताल में सभी बिस्तर भर चुके थे लेकिन एम्बुलेंसों से यहां मरीजों के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी था। अस्पताल के नर्स और चिकित्सक उन मरीजों की जानकारी लेने के लिए तत्काल आगे बढ़े जिन्हें चिकित्सा सहायता की नितांत आवश्यकता थी। चीन के अस्पतालों में मरीजों की यह बाढ़ दरअसल करीब तीन सालों से चल रही उसकी शून्य कोविड नीति के तहत लागू पाबंदियों को हटाने के बाद आई है। इन पाबंदियों के तहत लॉकडाउन चल रहा था, यात्राओं पर पाबंदी थी व स्कूल बंद थे। इनका अर्थव्यवस्था पर काफी दबाव था और इसके विरोध में लोग सड़कों पर प्रदर्शन के लिए भी उतरे थे। यूरोपीय संघ ने भी बुधवार को अपने सदस्य देशों को चीन से आने वाले यात्रियों के लिए प्रस्थान पूर्व कोविड-19 परीक्षण को लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया है। पिछले एक हफ्ते में, यूरोपीय संघ के देशों ने चीन के यात्रियों पर कई तरह के प्रतिबंधों के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जो एकरूपता में कार्य करने की समूह की पूर्व प्रतिबद्धता का उल्लंघन करते हैं। इटली यूरोपीय संघ का पहला देश था जिसने चीन से आने वाले एयरलाइन यात्रियों के लिए कोरोनोवायरस परीक्षण की आवश्यकता को अनिवार्य किया था।

## हांगकांग रविवार को चीन से लगी सीमा को फिर से खोलना शुरू करेगा

भाषा। हांगकांग

**हांगकांग** रविवार को चीन के साथ लगी अपनी सीमा को फिर से खोलना शुरू कर देगा, जिससे हर दिन हजारों लोगों को दोनों तरफ आवाजाही की अनुमति मिलेगी। शहर के नेता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। चीन की शून्य कोविड नीति के कारण लगभग तीन वर्षों से चीन के साथ शहर की जमीनी और समुद्री सीमा चौकियां बंद थीं और जिससे देश में प्रवेश प्रतिबंधित था। सीमाओं के फिर से खुलने से हांगकांग की अर्थव्यवस्था को बहुत जरूरी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। बृहस्पतिवार की घोषणा तब हुई जब चीन दुनिया के कुछ सबसे सख्त वायरस रोधी उपायों में ढील दे रहा है। चीन की सरकार ने एक बयान में कहा कि रविवार से चीन धीरे-धीरे हांगकांग और देश के बीच उड़ानों की संख्या में वृद्धि करेगा और शहर से उड़ानों के लिए यात्री संख्या की सीमा को समाप्त कर देगा। मुख्य कार्यकारी जॉन ली ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मेरा व्यक्तिगत झुकाव है, यदि कारक अनुमति देते हैं।

# वेटिकन आश्रम के एक मकबरे में बेनेडिक्ट 16वें के पार्थिव शरीर को दफनाया गया



भाषा। वेटिकन सिटी

**पोप एमेरिट्स** (सेवानिवृत्त) बेनेडिक्ट 16वें के पार्थिव शरीर को सेंट पीटर्स बेसेलिका के मुख्त तल के नीचे एक मकबरे में दफन कर दिया गया। वेटिकन की तरफ से यह जानकारी दी गई। बेनेडिक्ट के शरीर को वेटिकन द्वारा उनके पूर्ववर्ती जॉन पॉल द्वितीय के अवशेषों को मुख्य मंजिल पर ले जाने के बाद छोड़ी गई जगह में रखा गया था। बृहस्पतिवार को सेंट पीटर स्क्वायर में बेनेडिक्ट के अंतिम संस्कार के समापन के लगभग 90 मिनट बाद वेटिकन के प्रेस कार्यालय द्वारा उन्हें दफनाए जाने की संक्षिप्त घोषणा की गई। पोप फ्रांसिस ने अंतिम संस्कार कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इसमें करीब 50 हजार शोकाकुल लोग शामिल हुए। वेटिकन द्वारा जारी की गई तस्वीरों में पहले जस्ते का ताबूत दिखाया गया है जिससे अनुयायियों ने उनके दर्शन किए फिर बाद में उसे लकड़ी के ताबूत से बदल कर मकबरे में रख दिया गया।

## पवित्र स्थल की इजराइली मंत्री की यात्रा को लेकर संयुक्त राष्ट्र की हो रही आपात बैठक

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** सुरक्षा परिषद ने फिलिस्तीनियों और अन्य इस्लामी तथा गैर-इस्लामिक राष्ट्रों के एक अनुरोध पर बृहस्पतिवार को एक आपात बैठक बुलाई है। इस अनुरोध में इजराइल के एक कट्टर राष्ट्रवादी कैबिनेट मंत्री की यरुशलम स्थित पवित्र स्थल की यात्रा का विरोध करने, इजराइल की ओर से उकसावे की कार्वाई समाप्त करने तथा मुसलमानों और यहूदियों के लिए पवित्र स्थल पर ऐतिहासिक यथास्थिति बनाए रखने की मांग की गई है। इजरायल के नए राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गविर ने मंगलवार को यहूदियों के लिए टेंपल माउंट और मुसलमानों के लिए अल-हरम अल-शरीफ के रूप में चर्चित पवित्र स्थल की यात्रा की थी। इसके बाद मुस्लिम जगत ने इस घटना की कड़ी निंदा की है।

## इमरान का आरोप : जनरल बाजवा कराना चाहते थे उनकी हत्या

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान के** अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान ने सेवानिवृत्त सेनाध्यक्ष कमर जावेद बाजवा पर ताजा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पूर्व जनरल उनकी हत्या करवा कर देश में आपातकाल की घोषणा करना चाहते थे। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान ने लाहौर में एक निजी समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में यह चौंकाने वाला आरोप लगाया। अप्रैल में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद से ही 70 वर्षीय खान के संबंध बाजवा के साथ तनावपूर्ण हो गए थे। देश में समय से पहले चुनाव कराने को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के उद्देश्य से लाहौर से 150 किलोमीटर दूर वजीराबाद में तीन नवंबर को एक मार्च के दौरान एक कंटेनर ट्रक पर खड़े इमरान और अन्य लोगों पर दो बंदूकधारियों ने कई गोलियां दागी थीं। इस घटना में उनके दाहिने पैर में गोली लगी थी। चैनल के लाहौर ब्यूरो चीफ के हवाले से डॉन समाचार पत्र ने अपनी खबर में कहा है कि खान ने कहा कि कई लोगों ने उनसे कहा था कि वह बाजवा के खिलाफ आरोप लगाना बंद कर दें क्योंकि वह सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन वह जनरल बाजवा द्वारा किए गए अपराधों पर चुप नहीं रह सकते थे। खबर के अनुसार, खान ने दावा किया कि बाजवा मुझे मरवाना चाहते थे। खान का यह साक्षात्कार चैनल ने अब तक प्रसारित नहीं किया है। खान अतीत में भी बावजा पर आरोप लगा चुके हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष अब खान के मुख्य निशाने पर हैं, क्योंकि वह उन्हें सरकार में अपनी सभी विफलताओं का एकमात्र कारण मानते हैं। अपदस्थ प्रधानमंत्री यह भी आरोप लगाते हैं कि सेवानिवृत्त जनरल ने अमेरिकी साजिश के तहत उनकी सरकार को गिरा दिया था।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Pinki Sharma is the owner of Built up Property bearing No. 398-A, Old No. 32, Area measuring 50 Sq., Yds., out of Khasra No.51/22, Situated in the area of Village Palam Delhi State Delhi, Colony known as Raj Nagar II, Ambedkar Marg, Palam Colony, New Delhi, vide GPA, Will and ATS dated 20.04.2001. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its Sale/Mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE
To be known to all that I,Sunil Kumar Nagpal S/o Sh. Inder Pal Nagpal R/o Flat No.9-C,opp Press Colony,Maya Puri, New Delhi, I Am Attorney of DDA LIG Flat No.9-C, 2nd Floor, Near Govt.Press Colony at Mayapuri,Delhi Vide DDA File No.F92 (114)/85/LIG/RPS has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold The original documents DDA N.O.C. for electric and water connection of the above flat have been lost. An FIR to this effect has been lodged in Police Station, New Delhi,vide NCR No.14413/2023 Date-05.01.2023.Any person(s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No.9810018427within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LIG) H or Director D Block,Vikas Sadan, INA, New Delhi.

PUBLIC NOTICE
In Re : Flat No. 0301 Tower 'J' Supertech Eco-Village 1, Plot No.8, Sector-1, Greater Noida, U.P – 201303
GENERAL PUBLIC is hereby informed that upon the demise of Sh. Rabi Shankar Sett S/o. Late Sh. A.K. Sett on 24.04.2021, his wife & co-applicant Smt. Bani Sett W/o. Sh. R.S. Sett resident of B-1/302, Yamuna Vihar, Delhi-110053 has applied for transfer of the Said Flat in her sole name in the records of the Builder. If anyone has any objection regarding the same he may contact Corporate Office, Supertech E-Square, Sector-96 Noida, UP-201301 within 7 days from today failing which said transfer shall be deemed lawful & effective and no future disputes/objections shall be entertained.
Gaurav Gambhir (Advocates)
Gambhir & Jurists 40/2, DDA, East Kidwai Nagar, ND-110023 #9013351003

सार्वजनिक सूचना
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि (1) श्री अमित त्यागी पुत्र श्री मांगे राम (2) श्री सज्जन कुमार पुत्र श्री अमन सिंह (3) श्री नितिन त्यागी पुत्र महिपाल त्यागी, ने गोविंद पुरी कॉलोनी गांव डासना परगना डासना, तहसील और जिला–गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित एक आवासीय मकान नंबर 84, खसरा नंबर 244, एरिया परिमाप 100 वर्ग गज, यानी 83.61 वर्ग मीटर, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 03.11.2022 पंजीकरण सं. 7614 के आधार पर मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री नीरज ने ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से संपर्क किया है, यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।
श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given on behalf of Ms. Manjeet Kaur W/o. Mr. Prem Singh who is owner of Residential Vacant Plot No.22, area admeasuring 62 Sq. Yds. (i.e., 51.83 Sq. Mtrs.), carved out of Khasra No.772, situated at Village Chhapraula, Paragna & Tehsil Dadri, District Gautam Budh Nagar (U.P.); vide Sale Deed dated 17.12.2021, which is registered as Doc. No.41761 in the office of Sub-Registrar, Dadri, Gautam Budh Nagar having purchased the same from Mr. Pramod Kumar; and intend to mortgage the aforesaid property against the financial assistance from Vastu Housing Finance Corporation Limited. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Lucem Legal LLP
Plot no.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049, Contact # 011-40046316

Public Notice This is to inform general public that Smt. Vandana Arora W/o Mr. Hemant Kumar is the owner of 1st floor without roof rights on property bearing no. 1/235, admeasuring 107 Sq. Yds, Situated at Tihar-I, Subhash Nagar, New Delhi vide Sale Deed dated 11.02.2011, Doc No. 3495. Above said owner has misplaced the Original Sale Deed dated 28.04.2008 executed by Mr. Vivek Sehgal in favour of Mrs. Jatinder Kaur in respect of built up ½ undivided share of 1st floor without roof rights on property bearing no. 1/235, admeasuring 107 Sq. Yds, Situated at Tihar-I, Subhash Nagar, New Delhi. (as doc no. 9683, vol no. 15953, pages 76-83, SRO-II). Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of PNB Housing Finance Ltd. having its office at 8th Floor, DCM Building, 16 Barakhamba Road, New Delhi -110001.Above said owners are availing loan on above said property from PNB Housing Finance Ltd. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फ्लैट सं 42-डी, ब्लाक-बी-12ए, सैक्टर-34, नौएडा (यू.पी.) के मूल आवंटी अरूण चक्रवर्ती पुत्र स्व.बी. वी.चक्रवर्ती निवासी फ्लैट सं 42-डी, ब्लाक-बी-12ए, सैक्टर-34, नोएडा ने उक्त फ्लैट को मनीष सिंघल पुत्र आर वी सिंघल निवासी एस जी-55, शास्त्री नगर, गाजियाबाद को मुख्तारनामा के आधार पर विक्रय किया था। जिसका मुख्तारनामाआम बही नं 4 जिल्द सं.143 पेज सं 137 से 144 क्रमांक नं.425 दिनांक 29.02.2000 को पंजीकृत है जबकि कोई इकरारनामा पंजीकृत नहीं है। उक्त फ्लैट का ट्रांसफर श्रीमती सुधा सिंघल पत्नी श्री आर वी सिंघल निवासी एस जी-55, शास्त्री नगर, गाजियाबाद के पक्ष में अंतरण के लिए आवेदन किया है। यदि इस संबंध में किसी को कोई भी आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति, समस्त साक्ष्य सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर नोएडा प्राधिकरण के उप महाप्रबन्धक हाउसिंग विभाग में दर्ज करा दें।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given on behalf of Mohd. Arshan Khan who is/are purchasing the Delhi Development Authority Janta Flat bearing No. 24-B, on Third Floor, with roof rights, in Pocket-II, situated at Madipur Paschim Puri, New Delhi-110063; from Ms. Parveen vide WILL dated 29.04.2013 which was executed by her mother Mrs. Salma Begum and who was owner of the aforesaid property vide Sale Deed dated 27.11.2012, which was registered vide Document No.6027, registered with the office of the Sub-Registrar-IIA, Punjabi Bagh, New Delhi, on 29.11.2012; and intend to mortgage the same against the financial assistance from Shubham Housing Development Finance Company Limited. That, original 1) Sale Deed dated 10.04.2012, registered vide Document No.2000, registered with the office of the Sub-Registrar-IIA, Punjabi Bagh, New Delhi, on 11.04.2012 & 2) Sale Deed dated 27.11.2012, registered vide Document No.6027, registered with the office of the Sub-Registrar-IIA, Punjabi Bagh, New Delhi, on 29.11.2012; are/is not available/misplaced. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 7 days at below address.
Lucem Legal LLP
Plot no.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049, Contact # 011-40046316

# रिपोर्ट कार्ड के साथ भाजपा उतरेगी कर्नाटक चुनाव में : जेपी नड्डा

● कांग्रेस भ्रष्टाचार की पर्याय

**तुमकुरू (कर्नाटक)।** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में रिपोर्ट कार्ड (कामकाज का लेखाजोखा) की राजनीति की शुरुआत की है और उनकी पार्टी अपने कामकाज व प्रदर्शन की बदौलत आगामी कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में जनता के समक्ष जाएगी। भाजपा के तुमकुरू और मधुगिरी विधानसभा क्षेत्रों के शक्ति केंद्र प्रमुखों की एक बैठक को संबोधित करते हुए नड्डा ने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा और उसे भ्रष्टाचार, कमीशन और जातिवाद का पर्याय करार दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे भाजपा की समावेशी राजनीति का संदेश लेकर जनता के बीच और इस बात की कतई परवाह ना करें कि सामने वाला व्यक्ति किस जाति, धर्म और लिंग का है। नड्डा ने कहा, जब हम चुनावों में जाएंगे तो रिपोर्ट कार्ड लेकर जाएंगे। हमारा हर नेता गर्व के साथ कहेगा कि हमने जो वादे किए हैं उन्हें पूरा किया है और हमने जो वादे नहीं भी किए थे, उन्हें भी पूरा किया है। कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाएं तो कहें कि ना ही पूर्व मुख्यमंत्री बी एस एद्दीयुरप्पा और ना ही वर्तमान मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कर्नाटक को आगे बढ़ाने में कोई कसर छोड़ी है। नड्डा ने कहा कि ऐसे कार्यकर्ताओं से मिलने तुमकुरू आए हैं जो जमीन पर कड़ी मेहनत करते हैं और पार्टी व सरकार के संदेश को जनता के बीच पहुंचाते हैं। मैंने कर्नाटक के सभी क्षेत्रों का दौरा करने का फैसला किया है। हम चुनाव की तैयारी कर रहे हैं इसलिए मैं सीधे कार्यकर्ताओं से संवाद करूंगा।



भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से समाज को एकजुट रखने और जातिवाद समाप्त करने के लिए टिफिन बैठकें आरंभ करने को कहा और दावा किया कि जब साथ बैठकर भोजन का आदान प्रदान होगा तो इससे एकजुटता और पार्टी की विचारधारा का संदेश जाएगा। इस सम्मेलन में भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष नलीन कुमार कटील, राष्ट्रीय महासचिव व कर्नाटक के प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्री जे सी मधुस्वामी, बी सी नागेश, ए ज्ञानेंद्र सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कर्नाटक में इसी साल अप्रैल-मई महीने में विधानसभा चुनाव हो सकता है। कांग्रेस पर वोटबैंक की राजनीति का आरोप लगाते हुए नड्डा ने कहा कि विपक्षी पार्टी जाति को जाति से, क्षेत्र को क्षेत्र से और भाई को भाई से लड़ाने का काम करती है। जब से नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं और सबका साथ, सबका विश्वास के मंत्र पर चले हैं तब से से जातिवादी और वंशवाद की राजनीति समाप्त हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीति की संस्कृति और चरित्र को ही बदल डाला है। देश की राजनीतिक संस्कृति ही बदल गई है। मुख्यमंत्री बोम्मई के बारे में पिल्ले वाले बयान देने के लिए कांग्रेस नेता सिद्धरमैया दपर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा, ऐसे बयान से मुझे बहुत दुख हुआ है। कर्नाटक की राजनीति के मानक को नीचे गिराने का काम किया है। नेता की पहचान उसके बयान से होती है।

## प्रतिज्ञा पत्र सरकार का नीति दस्तावेज होगा : राज्यपाल

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस द्वारा घोषित प्रतिज्ञा पत्र सरकार के लिए नीति दस्तावेज होगा और वह इसी के अनुरूप कार्य करेगी। अर्लेकर ने यह बात हिमाचल प्रदेश की 14वीं विधानसभा के पहले सत्र को संबोधित करते हुए कही। सरकार राज्य की क्षमताओं का एकीकृत विकास करने के लिए चरणबद्ध तरीके से सभी क्षेत्रों में नए कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करेगी ताकि रोजगार के अवसर बढ़ सकें। सरकार सुनिश्चित करेगी कि इन कार्यक्रमों के लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचें। राज्यपाल ने कहा कि सरकार चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रतिज्ञा पत्र में दी गई सभी गांरटी की रूपरेखा पर बजट पेश करने के दौरान चर्चा की जाएगी। अर्लेकर ने कहा कि शासन और प्रशासन को सुधारा जाएगा ताकि लोगों को भ्रष्टाचार से बचाया जा सके। प्रशासनिक मशीनरी को प्रभावी, पारदर्शी और जवादेह बनाने के लिए यथासंभव कोशिश की जाएगी।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज के ट्रेनी आफिसर से मिलती हुईं।

## हेमंत विश्व शर्मा ने गुवाहाटी में 1,776 करोड़ की परियोजनाएं शुरू की

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को राजधानी गुवाहाटी में एक नए राजभवन और गुवाहाटी पुलिस आयुक्त कार्यालय सहित सात बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं का निर्माण ।,776 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। हेमंत विश्व शर्मा ने असम के राज्यपाल जगदीश मुखी की मौजूदगी में खरघुली में एक नए राजभवन की आधारशिला रखने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के बाद ट्वीट किया, 18 महीने में 41.32 करोड़ रुपए से बनकर तैयार होगा नया राजभवन, जो देश के सबसे खूबसूरत राज्यपाल आवासों में शुमार होगा। उन्होंने गुवाहाटी के खानापारा में नए पुलिस आयुक्तालय के निर्माण की आधारशिला भी रखी।

उन्होंने कहा, नए पुलिस आयुक्तालय की इमारत में गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त के तहत काम करने वाले सभी विभागों और शाखाओं का कार्यालय होगा।

इस इमारत का निर्माण 95 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा, जो 24 महीनों में पूरा होगा। हेमंत विश्व शर्मा ने कहा कि सरकार गुवाहाटी पुलिस रिजर्व कैंपस के पुनर्विकास के लिए 544.44 करोड़ रुपए खर्च करेगी। उन्होंने कहा, इसमें पुलिसकर्मियों के लिए आवासीय क्वार्टर भी शामिल होंगे। मुझे यकीन है कि नया बुनियादी ढांचा पुलिस बल को अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक पूरा करने में मदद करेगा। सार्वजनिक सेवाओं को एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराकर शासन को अधिक नागरिक केंद्रित बनाने के प्रयासों के तहत, उन्होंने बेतकुची में 808 करोड़ रुपए के एकीकृत निदेशालय परिसर के निर्माण कार्य को भी शुरू किया। इसके अलावा हेमंत विश्व शर्मा ने कई अन्य परियोजनाओं की भी शुरुआत की।

## अल्पसंख्यक इलाकों की सुरक्षा के लिए रजौरी और पुंछ में सीआरपीएफ की 15 कंपनी तैनात

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती दो जिलों रजौरी एवं पुंछ के अल्पसंख्यक क्षेत्रों में सुरक्षा में इजाफे के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की पंद्रह कंपनियों को तैनात किया गया है। इनमें कुल 1500 जवान हैं। रजौरी के डांगरी गांव में रविवार शाम और सोमवार को हुए दोहरे आतंकी हमले के बाद यह तैनाती हुई है। इन हमलों में दो बच्चों सहित अल्पसंख्यक समुदाय के छह लोगों की मौत हो गई थी और 11 अन्य घायल हो गए थे। जिले में 14 घंटे के अंतराल पर हुई इन दोनों घटनाओं के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। डांगरी गांव में सीआरपीएफ की एक कंपनी को तैनात किया गया है। दोनों सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आतंकवाद प्रभावित और अल्पसंख्यक क्षेत्रों में 2,000 सैनिकों वाली 20 से अधिक कंपनियों को तैनात किया जाएगा। 15 कंपनियां सीमावर्ती जिलों में पहुंच गई हैं, शेष अगले कुछ दिनों में पहुंच जाएंगी।

## उत्तराखंड के जोशीमठ में परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए जाने के बीच प्रदर्शन जारी

**गोपेश्वर (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड के जोशीमठ शहर में कई मकानों में दरारें आने के बाद बृहस्पतिवार को परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए जाने के बीच लोगों का प्रदर्शन जारी रहा। शहर में लोगों की परेशानियों की ओर प्रशासन के बेपरवाही वाले रवैए और एनटीपीसी की परियोजना जिसकी वजह से समस्या पैदा हुई है के विरोध में बंद रहा। जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती ने बताया कि लोग प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करते हुए सड़कों पर उतर आए और उन्होंने चक्का जाम किया।


प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने बुझाने के लिए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) पहुंचे लेकिन लोगों ने उनसे कहा कि उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय लिए जाने तक वे इसे जारी रखेंगे। इन मांगों में रहवासियों का पुनर्वास,हेलांग और मारवाडी के बीच एनटीपीसी की सुरंग और बाइपास रोड का निर्माण बंद करना आदि हैं। कम से कम 30 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

राज्य के चमोली जिले में, बदरीनाथ तथा हेमकुंड 6,000 फुट की उंचाई पर स्थित है और भूकंप के अत्यधिक जोखिम वाले जोन-पांच में आता है। विभिन्न इलाकों में अब तक 561 मकानों में दरारें आ चुकी हैं, जिनमें रविग्राम में 153, गांधीनगर में 127, मनोहरबाग में 71, सिंहधार में 52, परसारी में 50, अपर बाजार में 29, सुनील में 27, मारवाड़ी में 28 और लोअर बाजार में 24 मकान शामिल हैं। अलग-अलग मकानों को अलग-अलग 29 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। जरूरत पड़ने पर और परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाएगा। जिन स्थानों पर परिवारों को स्थानांतरित किया गया है उनमें नगर पालिका भवन, एक प्राथमिक विद्यालय भवन, मिलन केंद्र और जोशीमठ गुरुद्वारा शामिल हैं। कुछ परिवार अपने संबंधियों के यहां चले गए हैं।

## सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में बिल्कुल भ्रष्टाचार नहीं : नितिन गडकरी

**बेंगलुरु।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके मंत्रालय में बिल्कुल भी भ्रष्टाचार नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की लागत में वृद्धि की गुंजाइश लगभग शून्य हो चुकी है और वह ठेकेदारों से नहीं मिलते। गडकरी ने कहा, लागत में वृद्धि की गुंजाइश लगभग शून्य हो चुकी है। हर साल हम पांच लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम करते हैं और अब तक मैंने 50 लाख करोड़ रुपए के काम किए हैं। मैं ठेकेदारों से नहीं मिलता। हमारे (सड़क परिवहन एवं राजमार्ग) मंत्रालय में बिल्कुल भ्रष्टाचार नहीं है। बेंगलुरू-मैसूर राजमार्ग कार्य का निरीक्षण करने के बाद यहां पत्रकारों से यह बात कही।

गडकरी के अनुसार उनके मंत्रालय ने तकनीकी व वित्तीय क्षमताओं में सुधार किया है ताकि परियोजना लागत



35 प्रतिशत से 38 प्रतिशत से कम हो। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम गुणवत्ता को लेकर सख्त हैं। अगर आपको काम की गुणवत्ता को लेकर संदेह है तो कृपया मुझे बताएं। इससे पहले उन्होंने कहा कि 17 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली नई ग्रीनफील्ड परियोजना बेंगलुरु-चेन्नई एक्सप्रेसवे मार्च 2024 तक पूरी हो जाएगी।

गडकरी ने बेंगलुरु के बाहरी इलाके में होसकोटे के पास वडगनहल्ली में परियोजना का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से कहा कि 285.3 किलोमीटर की इस चार लेन परियोजना से यात्रा समय की बचत होगी। मंत्री ने कहा कि इससे प्रमुख शहरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों से गुजरने में होने वाली देरी से बचने में भी मदद मिलेगी। गडकरी ने कहा, कर्नाटक में 71.7 किलोमीटर की इस भारतमाला परियोजना पर 5,069 करोड़ रुपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा, 231 किलोमीटर पर निर्माण कार्य पहले से ही चल रहा है। मार्च, 2024 तक हम इस परियोजना को पूरा करना चाहते हैं। गडकरी ने कहा, बेंगलुरु-मैसूरु राजमार्ग परियोजना फरवरी 2023 तक पूरी हो जाएगी। हम इसके उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने राजमार्गों का हवाई सर्वेक्षण भी किया। मंत्रालय बेंगलुरु सेटेलाइट रिंग रोड परियोजना पर भी काम कर रहा है जिस पर अनुमानित लागत 17,000 करोड़ रुपए आ सकती है।

## सीबीआई अदालत ने पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी खारिज की

**कोलकाता।** सीबीआई की एक अदालत ने स्कूल सेवा आयोग भर्ती घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी खारिज कर दी और उनकी न्यायिक हिरासत 19 जनवरी तक के लिए बढ़ा दी। सीबीआई की विशेष अदालत के न्यायाधीश ने सीबीआई से मामले की जांच में तेजी लाने को भी कहा। जमानत अर्जी का विरोध करते हुए सीबीआई की ओर से पेश वकील ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षक और गैर-शिक्षण पदों पर अपात्र लोगों की भर्ती के लिए हुए धन के लेन-देन की परतें खोलने के मद्देनजर जांच जारी है और पार्थ चटर्जी एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। चटर्जी के वकीलों ने दलील दी कि उनके मुवक्किल को गलत तरह से फंसाया गया है और नियुक्ति प्रक्रिया की निगरानी के लिए गठित पांच सदर्स्य समिति के रोजर्मा के कामकाज की जानकारी चटर्जी को नहीं थी।



धामानगर में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भाजपा रैली में कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए।

## जी-20 की अध्यक्षता के दौरान डिजिटल नवाचार को प्राथमिक्ता दी जाएगी: मांडविया

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री** मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के तहत स्वास्थ्य आपात स्थिति, तैयारियों एवं प्रतिक्रिया की निगरानी, दवा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना और डिजिटल स्वास्थ्य नवाचार एवं समाधान प्राथमिकता में शुमार रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को बड़े पैमाने पर प्रभावित करने वाली कोविड महामारी ने इस आवश्यकता पर प्रकाश डाला है कि इस तरह के संकट की रोकथाम और इससे निपटने के लिए सभी देशों को हाथ मिलाने की आवश्यकता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य आपात स्थिति, रोकथाम एवं तैयारी और एंटीबायोटिक प्रतिरोधक क्षमता एजेंडे में सबसे उपर है और भारत का लक्ष्य वैश्विक स्वास्थ्य संरचना के मद्देनजर विभिन्न मंचों पर संवाद को मजबूत करने में एक प्रमुख भूमिका निभाना होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षित, प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और किफायती चिकित्सा की उपलब्धता और पहुंच के लिए दवा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने पर भी विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

मांडविया ने कहा, भारत को विश्व की फार्मेसी कहा जाता है। भारत वैश्विक स्तर पर टीकों, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण को बढ़ावा देने पर बल देगा ताकि भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों से निपटने में सक्षम हो सके। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान भारत ने दुनियाभर के 150 से अधिक देशों को दवाएं और टीके निर्यात किए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य के लिए मौजूदा वैश्विक प्रयासों को एक संस्थागत ढांचे में तब्दील करने के उद्देश्य से भारत डिजिटल स्वास्थ्य नवाचार एवं समाधान पर भी ध्यान केंद्रित करेगा ताकि जरूरतमंद देशों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित हो और इस दौरान कम और मध्यम आय वाले देशों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## ओवैसी ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में लोगों के मकानों को नियमित करने की मांग की

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उत्तराखंड सरकार और केंद्र को राज्य के हल्द्वानी में लोगों के मकानों को नियमित करना चाहिए। दरअसल, उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी में रेलवे की दावे वाली 29 एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। अतिक्रमण हटाने के उच्च न्यायालय के आदेश पर उच्चतम न्यायालय की रोक पर ओवैसी ने कहा कि शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे पर मानवीय दृष्टिकोण अपनाया है। ओवैसी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने नियमित और अनियमित मकानों को अलग करने के लिए कहा है और राज्य सरकार को व्यावहारिक व्यवस्था करने और रेलवे का सम्मान करते हुए पुनर्वास सुनिश्चित करने का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक व्यवस्था केवल नियमितीकरण ही है। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने कहा, उत्तराखंड और केंद्र सरकार में सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने इस मुद्दे को क्यों नहीं सुलझाया? अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार और उत्तराखंड सरकार को हल्द्वानी में लोगों के मकानों को नियमित करना चाहिए और उन्हें राहत देनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में रेलवे की दावे वाली 29 एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाने के उत्तराखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी। न्यायालय ने इसे मानवीय मुद्दा बताते हुए कहा कि 50,000 लोगों को रातोंरात नहीं हटाया जा सकता। विवादित भूमि पर बसे लोग अतिक्रमण हटाने के आदेश के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका दावा है कि उनके पास भूमि का मालिकाना हक है।

## अगर भारत और चीन मिलकर काम करें तो दुनिया को फायदा होगा: दलाई लामा

**तिरुवनंतपुरम।** तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा ने कहा है कि अगर भारत और चीन के लोग अहिंसा और करुणा के मार्ग पर चलते हुए आतंरिक शांति के लिए काम करें तो पूरी दुनिया को इसका फायदा होगा। भारत ने पिछले कई सालों में कई क्षेत्रों में प्रगति की है, खासतौर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के संदर्भ में। बाहरी निरस्त्रीकरण आवश्यक है आतंरिक निरस्त्रीकरण भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। तिब्बत के 87 वर्षीय आध्यात्मिक गुरु ने मनोरमा ईयर बुक 2023 के लिए लिखे लेख में कहा, इस संदर्भ में मैं वास्तव में महसूस करता हूं कि अहिंसा और करुणा के खजाने में निहित शांतिपूर्ण समझ की अपनी महान परंपरा के कारण भारत अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने कहा, ऐसा ज्ञान किसी एक धर्म से परे है और इसमें समकालीन समाज में अधिक एकीकृत और नैतिक रूप से आधारित तरीके को प्रोत्साहित करने की क्षमता है। इसलिए मैं सभी को करुणा और अहिंसा के लिए प्रोत्साहित करता हूं।

वैश्विक शांति प्राप्त करने के लिए उन्होंने कहा कि लोगों को अपने मन को शांत करने की जरूरत है और यह भौतिक विकास एवं आनंद से अधिक महत्वपूर्ण है। दलाई लामा ने कहा कि मानव का स्वभाव करुणामई होना चाहिए। करुणा मानव स्वभाव का चमत्कार है। जैसे ही हम जन्म लेते हैं, मां हमारा ख्याल रखती है। इसलिए उम्र के शुरुआती चरण में ही हम समझ जाते हैं कि करुणा सभी खुशियों की जड़ है। महात्मा गांधी को अहिंसा की प्रतिमूर्ति के तौर पर बताते हुए दलाई लामा ने कहा कि वह उनके आदर्शों से बहुत प्रभावित हैं जिनका डॉ.मार्टिन लूथर किंग और नेल्सन मंडेला ने भी अनुकरण किया। मेरे लिए वह (महात्मा गांधी) आज भी आदर्श राजनीतिज्ञ हैं जिन्होंने अपने व्यक्तिगत विचारों से उपर परोपकार को रखा और सभी महान आध्यात्मिक परंपराओं का सम्मान किया।

स्वयं को भारत में सबसे लंबे समय तक रहने वाले मेहमानों से एक बताते हुए दलाई लामा ने कहा कि कम्युनिस्ट चीन के उनके देश पर हमले के बाद वह वहां से भागे और छह दशक से भी अधिक समय तक भारत में रहे थे। तिब्बती शरणार्थियों का स्वागत करने और उनके बच्चों को स्कूलों और तिब्बत के अध्ययन केंद्र के भिक्षुओं को अपनी शिक्षा जारी रखने का अवसर देने के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। दलाई लामा ने कहा कि तिब्बती हमेशा से भारतीय विचारों से प्रभावित रहे हैं। मानव होने के नाते वह मानवता के एकीकरण और विश्व की धार्मिक परंपराओं जिनका दर्शन भले अलग-अलग क्यों न हो, में सौहार्द्र को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव बंगाल में नहीं बिहार में किया गया: ममता

**सागर आइलैंड (प.बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव उनके राज्य में नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य बिहार में किया गया। उन्होंने कहा कि वह उन मीडिया घरानों के खिलाफ कानूनी कार्वाई करेंगी, जिन्होंने घटना के पश्चिम बंगाल में होने की झूठी खबर फैलाई। बनर्जी ने सागर आइलैंड में पत्रकारों से कहा, वंदे भारत पर पथराव पश्चिम बंगाल में नहीं बिहार में किया गया। हम उन मीडिया घरानों के खिलाफ कानूनी कार्वाई करेंगे जिन्होंने घटना के पश्चिम बंगाल में होने की झूठी खबरें फैलाईं और हमारे राज्य को बदनाम किया। उन्होंने कहा, वंदे भारत कुछ और नहीं बल्कि एक पुरानी ट्रेन है जिसे नए इंजन के साथ नया रूप दिया गया है।

बनर्जी, आठ जनवरी से शुरू होने वाले गंगासागर मेले की तैयारियों का मुआयना करने दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंची थीं। रेलवे अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उन्होंने ट्रेन पर पथराव करने वालों की पहचान कर ली है। इस बीच पूर्वी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) एकलव्य चक्रवर्ती ने पीटीआई-भाषा से कहा कि वीडियो फुटेज की जांच करने के बाद पता लगा कि सोमवार को वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटना मालदा जिले में हुई और मंगलवार को ऐसी ही घटना बिहार के किशनगंज जिले में हुई, दोषियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पहली घटना में दरवाजे पर लगे कांच में दरार पड़ने और दूसरी घटना में खिड़कियों को नुकसान पहुंचने की सूचना है। हालांकि, इन घटनाओं में किसी यात्री को चोट नहीं आई है। चक्रवर्ती ने बताया, फुटेज को देखने के बाद हमें पता लगा कि पहली घटना पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में हुई और दूसरी घटना बिहार के किशनगंज जिले में हुई।

## जम्मू-कश्मीर के हालात संभालने में भाजपा नाकाम हुई: पीडीपी प्रमुख

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा की सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात को काबू करने में नाकाम रही है और वह समुदायों को बांटने के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए स्थानीय लोगों को हथियारों से लैस कर रही है। मुफ्ती ने कहा, लोगों को हथियारों से लैस करने से डर, शक और नफरत का माहौल पैदा करने का भाजपा का एजेंडा ही पूरा होगा। यह एक समुदाय को दूसरे समुदाय के खिलाफ खड़ा कर देगा। वह अनंतनाग जिले में अपने पिता तथा जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद की कब्र पर फातिहा पढ़ने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि राजौरी हमले के मद्देनजर ग्राम रक्षा समितियों को हथियार और गोला-बारूद उपलब्ध कराने के कदम ने भाजपा के उन दावों की पोल खोल दी है कि अनुच्छेद 370 को रद्द करने के बाद जम्मू-कश्मीर में स्थिति सामान्य हो गई है।

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, अगर ऐसा होता तो क्यों जम्मू-कश्मीर में और सुरक्षा कर्मियों को लाया जाता? क्यों स्थानीय लोगों को हथियार दिए जाते? पीडीपी नेता ने कहा, इससे पता चलता है कि भाजपा हालात काबू करने में नाकाम हुई है। अब वे इन कदमों से लोगों को परेशान करना चाहते हैं और खून-खराबा बढ़ाना चाहते हैं। मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की समस्याओं को राजनीतिक समाधान की जरूरत है और ए सेना के जरिए हल नहीं की जा सकती हैं।

उन्होंने कहा, पृथ्वी पर कोई भी ताकत अपने ही लोगों के खिलाफ जंग नहीं जीत सकती। जम्मू-कश्मीर पहले से ही फौजी छावनी है, यहां फौज की कोई कमी नहीं है। सेना ने पिछले 30 साल में अपने कर्तव्यों का इतनी अच्छी तरह से निर्वहन किया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को बहाल किया गया और संसद, विधानसभा और पंचायतों के चुनाव हुए। लेकिन अब, यह सेना का काम नहीं है।

उन्होंने कहा, सभी सुरक्षा विशेषज्ञ और कई पूर्व सैन्य अधिकारी मानते हैं कि जम्मू-कश्मीर एक राजनीतिक मुद्दा है, जिसका कोई सैन्य समाधान नहीं हो सकता है। बातचीत की जरूरत को रेखांकित करते हुए मुफ्ती ने कहा कि चीन ने लद्दाख में आक्रामकता दिखाई है फिर भी उससे बातचीत की जा रही है। उन्होंने कहा, सैन्य समाधान नहीं हो सकता.... चीन ने हमारे 20 सैनिकों को शहीद कर दिया और (लद्दाख में) हमारी 2000 वर्ग किलोमीटर ज़मीन पर कब्जा कर लिया है, जिसके बाद भी उससे बातचीत की जा रही है।

# शनाका-मेंडिस ने हिसाब कराया बराबर

- श्रीलंका ने भारत को 16 रन से हराया
- टी-20 श्रृंखला 1-1 से बराबर कराई

**भाषा।** पुणे



मेंडिस 52 रन

**कप्तान** दासुन शनाका और कुसाल मेंडिस के तूफानी अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से श्रीलंका ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में गुरुवार को यहां भारत को 16 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला।-। से बराबर कर दी।श्रीलंका के 207 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत बेहद खराब रही। अक्षर पटेल (31 गेंद में 65 रन, छह छक्के, तीन चौके) के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी और सूर्यकुमार यादव (36 गेंद में 51 रन, तीन चौके, तीन छक्के) के साथ उनकी छठे विकेट की 91 रन की साझेदारी से मेजबान टीम ने जीत की उम्मीद जगाई लेकिन अंततः आठ विकेट पर 190 रन ही बना सकी। इन दोनों के अलावा शिवम मावी (15 गेंद में 26 रन) ही दोहरे अंक में पहुंच सके। श्रीलंका के लिए शनाका ने गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए अंतिम ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए। कासुन रजिता (22 रन पर दो विकेट) और दिलशान मदुशंका (45 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। श्रीलंका ने इससे पहले शनाका (22 गेंद में नाबाद 56, छह छक्के, दो चौके) और मेंडिस (31 गेंद में 52 रन, चार छक्के, तीन चौके) की ताबड़तोड़ पारियों से छह विकेट पर 206 रन बनाए।शनाका ने चमिका करूणारत्ने (नाबाद 11) के साथ चार ओवर में 68 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। मेंडिस ने इससे पहले पथुम नसिंका (33) के साथ पहले विकेट के लिए 8.2 ओवर में 80 रन की साझेदारी की। चरित असलंका ने भी 19 गेंद में चार छक्कों से 37 रन की तेजर्तार पारी खेली।भारत की ओर से उमरान मलिक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 48 रन देकर तीन विकेट चटकाए। अक्षर ने 24 रन देकर दो विकेट हासिल किए। शिवम मावी ने चार ओवर में 53 जबकि अर्शदीप सिंह ने दो ओवर में 37 रन लुटाए। भारतीय गेंदबाजी में अनुशासन की कमी थी जो इससे जाहिर होता है कि टीम ने सात नोबॉल और चार वाइड फेंकी।लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पांचवें ओवर में 34 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए।कासुन रजिता ने दूसरे ओवर की पहली ही गेंद पर इशान किशन (02) को बोल्ड किया और फिर अंतिम गेंद पर दूसरे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (05) को महेश तीक्षणा के हाथों कैच कराया। पदार्पण कर रहे राहुल त्रिपाठी ने अपने घरेलू मैदान पर पांच रन बनाने के बाद दिलशान मदुशंका की गेंद पर विकेटकीपर मेंडिस को कैच थमाया। भारतीय कप्तान हार्दिक पंड्या ने करूणारत्ने पर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर को कैच दे बैठे। उन्होंने 12 रन बनाए। भारतीय टीम पावर प्ले में चार विकेट पर 39 रन ही बना सकी। सूर्यकुमार ने करूणारत्ने पर चौके के साथ आठवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया लेकिन पहले टी20 के हीरो दीपक हुड्डा (09) ने वानिंदु हसरंगा की पहली ही गेंद पर धनंजय डिसिल्वा को कैच थमा दिया।

### स्कोरबोर्ड

**श्रीलंकाः निसंका** का त्रिपाठी बो अक्षर 33,मेंडिस पगबाधा बो चहल 52, राजपक्षे बो उमरान 02,असलंका का गिल बो उमरान 37, डिसिल्वा का हुड्डा बो अक्षर 03, शनाका नाबाद 56, हसरंगा बो उमरान 00, चमिका करूणारत्ने नाबाद 11,**अतिरिक्तः** 12 ,**कुलः** 20 ओवर में छह विकेट परः 206 रन, **विकेट पतनः** I-80, 2-83, 3-96, 4-110, 5-138, 6-138, **गेंदबाजीः** पंड्या 2-0-13-0,अर्शदीप 2-0-37-0,मावी 4-0-53-0,अक्षर 4-0-24-2, चहल 4-0-30-I, उमरान 4-0-48-3

**भारतः** इशान किशन बो रजिता 02,गिल का तीक्षणा बो रजिता 05,त्रिपाठी का मेंडिस बो मदुशंका 05,यादव का हसरंगा बो मदुशंका 51,पंड्या का मेंडिस बो करूणारत्ने 12,हुड्डा का धनंजय बो हसरंगा 09, पटेल का करूणारत्ने बो शनाका 65, मावी का तीक्षण बो शनाका 26,मलिक नाबाद 01,**अतिरिक्तः** 14,**कुलः** 20 ओवर में आठ विकेट परः 190 रन, **विकेट पतनः** I-12, 2-21, 3-21, 4-34, 5-57, 6-148, 7-189, 8-19 **गेंदबाजीः**मदुशंका 4-0-45-2,रजिता 4-0-22-2, करूणारत्ने 4-0-41-I, हसरंगा 3-0-41-I, तीक्षणा 4-0-33-0, शनाका I-0-4-2

## श्रीधर ओलंपिक पूर्व सत्र में लक्ष्य सेन की मदद करेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**ओलंपियन** अनूप श्रीधर मंगलवार से मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के साथ शुरू हो रहे व्यस्त सत्र में राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन को 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के प्रयास में मदद करेंगे। बीजिंग ओलंपिक (2008) में भाग लेने वाले और 2007 थॉमस कप टीम की कप्तानी करने वाले 39 वर्षीय श्रीधर इस महीने एशियाई टूर्नामेंट में सेन के साथ यात्रा करेंगे। सेन ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैं पिछले तीन सप्ताह से उनके (अनूप श्रीधर) साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं। वह और मेरे पिता (डीके सेन) मलेशिया से शुरू होने वाली तीनों एशियाई स्पर्धाओं के लिए मेरे साथ यात्रा करेंगे। यह अभी प्रारंभिक चरण में है, हम कोर्ट पर एक-दूसरे को समझ रहे हैं। कुल मिलाकर, वह सत्र की योजना और रणनीति बनाने में बहुत मदद करेंगे। वह बेहद अनुभवी हैं और उन्हें शीर्ष स्तर पर खेलने का अनुभव है। इसलिए प्रकाश (पादुकोण) सर और विमल सर ने उन्हें टीम में शामिल करने का फैसला किया। इस सत्र में बहुत सारे टूर्नामेंट हैं। यह ओलंपिक से पहले का साल भी है। मलेशिया ओपन मेरा पहला टूर्नामेंट है। इसलिए वास्तव में इसके लिए उत्सुक हूं। श्रीधर ने 2006 के राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

# एशिया कप का आयोजन सितंबर में, कार्यक्रम और स्थल की घोषणा अभी नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**एशियाई** क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने गुरुवार को कहा कि 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाने वाला एशिया कप इस साल सितंबर में होगा, हालांकि इसके कार्यक्रम और मेजबान देश की घोषणा अभी नहीं की गई है। पाकिस्तान इस साल एशिया कप का मूल मेजबान है लेकिन बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण वहां खेलने का इच्छुक नहीं है। तत्कालीन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा ने बीसीसीआई के रुख का विरोध किया था और यहां तक कि भारत में 50 ओवर के विश्व कप के बहिष्कार की धमकी भी दी थी। पीसीबी में हालांकि सत्ता परिवर्तन के बाद रमीज की जगह नजम सेठी के आने से इसमें कुछ सकारात्मक विकास हो सकता है। एशिया कप 2023 में छह टीमें होंगी जिसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और एक क्वालीफायर टीम को मौका मिलेगा। श्रीलंका एशिया कप का मौजूदा चैम्पियन है। उसने यूएई में पिछले साल टी20 प्रारूप में खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल में पाकिस्तान को हराया था। भारत इस साल के अंत में एकदिवसीय विश्व कप की मेजबानी करेगा और इसी को ध्यान में रखते हुए एशिया कप को उसी प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। बीसीसीआई सचिव और एसीसी अध्यक्ष जय शाह ने अगले दो साल के लिए कैलेंडर जारी करते हुए कहा, यह कार्यक्रम इस खेल को नई उंचाइयों पर ले जाने के लिए हमारे अद्वितीय प्रयासों और जुनून को दर्शाता है। यह क्रिकेट के लिए अच्छा समय है। एसीसी द्वारा घोषित दो साल के चक्र (2023-2024 के बीच) के दौरान कुल 145 एकदिवसीय और टी20ई मैच खेले जाएंगे। इसमें 2023 में 75 और 2024 में 70 मैच होंगे। इसके अलावा कैलेंडर में एमर्जिंग (अंडर-23) एशिया कप की भी वापसी हुई है। इस साल जुलाई में पुरुषों के आठ टीमों के टूर्नामेंट को 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा।

## जोकोविच के सामने एडीलेड क्वार्टर फाइनल में शापोवालोव की चुनौती

**एडीलेड।** शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए है, जहां उनका सामना डेनिस शापोवालोव से होगा। जोकोविच ने गुरुवार को क्वेंटिन हैलिस को 7-6, 7-6 से हराया। कनाडा के शापोवालोव ने रोमन सफीउलिन को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। जोकोविच और अन्य शीर्ष खिलाड़ी 16 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तैयारी के लिए इस स्पर्धा मे खेल रहे है। इस 21 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को पिछले साल कोविड-19 के लिए टीकाकरण नही कराने के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था।

## वीनस विलियम्स को झू लीन ने हराया

**ऑक्लैंड।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स को एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट मे बारिश के कारण सात घंटे तक चले मुकाबले में झू लिन के खिलाफ गुरुवार को हार का सामना करना पड़ा। वीनस दूसरे दौर के इस मैच मे तीसरे सेट मे 5-3 की बढ़त बरकरार नही रख सकी और 6-3, 2-6, 5-7 से मुकाबला गंवा बैठी। दोपहर मे आउटडोर कोर्ट पर शुरू हुआ यह मुकाबला शाम के सात बजे इंडोर कोर्ट पर खत्म हुआ। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन 42 बरस की वीनस ने डब्ल्यूटीए टूर पर अपने 30वें साल का आगाज सोमवार को कैटी वोलिनेट्स पर जीत से किया था। यह दो साल मे उनकी पहली जीत थी। अन्य मुकाबलो मे शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ 2020 ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन हमवतन सोफिया केनिन पर 6-4, 6-4 से जीत के बाद क्वार्टर फाइनल मे झू का सामना करेंगी।

## अध्यक्ष जेटली के पत्र के बाद डीडीसीए ने चयन पैनल को बर्खास्त किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने गुरुवार को पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता गगन खोड़ा, मयंक सिधाना और अनिल भारद्वाज की सीनियर चयन समिति को बर्खास्त कर दिया। दिल्ली को रणजी ट्रॉफी मे गुरुवार को ही सौराष्ट्र के खिलाफ पारी और 214 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली की सीनियर टीम के दो हार के बाद चार मैच मे सिर्फ दो अंक है। राजकोट में पहले दिन नम विकेट पर दिल्ली ने पहले घंटे मे ही 10 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे और स्थिति और खराब हो सकती थी। अंडर-25 टीम के चयन को लेकर खोड़ा के साथ अनबन के बाद सिधाना के बैठक छोड़कर बीच से बाहर निकलने की पीटीआई की खबर के एक दिन बाद स्पष्ट रूप से नाराज अध्यक्ष रोहन जेटली ने शीर्ष परिषद के सभी सदस्यो को एक तीखा ईमेल भेजा जिसमे डीडीसीए की पुरुषो की चयन समितियो के अपने काम के निर्वहन के तरीके पर अपनी अस्वीकृति दर्ज कराई।

## इशिता, सुधांशु, प्रियांशु व उमेश ने जीते स्वर्ण पदक

**लखनऊ।** नवीन पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में मोहनलालगंज के मिनी स्टेडियम में आयोजित लखनऊ अंतर विद्यालय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का समापन बुधवार को हुआ। नीरज शर्मा काव्य एकेडमी के द्वारा आयोजित दो दिवसीय इस चैंपियनशिप में इशिता शर्मा, सुधांशु वर्मा, प्रियांशु व उमेश राय ने स्वर्ण पदक जीते। अर्नव, भव्य, अंकित व लतिका को रजत पदक मिला। हरिओम व फरीया को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# थापा राष्ट्रीय मुक्केबाजी के फाइनल में

- राष्ट्रीय मुक्केबाजी

**भाषा।** हिसार



**छह बार के** एशियाई पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) ने गुरुवार को यहां 2019 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मनीष कौशिक को 5-0 से हराकर राष्ट्रीय पुरुष मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। थापा का फाइनल में उनका सामना 2019 विश्व युवा चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अंकित नरवाल से होगा। एसएससीबी का प्रतिनिधित्व कर रहे 2021 एशियाई चैंपियन संजीत (92 किग्रा) ने हिमाचल प्रदेश के आशीष भांडोर के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जब दूसरे दौर में रेफरी के मुकाबला रोकने पर उन्होंने फाइनल में अपनी जगह पक्की की। संजीत के एसएससीबी टीम के साथी एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सुमित (75 किग्रा) और नरेंद्र (92 किग्रा) ने अपने सेमीफाइनल मुकाबलों में 5-0 से जीत दर्ज की। सुमित ने पंजाब के टिंडरपाल सिंह को जबकि नरेंद्र ने पंजाब के जयपाल सिंह को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हिमाचल प्रदेश के अभिनाश जामवाल ने 67 किग्रा के सेमीफाइनल में राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता आरएसपीबी के रोहित टोकस को हराया। फाइनल में उनका सामना एसएससीबी के आकाश से होगा। दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता एसएससीबी के मोहम्मद हुसामुद्दीन ने हिमाचल प्रदेश के आशीष कुमार के खिलाफ सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। वह 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में आरएसपीबी के सचिन से भिड़ेंगे। गोविंद साहनी (48 किग्रा) और वरिंदर सिंह (60 किग्रा) की आरएसपीबी की जोड़ी ने क्रमशः दिल्ली के नीरज स्वामी और उत्तर

## सैमसन बाहर जितेश टीम में शामिल


**भाषा।** पुणे

**संजू सैमसन** को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम की सलाह पर श्रीलंका के खिलाफ टी20 श्रृंखला से बाहर किया गया और उनकी जगह विदर्भ के विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा को टीम में शामिल किया गया। सैमसन मंगलवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान सीमा रेखा के पास गेंद रोकने की कोशिश में चोटिल हो गए थे। उनके बाएं घुटने में चोट लगी थी। बोर्ड से बुधवार रात को जारी बयान के मुताबिक, बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने सैमसन का मुंबई में स्कैन कराया और विशेषज्ञों राय ली। उन्हें आराम और रिहैबिलिटेशन की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने संजू सैमसन की जगह जितेश शर्मा को टीम में शामिल किया है।

# किशन 10 स्थानों के सुधार के साथ 23वें पर

## हुड्डा शीर्ष 100 में पहुंचे

**भाषा।** दुबई



**भारत के** सलामी बल्लेबाज इशान किशन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी की गुरुवार को जारी नवीनतम टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 10 पायदान की छलांग के साथ 23वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दीपक हुड्डा फिर से शीर्ष 100 में शामिल हुए। दोनों बल्लेबाज मंगलवार को मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद तालिका में ऊपर की ओर बढ़े। भारत ने इस मैच को दो रन से जीता था। हुड्डा 23 गेंदों में नाबाद 41 रन बनाकर 40 पायदान ऊपर 97वें स्थान पर पहुंचे, जबकि किशन को शीर्ष क्रम में 37 रन की तेजर्तार पारी का इनाम मिला। मुंबई में बल्ले से विफल रहने के बाद भी सूर्यकुमार यादव ने इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान बनाए रखा। गेंदबाजों में भारत के नए टी-20 कप्तान हार्दिक पांड्या नौ स्थान के सुधार के साथ 76वें पायदान पर पहुंच गए। इस मैच में श्रीलंका के लिए शानदार गेंदबाजी करने वाले वानिंदु हसरंगा (22 रन पर एक विकेट) ने शीर्ष पायदान पर अपनी स्थिति और मजबूत की। पच्चीस साल के इस हरफनमौला ने बल्ले से भी 21 रन की तेजर्तार पारी खेली, जिससे ऑलराउंडर खिलाड़ियों की सूची में वह पांचवें पायदान पर आ गए। बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट (26 दिसंबर से खेला जाने वाला) में असफल होने के बावजूद मार्नस लाबुशेन शीर्ष पर बने हुए हैं। रैंकिंग सूची में हालांकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी, टीम के साथी स्टीव स्मिथ, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन अपने रेटिंग अंक बढ़ाने में सफल रहे। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में दोहरी शतकीय पारी खेलने वाले विलियमसन दो स्थान के सुधार के साथ रैंकिंग में पांचवें पायदान पर पहुंच गए। गेंदबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन शीर्ष दो पायदान पर बने हुए है।

## यह चिंताजनक है कि भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी करीबी मुकाबले नहीं जीत रहे : आनंद अमृतराज

**भाषा।** पुणे

**भारत के पूर्व** डेविस कप कप्तान आनंद अमृतराज इस बात से निराश हैं कि देश के सर्वश्रेष्ठ एकल खिलाड़ी एटीपी विश्व टूर पर करीबी मैच नहीं जीत पा रहे जबकि उनके पास अच्छा खेल है जो चिंताजनक है। अमृतराज ने कहा कि विश्व टूर स्तर पर जमीनी स्ट्रोक से अधिक दबाव सोखने की क्षमता और अहम लम्हों पर सही फैसला करने की क्षमता मुकाबलों के परिणाम तय करती है और भारतीय खिलाड़ियों को इस पर काम करने की जरूरत है। देश के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी शशिकुमार मुकुंद, रामकुमार रामनाथन और सुमित नागल ने टाटा ओपन महाराष्ट्र में बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को कड़ी चुनौती दी लेकिन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। ए सभी मैच को ऐसी स्थिति तक ले गए जहां से कोई भी खिलाड़ी जीत सकता था लेकिन जरूरत पड़ने पर अंक नहीं जीत सके। भारत की डेविस कप टीम की 2013 और 2018 के बीच कप्तानी करने वाले अमृतराज ने पीटीआई से कहा, मैं सुमित नागल से बहुत प्रभावित था, मुझे लगा कि उसने बहुत अच्छा खेल दिखाया।

# देश के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम का उद्घाटन

**भाषा।** राउरकेला



**ओडिशा के** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को यहां देश के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का उद्घाटन किया। खचाखच भरे स्टेडियम के बीच में खड़े होकर पटनायक ने 13 जनवरी से शुरू होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 से पहले स्टेडियम के उद्घाटन की घोषणा की। भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम के बाद राउरकेला विश्व कप का दूसरा आयोजन स्थल है। पटनायक ने कहा कि स्टेडियम पूरे देश के लिए ओडिशा का उपहार है। राउरकेला विश्व कप के 44 में से 20 मैचों की मेजबानी करेगा जबकि फाइनल सहित शेष 24 मैच कलिंग स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत का पहला मैच स्पेन के खिलाफ 13 जनवरी को यहां बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेला जाना है। दो दिन बाद भारत का सामना उसी मैदान पर इंग्लैंड से होगा। प्रख्यात आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के नाम पर स्थित स्टेडियम को 146 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है।

### जीतने पर हर भारतीय खिलाड़ी को मिलेगा एक करोड़ : पटनायक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप जीतने पर भारतीय टीम के हर खिलाड़ी एक करोड़ रुपए का पुरस्कार देने की गुरुवार को घोषणा की।

## जीत के लिए 319 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने दो विकेट गंवाए




**कराची।** पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट के चौथे दिन की समाप्ति पर न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के लिए 319 रन का पीछा करते हुए बिना कोई रन बनाए दो विकेट गंवा दिए। पाकिस्तान में 20 साल के बाद टेस्ट मैच खेल रही न्यूजीलैंड की टीम ने श्रृंखला को जीतने की कोशिश के तहत अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 277 रन पर घोषित कर दी। टीम ने इसके बाद 2.5 ओवर के खेल में सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक और रात्रिप्रहरी मीर हमजा को आउट कर मैच पर अपना दबदबा बनाया। स्टंप्स के समय पाकिस्तान का स्कोर बिना किसी रन के दो विकेट था। उसे इस मैच को जीतने के लिए घरेलू सरजमी पर सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करना होगा। टीम ने इससे पहले इसी मैदान पर 1994 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 314 रनो के लक्ष्य को नौ विकेट गंवा कर हासिल किया था। चौथे दिन के खेल के दौरान अंपायरों के कई बार गलत फैसले दिए, जिसमे से ज्यादातर को रिव्यू की मदद से पलट दिया गया। कप्तान टिम साउदी ने पाकिस्तान की दूसरी पारी की दूसरी गेंद पर ही शफीक जबकि तीसरे ओवर मे गेंदबाजी के लिए आए सोढ़ी ने हमजा को बोल्ड किया। टॉम ब्लंडेल (74) और माइकल ब्रेसवेल (नाबाद 74) ने पांचवें विकेट के लिए 127 रनो की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को मजबूती दी। ब्लंडेल तेजी से रन बनाने के चक्कर में अगा सलमान (42 रन पर एक विकेट) पर आउट हुए।

### ख्वाजा व स्मिथ की शतकीय पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने बनाया दबदबा

**सिडनी।** उस्मान ख्वाजा और पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ की शतकीय पारियो के अलावा तीसरे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट के बारिश से प्रभावित दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 475 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। ख्वाजा 368 गेंद मे 19 चौके और एक छक्का लगाकर 195 रन पर नाबाद है। टेस्ट मे यह उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी है। स्मिथ ने 192 गेंद की पारी मे 11 चौके और दो छक्के लगाए। यह उनके टेस्ट करियर का 30वां शतक है और वह इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के लिए चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इन दोनो के अलावा मार्नस लाबुशेन (79) और ट्रेविस हेड (70) ने भी अर्धशतक लगाएं, जिससे श्रृंखला मे 2-0 की बढ़त लेने वाली टीम का दबदबा इस मैच में भी कायम है। बारिश और खराब रोशनी के कारण मैच को कई बार रोकना पड़ा। ख्वाजा ने लंच से पहले अपना शतक पूरा किया।

## बालाजी-जीवन की जोड़ी ने किया उलटफेर , सेमीफाइनल में



**पुणे। एन श्रीराम** बालाजी और जीवन नेदुनचेझियान की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को यहां टाटा ओपन महाराष्ट्र के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल मे जैकसन विथ्रो और नथानिएल लैमन्स की दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ी को 7-6 (6) 7-6(5) से हराकर उलटफेर किया। बालाजी और जीवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर 49वें नंबर के खिलाड़ी विथ्रो और दुनिया के नंबर 46वें नंबर के खिलाड़ी लैमन्स की जोड़ी को हराया। बालाजी और जीवन ने 2022 में लगातार छह चैलेंजर स्पर्धाओं के सेमीफाइनल मे जगह बनाई थी। आज रात भारत के रामकुमार रामनाथन युगल क्वार्टर फाइनल मे मिगुएल एंजेल रेएस-वरेला के साथ खेलेंगे। इस जोड़ी को राजीव राम और जो सैलिसबरी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी का सामना करना है। इस बीच 2014 के अमेरिका ओपन चैंपियन मारिन सिलिच ने घुटने की चोट के कारण एकल स्पर्धा से नाम वापस ले लिया।

# सौराष्ट्र ने दिल्ली को पारी से हराया, बोनस अंक हासिल किया



युवराज सिंह दोदिया के 5 विकेट

**भाषा।** राजकोट

- रणजी राउंडअप

**सौराष्ट्र ने रणजी** ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में गुरुवार को यहां दिल्ली को तीन दिन के भीतर पारी और 214 रन से हराकर बोनस अंक हासिल किया। सौराष्ट्र ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 574 रन पर घोषित की और दिल्ली पर 441 रन की बढ़त बनाई। पहली पारी में 133 रन पर सिमटने वाली दिल्ली की टीम दूसरी पारी में भी अधिक बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाई। यश ढुल की अगुआई वाली टीम रितिक शौकीन (51) और आयुष बडोनी (40) की पारियों के बावजूद दूसरी पारी में 227 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में सौराष्ट्र के गेंदबाजी हीरो ऑफ स्पिनर युवराज सिंह दोदिया रहे जिन्होंने अपने दूसरे ही प्रथम श्रेणी मैच में पारी में पांच विकेट चटकाए। दिल्ली पर अब निचले ग्रुप में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। टीम चार मैच में सिर्फ दो अंक ही जुटा सकी है जबकि तीन दौर के मुकाबले बाकी हैं। दिल्ली की पहली पारी में 39 रन देकर आठ विकेट चटकाकर करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कप्तान जयदेव उनादकट ने बल्ले से भी कमाल करते हुए 68 गेंद में 70 रन की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई ने 107 जबकि अर्पित वसावदा ने नाबाद 152 रन बनाए। प्रेरक मांकड़ (64), समर्थ व्यास (54) और चिराग जानी (75) ने भी अर्धशतक जड़े। विजयनगर में आंध्र ने हैदराबाद को 401 रन का लक्ष्य देने के बाद विरोधी टीम का स्कोर दो विकेट पर 75 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा। हैदराबाद को अंतिम दिन 326 रन की दरकार है जबकि उसके आठ विकेट शेष हैं। आंध्र ने पहली पारी में 60 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में रिकी भुई (116) और करण शिंदे (नाबाद 105) के शतक से 462 रन बनाए। अंबी में असम ने महाराष्ट्र के खिलाफ पहली पारी में 319 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 65 रन बनाए। महाराष्ट्र ने पहली पारी नौ विकेट पर 594 रन बनाकर घोषित की। केदार ने 283 जबकि सिद्धेश वीर ने 106 रन की पारी खेली।

### निक्कि की अर्धशतकीय पारी से कर्नाटक ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ बढ़त बनाई

**बेंगलुरु** एस जे निक्कि जोस की 67 रनो की पारी की बदौलत कर्नाटक गुरुवार को यहां छत्तीसगढ़ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन पहली पारी मे बढ़त हासिल करने मे सफल रहा। कर्नाटक ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 202 रन से की। लेकिन दूसरे दिन शतक लगाने वाले कप्तान मयंक अग्रवाल (117) अपने स्कोर में केवल 15 रन जोड़कर सुमित रुईकर का शिकार बने। इसके बाद छत्तीसगढ़ के गेंदबाजो ने शानदार वापसी की और लगातार अंतराल पर विकेट चटकाकर घरेलू टीम का स्कोर छह विकेट पर 287 रन कर दिया। बाईस साल के निक्कि ने कृष्णप्पा गौतम (18) के साथ मिलकर सातवे विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी कर कर्नाटक को छत्तीसगढ़ की पहली पारी के स्कोर 311 रन से आगे कर दिया। निक्कि ने इसके बाद 11वें क्रम के बल्लेबाज विद्वत कावेरप्पा के साथ 26 रन जोड़े। इसमें कावेरप्पा का योगदान एक भी रन का नही था। निक्कि ने 134 गेंदे की पारी मे आठ चौके और एक छक्का लगाकर कर्नाटक को 55 रन की बढ़त दिला दी। कर्नाटक की पहली पारी 366 रन पर सिमटी। छत्तीसगढ़ ने दूसरी पारी में 35 रन पर अपने दोनो सलामी बल्लेबाजो का विकेट गंवा दिया। स्टंप्स के समय आशुतोष सिंह (आठ) के साथ अमनदीप खरे (23) क्रीज पर मौजूद थे।

### मंत्री के शतक से मप्र ने विदर्भ का बड़ा लक्ष्य दिया, पंजाब और रेलवे जीते

**इंदौर।** विकेटकीपर बल्लेबाज हिमांशु मंत्री के 126 रन से मध्य प्रदेश ने दूसरी पारी पांच विकेट पर 257 रन पर घोषित करके रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के तीसरे दिन गुरुवार को यहां विदर्भ को 407 रन का लक्ष्य दिया। मंत्री ने 194 गेंद की अपनी पारी मे 16 चौके और दो छक्के मारे। इससे पहले मध्य प्रदेश के गेंदबाजों ने 13 रन और जोड़ने के बाद 160 रन तक विदर्भ की पहली पारी को समेटा। तेज गेंदबाज आवेश खान ने नचिकेत भुटे (12) और ललित यादव (04) को आउट करके पारी में सात विकेट हासिल किए।